वर्ष 72 अंक 168 पृष्ठ 12
रीवा, मंगलवार 18 मार्च 2025
चैत्र कृष्ण पक्ष 03, विक्रम संवत् 2081
नगर मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

यह धरती हरेक की जरूरत को पूरा कर सकती है, लेकिन किसी एक की भी लालच को नहीं।
–महात्मा गांधी

## संक्षिप्त खबरें

### मारुति ने तीसरी बार बढ़ाई कारों की कीमत

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अगर आप हाल के दिनों में गाड़ी खरीदने की प्लानिंग कर रहे हैं, तो मार्च खत्म होने से पहले मारुति की गाड़ियों को बुक कर लें। अप्रैल 2025 से मारुति सुजुकी की कारों की कीमत में इजाफा होने वाला है। दुनिया की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने तमाम गाड़ियों की कीमत में 4 फीसद इजाफा करने का ऐलान किया है। कंपनी के मुताबिक बढ़ती कच्चे माल की लागत और ऑपरेशनल खर्च की वजह से कंपनी गाड़ियों की कीमत में इजाफा करने जा रही है, इससे पहले कंपनी ने पिछले महीने भी अपनी गाड़ियों की कीमत में इजाफा किया था। हालांकि, कीमत में इजाफा सिर्फ मारुति सुजुकी ही नहीं, बल्कि महिंद्रा, स्कोडा, टाटा मोटर्स, किआ, जीप, सिट्रोएन, मर्सिडीज-बेंज, बीएमडब्ल्यू, एमजी मोटर और ऑडी जैसे कंपनियां भी कर रही हैं। सभी कंपनियां अपनी गाड़ियों की कीमत में 2 से 4 फीसद का इजाफा कर रही हैं। इसके पहले जनवरी में मारुति ने अपनी कई गाड़ियों की कीमत पर 1500 से 32, 500 रुपए का इजाफा किया है।

### शताब्दी एक्सप्रेस में खेली होली, 8 कर्मचारी अरेस्ट

**कानपुर।** कानपुर शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन के एसी चेयरकार में होली के दिन जमकर हुड़दंग हुआ। पैंट्रीकार स्टाफ और सफाई कर्मियों ने नई दिल्ली से कानपुर तक चलती ट्रेन में भोजपुरी गानों पर जमकर डांस किया। खूब अबीर-गुलाल उड़ाया। जब ट्रेन में होली खेलने का वीडियो वायरल हुआ, तब रेलवे कर्मचारियों पर एक्शन लिया गया। आरपीएफ ने पेंट्रीकार वेंडर और सफाई स्टाफ के खिलाफ रेल संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और सीटें खराब करने की धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस ने 8 लोगों को अरेस्ट किया है। डिप्टी सीटीएम ने टीएस सहित 2 को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। घटना 14 मार्च की है।

## विधानसभा में कैग रिपोर्ट पेश, 5 अहम योजनाओं में गड़बड़ी उजागर

# 14 निकायों के 34 फीसदी घरों में नल कनेक्शन नहीं

### विधानसभा में विपक्ष ने किया हंगामा

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा में सोमवार को नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) रिपोर्ट पेश की गई। इसमें कैग ने प्रदेश की 5 अहम सरकारी योजनाओं में गड़बड़ी उजागर करते हुए सवाल उठाए हैं। खास बात यह है कि प्रदेश के 14 नगरीय निकायों में करीब 34 फीसदी घरों में नल कनेक्शन नहीं पाए गए हैं। संबल में भी अपात्रों को योजना का लाभ दिया गया है।

विधानसभा में पेश कैग रिपोर्ट-2022 में संबल योजना, सरकारी जमीन आवंटन, प्राकृतिक आपदा राहत राशि, अंत्येष्ठि सहायता राशि और नल-जल योजना में बड़े स्तर पर गड़बड़ी सामने आयी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मुख्यमंत्री जन कल्याण (संबल) योजना में सरकार ने जून-2019 के बाद 67 लाख 48 हजार श्रमिकों को अपात्र घोषित किया, इनमें से 14.34 लाख असंगठित श्रमिकों को बिना कोई कारण बताए यानी भौतिक सत्यापन के आपत्र घोषित कर दिया गया। वहीं सरकार ने पात्रता की पुष्टि किए बिना आपत्रों का पंजीकरण भी कर दिया, जिससे सरकार को 1.14 करोड़ की हानि हुई। कैग ने रिपोर्ट में साफतौर पर उल्लेखित किया है कि विभाग को त्रुटिपूर्ण भौतिक सत्यापन के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करनी चाहिए। वहीं शेष प्रकरणों में भौतिक सत्यापन तुरंत पूर्ण रूप से करना चाहिए। इसके लिए श्रम विभाग को वैज्ञानिक प्रणाली तैयार करनी चाहिए।



### मनरेगा में मजदूरों को 529 दिन बाद मजदूरी

कैग ने अपनी रिपोर्ट में मनरेगा मजदूरों की मजदूरी भुगतान में देरी होने की बात भी कही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद के अनुपालन में लेखा परीक्षा ने पाया कि चयनित ग्राम पंचायतों ने मस्टर रोल बंद होने की तिथि से एक से लेकर 135 दिनों के बीच का समय लेकर मजदूरी सूची तैयार की। इसके अलावा जनपद पंचायत ने मजदूरी सूची तैयार करने की तिथि और एफटीओ के निर्माण की तिथि से क्रमशः एक से 168 दिनों के बीच और एक से 170 दिनों के बीच का समय लेकर एफटीओ तैयार किया। इस देरी की वजह से मजदूरों के बैंक खातों में 529 दिन के बाद मजदूरी भुगतान आया।

### अंत्येष्ठि सहायता राशि में भी गड़बड़ी

कैग ने रिपोर्ट में अंत्येष्ठि सहायता राशि में भी गड़बड़ी होने की बात कही है। रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि श्रम सेवा पोर्टल के डाटा के विश्लेषण पर यह बात सामने आई है कि 142 मामलों में जिन 52 खातों में 1 करोड़ 68 लाख की राशि जमा की गई है, वह खाते पंजीकृत श्रमिकों के ही नहीं है। इसी तरह विवाह सहायता के ऐसे 86 मामले सामने आए हैं, जिसमें 38.92 लाख रुपए की राशि बिना पंजीकृत 41 श्रमिकों के खातों में जमा कराई गई है। प्राकृतिक आपदा राहत को लेकर कैग की रिपोर्ट में कहा गया है कि 2018 से 2022 तक 13 जिलों में अपात्र लोगों, कर्मचारियों और उनके रिश्तेदारों को 23.81 करोड़ रुपए की राहत राशि दी गई।

### पेयजल की गुणवत्ता की जांच नहीं की

कैग रिपोर्ट में नल-जल योजना में गड़बड़ी की बात कही गई है, जिसमें कहा गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में नल-जल योजना के तहत लगाए गए नलों में पानी नहीं आने की शिकायतें मिली हैं। अगर शहरीय क्षेत्रों पर नजर डाली जाए तो 14 नगरीय निकायों के 34.07 प्रतिशत घरों में अभी तक नल कनेक्शन नहीं लगाए गए हैं। इतना ही नहीं न तो पीने वाले पानी के गुणवत्ता की नियमित जांच ही हो पा रही है और न ही उपभोक्ताओं के परिसर में पानी के मीटर लगाए गए हैं।

### भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया प्रदेश: कांग्रेस

कैग की रिपोर्ट को लेकर विधानसभा में कांग्रेस ने जमकर हंगामा किया। भाजपा ने कांग्रेस के आरोपों को राजनैतिक नाटक बताते हुए कहा कि सरकार जवाब देने के लिए तैयार है। विधायक सतीश सिकरवार ने कैग रिपोर्ट को लेकर कहा कि मध्यप्रदेश भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। कैग रिपोर्ट ने सरकार की पोल खोल दी है। ग्वालियर ग्रामीण से विधायक साहब सिंह गुर्जर ने कहा कि हम पहले से ही यह कहते आ रहे है कि नल जल योजना को लेकर भारी भ्रष्टाचार हुआ है। इसकी पुष्टि कैग रिपोर्ट में भी कर दी गई है। प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में नलों में पानी नहीं आ रहा है।


### नियमों के खिलाफ सरकारी जमीन आवंटन

रिपोर्ट में सरकारी जमीन आवंटन को लेकर भी सवाल खड़े किए गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार ने भोपाल में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन को नियमों के खिलाफ जमीन आवंटन कर दिया गया, जिससे सरकार को 65.5 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है।

## थोक महंगाई दर में बढ़ोतरी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** फरवरी महीने में थोक महंगाई बढ़कर 2.38 फीसदी पर आ गई है। इससे पहले जनवरी में महंगाई 2.31 फीसदी पर थी। फूड प्रोडक्ट्स की मैन्युफैक्चरिंग कॉस्ट बढ़ने से महंगाई बढ़ी है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को आंकड़े जारी किए। थोक महंगाई में मैन्युफैक्चर्ड प्रोडक्ट्स की हिस्सेदारी 63.75 फीसदी, प्राइमरी आर्टिकल जैसे फूड की हिस्सेदारी 22.62 फीसदी और फ्यूल एंड पावर की हिस्सेदारी 13.15 फीसदी है। यानी, मैन्युफैक्चर्ड प्रोडक्ट्स की महंगाई के ऊपर-नीचे होने का सबसे ज्यादा असर महंगाई दर पर होता है। रोजाना जरूरत के सामान, खाने-पीने की चीजें सस्ती हुईः रोजाना की जरूरत वाले सामानों की महंगाई 4.69 फीसदी से 2.81 फीसदी हो गई।

(पेज 9 भी देखें)









# केसरवानी वैश्य महासभा ने मनाया होली मिलन समारोह



**जागरण, रीवा।** केसरवानी वैश्य नगर सभा द्वारा शहर के मानस भवन में होली मिलन सहारोह आयोजित किया गया। वैश्य सभा अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, महिला सभा वंदना गुप्ता एवं तरुण सभा अक्षय गुप्ता की अध्यक्षता में कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। स्वागत उद्बोधन नगर सभा अध्यक्ष राजकुमार द्वारा दिया गया। महिला सभा अध्यक्ष वंदना गुप्ता एवं तरुण सभा अक्षय गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ से किया। इस दौरान वैश्य समाज द्वारा भाजपा के पूर्व महापौर एवं जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता का शॉल, श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। समाज की महिलाओं व बच्चों द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियां दी गईं। इस दौरान संजय गुप्ता, राम सुशील गुप्ता, अशोक गुप्ता, राहुल गुप्ता, अर्पित गुप्ता, अमित गुप्ता, रवि गुप्ता, विनोद गुप्ता, रीना गुप्ता, सरिता गुप्ता, वर्षा गुप्ता, रिंकी गुप्ता, शिवानी गुप्ता आदि ने कार्यक्रम सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शंकर लाल गुप्ता, शिव बारात आयोजन समिति अध्यक्ष मनीष गुप्ता, गीतांजलि पब्लिक स्कूल संचालक शिव प्रधान गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, रामस्वरूप गुप्ता, केके गुप्ता, पूर्व महापौर ममता गुप्ता, ज्योति गुप्ता, अंशू गुप्ता, राजमती गुप्ता, शुचिता गुप्ता, प्रीति गुप्ता, शशि गुप्ता, रजनी गुप्ता, डॉ. मीना पंसारी, उपासना गुप्ता, रानी गुप्ता, ज्योति गुप्ता, ऋचा गुप्ता, रागिनी गुप्ता, अंजली गुप्ता आदि उपस्थित रहे। संचालन सचिव नीलिमा गुप्ता एवं उपाध्यक्ष एकता गुप्ता द्वारा किया गया।

# बेलाला, सफाया, महगना, कमल, सरल, निर्मल को मिला ठहाका सम्मान

## ब्रह्मकुमारी कला-संस्कृति प्रभाग का आयोजन



**जागरण, रीवा।** प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के कला-संस्कृति प्रभाग के तत्वाधान में शांतिधाम के सभागार में विंध्य क्षेत्र के बघेली हास्य कवियों एवं अन्य विधाओं के प्रख्यात रचनाकारों को होली ठहाका-2025 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विंध्य क्षेत्र के बघेली रचनाकारों में चाकघाट के सुधाकांत मिश्रा बेलाला, त्यौंथर के रामसुख सफाया, लालगांव के आशीष तिवारी निर्मल, मनिकवार के रामलखन सिंह महगना, रायपुर कर्चुलियान के बृजेश सिंह सरल, रीवा के कमलकिशोर मिश्र कमल, डॉ. हीरेन्द्र गौतम, मैहर के हेमराज हंस, सतना के डॉ. हरिकांत अग्निहोत्री, अमित द्विवेदी, भृगुनाथ पाण्डये भ्रमर के साथ हास्य कवियित्रियों इंदिरा अग्निहोत्री एवं डॉ. अरुणा पाठक को विंध्य काव्य साहित्य परिषद कलम परिवार के संस्थापक नारायण डिगवानी दुष्यंत, अध्यक्ष नागेन्द्र मिश्र मणि, कार्यकारी अध्यक्ष ममता नरेन्द्र सिंह द्वारा चयनित कर भेजे गये प्रस्ताव के अनुसार सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी ने अपनी हास्य प्रस्तुतियों से सबको खूब हंसाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ सीबी शुक्ल रहे। कलम परिवार के उपाध्यक्ष हशमत रीवानी, डॉ. गीता शुक्ला गीत, सहसचिव अनुराधा पाण्डेय, मो. जावेद सौदागर, प्रचार सचिव रामकृष्ण द्विवेदी, वरिष्ठ शायर जाम रीवानी, एस.पी.एस. तिवारी आदि ने सम्मानित कवियों की उपलब्धियों पर हर्ष व्यक्त करते हुये बधाई प्रेषित कर स्वागत किया है।

# सरपंच के साथ ग्रामीणों ने जब जिला पंचायत घेरा तब पंचायत सचिव को किया निलंबित

## काफी समय से पत्र व्यवहार कर रहे थे सरपंच व ग्रामीण, मामला मऊगंज जनपद के डिघौल पंचायत का

जागरण, रीवा



सरपंच द्वारा काफी समय से सचिव द्वारा काम न करने की शिकायत की जाती रही। जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो सोमवार को दो दर्जन ग्रामीणों के साथ सरपंच ने जिला पंचायत कार्यालय का घेराव कर दिया। लिहाजा शाम तक पंचायत सचिव को निलंबित करना पड़ा। जिला पंचायत कार्यालय द्वारा पंचायत सचिव सुरेश गौतम को निलंबित कर जनपद मुख्यालय में अटैच कर दिया गया है। मामला मऊगंज जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत डिघौल का है। सचिव के खिलाफ यह कार्रवाई सरपंच की शिकायत पर प्रधानमंत्री आवास योजना में 2.40 लाख का अनाधिकृत रूप से आहरण किये जाने का जनपद पंचायत मऊगंज द्वारा दिए गए प्रतिवेदन के आधार पर की गई है। देखा यह जा रहा है कि पंचायतों का चुनाव होने व नया सरपंच आने के बाद सचिवों से मेलजोल न होने व उनके हटाने का प्रयास की प्रथा पुरानी है। अभी कई पंचायतें हैं जहां सरपंच सचिवों को बदलने के प्रयास में लगे रहते हैं। पंचायत सचिव भी नए सरपंचों को अपनी कठपुतली बनाकर काम करना चाहते हैं तो कुछ सरपंच पंचायत सचिवों को अपनी मनमर्जी से काम करना चाहते हैं। जब नियमों को तिलांजलि देकर काम होता है, तभी विवाद शुरू होता है। जिला पंचायत में धरने पर बैठे सरपंच व अन्य ने बताया कि पंचायत सचिव सुरेश गौतम नशे में रहते हैं और कोई काम नहीं करते। शिकायत में यह आरोप लगाया कि 2022 से अब तक सचिव द्वारा कोई कार्य नहीं किया जा रहा है। शिकायतकर्ताओं का यह भी कहना था कि पंचायत सचिव द्वारा अपात्रों को पीएमआवास का न केवल लाभ दिया अपितु रोजार सहायक की पदस्थापना न होने पर फोटो टैगिंग भी अपनी आईडी से की, इसलिए कार्रवाई की जाए। यह भी बताया कि सचिव को हटाने के लिए पिछले तीन सालों से दो सैकड़ा से अधिक पत्राचार किया लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। हालांकि शाम तक सचिव सुरेश गौतम को निलंबित कर दिया गया।

### दुधमुंहे बच्चे के साथ कई दिन बैठी पिपरा सरपंच

इसके पूर्व अपने दुधमुंहे बच्चे को लेकर नईगढ़ी जनपद पंचायत की पिपरा सरपंच अनीता कोल ने कई दिनों तक जिला पंचायत में धरना दिया लेकिन सचिव को हटाने की कार्यवाही नहीं हुई। यहां अजीब पहलू यह है सचिव भी पिपरा पंचायत से हटाने के लिए आवेदन दे चुका है। सवाल यह है कि सरपंच सचिव को हटाना चाहती है और सचिव पहले से आवेदन देकर वहां से हटना चाहता है, तो फिर क्यों नहीं हटाया जा रहा, समझ से परे है। हालांकि यहां केवल सरपंच सचिव को हटाना चाहती हैं, ग्रामीण सचिव को हटाने के विरोध में हैं। शायद यही कारण है कि प्रशासन सचिव को नहीं हटा रहा है।

# सड़क में बिल्डिंग मटेरियल रखना पड़ा महंगा, 10 हजार का लगा जुर्माना

**रीवा।** शहर में बढ़ रहे अतिक्रमण पर निगमायुक्त डॉ.सौरभ सोनवणे की नजर जहां भी पड़ जाती है उस अतिक्रमण को हटते देर नहीं लगती। सोमवार को सुबह निगमायुक्त द्वारा वार्ड 13 का भ्रमण किये जाने के दौरान सड़क पर गिट्टी-बालू पाये जाने पर तुरंत कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। नगर निगम के वार्ड क्र. 13 में रत्नेश गुप्ता द्वारा सड़क मार्ग में बिल्डिंग मटेरियल रखकर आवागवन बाधित किये जाने पर अतिक्रमण प्रभारी द्वारा निर्माण सामग्री हटवाते हुये आवागमन बहाल कराया। इसके साथ ही 10 हजार रु. की चालानी कार्यवाही की गई। इसके अलावा अतिक्रमणकर्ता को समझाइश दी गई कि पुनरावृत्ति किये जाने पर जब्ती की कार्रवाई के साथ-साथ वैधानिक कार्यवाही भी की जाएगी। ट्रांसपोर्ट नगर में मेन रोड से गुमटी द्वारा किये अतिक्रमण को हटाया गया। इसी प्रकार सिरमौर चौराहा से बोदाबाग रोड में रोड पटरी का अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। निगमायुक्त के निर्देश पर अतिक्रमण के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही चलती रहेगी। नगर निगम द्वारा की जा रही निरंतर कार्यवाही के कारण अब सड़कों पर लगने वाले जाम में कमी आई है। अतिक्रमण हटाना प्राथमिक उद्देश्य है ताकि शहर में आवागमन सुचारु रूप से हो सके और अनावश्यक ट्रैफिक जाम से मुक्ति मिल सके। उक्त कार्यवाही में अतिक्रमण प्रभारी शुभम तिवारी, रावेन्द्र शुक्ला, स्वच्छता निरीक्षक आकाश वर्मा एवं अतिक्रमण सहायक सुखेन्द्र चतुर्वेदी व अतिक्रमण दल मौजूद रहा।

# स्वच्छता के सभी मापदण्डों पर है निगमायुक्त की पैनी नजर

## स्वच्छ सर्वेक्षण की जमीनी हकीकत जानने निगमायुक्त ने किया शहर का निरीक्षण

### शहर को स्वच्छता रैंकिंग में बेहतर स्थान दिलाने का प्रयास



**जागरण, रीवा।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 का सामना करने के लिए चल रही तैयारियों के मामले में स्वच्छता के सभी मापदण्डों पर पैनी नजर रखी जा रही है। निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे शहर की स्वच्छता को लेकर विशेष रूप से सक्रिय हैं और स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत चल रहे कार्यों की नियमित निगरानी कर रहे हैं। निगमायुक्त लगातार वार्डों में खुद जाकर सफाई व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं और अन्य महत्वपूर्ण कार्यों पर भी फोकस कर रहे हैं। स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के दिशा-निर्देशों के अनुरूप शहर में स्वच्छता अभियान को प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। यह अभियान वार्डवार चलाने के साथ-साथ स्वच्छता के निर्धारित मापदण्डों के अनुसार सफाई व्यवस्था में जमीनी स्तर पर निरन्तर सुधार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। निगमायुक्त डॉ. सोनवणे द्वारा सोमवार को वार्ड 11 एवं 13 का भ्रमण कर सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वार्ड में चल रहे शेष कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए, ताकि शहर को स्वच्छता रैंकिंग में बेहतर स्थान मिल सके। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इंदिरा नगर में रोड पर किए गए गुमटी के अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही इंदिरा नगर की स्कीम नंबर 2 गली में किए अतिक्रमण को भी हटाने को कहा। वार्ड में सीएनडी (निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट) हटाने के निर्देश दिए। इस दौरान वार्ड 13 पार्षद नम्रता संजय सिंह बघेल, उपायुक्त एमएस सिद्दीकी, सहायक आयुक्त रामनरेश तिवारी, स्वास्थ्य अधिकारी बालगोविंद चतुर्वेदी एवं अन्य कर्मचारी व स्वच्छता टीम मौजूद रही।

### लापरवाह सफाई कर्मियों पर कार्यवाही के निर्देश

शहर का निरीक्षण करने के दौरान निगमायुक्त को वार्डो में तैनात सफाई कर्मचारियों की लापरवाही भी देखने को मिली। स्वच्छता को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए वार्ड निगमायुक्त ने 11 के वार्ड दरोगा की सफाई व्यवस्था में लापरवाही पाए जाने पर तीन दिवस के वेतन काटने के निर्देश दिए। इसी तरह, वार्ड 13 में प्रभावी तरीके से सफाई कार्यवाही नहीं करने पर वार्ड नोडल, स्वच्छता निरीक्षक एवं वार्ड दरोगा को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए। इसके अलावा, दिनेश पार्क के पीछे बड़ी मात्रा में सीएनडी पाए जाने पर चलानी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मारुति पार्क के समुचित रखरखाव (मेंटेनेंस) और न्यू बस स्टैंड रोड पर व्हाइट मार्किंग करने के भी निर्देश दिए गए।

# रीवा को बना दिया कैंसर का संभागीय डिपो, दो वर्ष में भी पूरी दवा नहीं मिल सकी

## शासन को पत्राचार के बाद भी मिली मात्र 38 तरह की दवाएं

**जागरण,रीवा।** जिला अस्पताल में बढ़ रही स्वास्थ्य सुविधाओं के चलते जिला अस्पताल को बड़ी उपलब्धि दो वर्ष पूर्व अप्रैल माह में ही शासन द्वारा दी गई थी। सतना से हटाकर रीवा को कैंसर रोग का संभागीय डिपो बना दिया गया लेकिन शासन स्तर से हो रही लापरवाही के चलते यह उपलब्धि फीकी पड़ रही है। वजह, दो वर्ष बीत जाने के बाद भी अब तक शासन स्तर से पर्याप्त दवाएं नहीं उपलब्ध हो सकीं। हालांकि अब दवाओं का वितरण रीवा से शुरू कर दिया गया है लेकिन पूरी दवाएं अब तक नहीं मिली हैं। बता दें कि बीते वर्षों में जिला अस्पताल में कैंसर रोगियों के लिए सुविधाएं बढ़ी हैं। इतना ही नहीं, जिला अस्पताल द्वारा कैंसर रोगियों को सुविधा प्रदान करने के लिए कई प्राइवेट एनजीओ, जो कैंसर मरीजों के लिए निःशुल्क सेवा देते हैं, उनसे एएमयू भी किया गया है, जिनका लाभ मरीजों को मिल रहा है। अब दवाओं के वितरण से मरीजों को ज्यादा सुविधा होगी, दवाओं के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

### 42 तरह की दवाएं मिलनी चाहिए

बता दें कि जिला अस्पताल में कैंसर के रोगियों के ठीक होने की संख्या बढ़ी है, आधा सैकड़ा से ज्यादा ब्लड कैंसर के मरीज स्वस्थ्य हुए हैं। बताया गया कि संभागीय डिपो में 42 तरह की दवाएं मिलनी चाहिए लेकिन 38 तरह की दवाएं शासन स्तर से दो वर्ष बीत जाने के बाद मिल सकी हैं, अभी भी 4 तरह की दवाएं नहीं दी गईं। जिला अस्पताल में कैंसर की जांच सुविधाओं सहित बाहरी राज्यों के महंगे अस्पताल में निःशुल्क जांच कराई जा रही है। इसके चलते जिला अस्पताल को संभागीय डिपो बनाया गया।

# सम्पत्तिकर नहीं जमा करने पर एक दुकान में ननि ने जड़ा ताला



**जागरण, रीवा।** वर्षों से संपत्तिकर जमा नहीं करने वाले बड़े बकायादारों के विरुद्ध नगर निगम के राजस्व अधिकारियों द्वारा ताबड़तोड़ तालाबंदी की कार्यवाही की जा रही है। शहर में जहां भी नगर निगम की टीम तालाबंदी करने जाती है, एक बकायादार के प्रतिष्ठान में तालाबंदी करते ही अन्य बकायादार मौके पर बकाया राशि जमा करने को तैयार हो जाते हैं। सोमवार को ऐसा ही हुआ जब निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देश पर बड़े बकायादार व्यापारियों पर कड़ा रुख अपनाते हुये तालाबंदी की कार्यवाही प्रारंभ की गई। राजस्व दल द्वारा वार्ड 18 में सन्तोष कुमार पिता मोहनलाल 18/284 प्रतिष्ठान का बाकी सम्पत्तिकर 118000 रु. नहीं जमा करने पर तालाबंदी कर दी गई। इसके अन्य बकाया करदाताओं द्वारा स्वयं ही मौके पर बकाया कर राशि जमा कराई गई। राजस्व अधिकारी नीलेश चतुर्वेदी ने बताया कि आयुक्त के निर्देशानुसार बकाया राशि पर किसी भी व्यापारी को राहत नहीं दी जाएगी। जो समय पर भुगतान नहीं करेगा, उन पर कड़ा रुख अपनाते हुये तालाबंदी की कार्यवाही निरंतर की जाएगी। नगर निगम द्वारा स्पष्ट किया गया कि निर्धारित समय पर करों की राशि जमा न करने वाले करदाताओं के विरुद्ध निरंतर बड़ी कार्यवाही की जाएगी। निगमायुक्त द्वारा सभी करदाताओं से अपील की गई है कि सभी प्रकार के बकाया कर निर्धारित समय में जमा कर अप्रिय कार्यवाही से बचें। उक्त कार्यवाही में सहायक राजस्व अधिकारी नीलेश चतुर्वेदी, राजस्व उप निरीक्षक सुधांशु विश्वकर्मा, सहायक राजस्व निरीक्षक अभिलाष प्रजापति, ज्ञानेन्द्र सिंह, अनुपम एवं राजस्व अमला मौजूद रहा।

# आगामी 20, 21 को जिले में हल्की वर्षा का अनुमान

## बादलों की आवाजाही होने से बदलेगा जिले का मौसम



**रीवा।** जिले में 20, 21 मार्च को हल्की वर्षा के आसार बन रहे हैं। उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम बदलने की स्थिति बन रही है। मौसम विभाग की माने तो अगले एक-दो दिन में जिले में बादलों की आवाजाही बढ़ सकती है। इस दरम्यान हल्की तेज हवाएं भी चलेंगी। फिर 20, 21 मार्च को तेज हवाओं के साथ हल्की बूंदाबांदी या वर्षा का अनुमान जताया गया है। इस कारण हल्की ठण्ड भी बढ़ सकती है। गौरतलब है कि पिछले 1 हफ्ते से ठण्ड कम होती जा रही है। जिले में केवल सुबह और रात के वक्त ठण्ड महसूस हो रही है। दोपहर के वक्त तेज धूप होने से गर्मी का अहसास होने लगा है। इस लिहाज से कहा जा सकता है कि जिले से अब ठण्ड का मौसम विदा लेने लगा है। हालांकि अभी बीते दो दिन से आसमान में बादलों की चहलकदमी बढ़ी। गत 17 मार्च को हल्की बूंदाबांदी भी जिले के कुछ हिस्सों में हुई। अब आगामी 20-21 मार्च को भी बूंदाबांदी से ठण्ड में मामूली वृद्धि हो सकती है। उसके बाद तीव्र गर्मी का प्रभाव जिले में बढ़ेगा। बहरहाल, सोमवार को पूरे दिन लोगों को हल्की गर्मी का अहसास होता रहा। जबकि शाम ढलने के बाद कुछ ठण्डक महसूस हुई। इस लिहाज से सोमवार को दिन और रात के तापमान में भी गिरावट आई। बताया गया कि सोमवार को दिन का तापमान 2.0 डिग्री सेल्सियस कम 32.0 डि.से. दर्ज किया गया। इसी तरह न्यूनतम तापमान भी गत दिवस की अपेक्षा 2.4 डि.से. की गिरावट के साथ 20.4 डि.से. पर कायम हुआ। मौसम बदलने से सप्ताह के आखिरी तक तापमान में कुछ उलटफेर हो सकता है।

### किसानों की बढ़ी चिंता

मौसम हुए बदलाव से किसानों को चिंता सताने लगी है। इन दिनों मसूर के साथ ही चना राई-सरसों व गेहूं की अधिकांश फसल पक चुकी है। चना राई की फसल खलिहान में आ चुकी है। यदि बारिश होती है तो किसानों का भारी नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। इस बात से किसान चिंतित हैं। बारिश अनाज के सड़ने और दाने काले पड़ने की संभावना बढ़ जायेगी।

# रमजान के दौरान रोजा रखने वाले हो रहे माइग्रेन का शिकार, बढ़ रहे मामले

## माइग्रेन की शिकायत लेकर डॉक्टर के पास पहुंच रहे रोजेदार

**रीवा।** रमजान का महीना चल रहा है। मुस्लिम समाज के लोग रोजा रख रहे हैं। इसमें वह बिना कुछ खाए पिए ही दिन भर रोजा रखते हैं। इस गर्मी के कारण रोजेदार माइग्रेन का शिकार हो रहे हैं। अस्पताल और डॉक्टरों के पास माइग्रेन की शिकायत लेकर पहुंचने वाले मरीजों की संख्या बढ़ गई है। छोटी छोटी सावधानियां रखकर हालांकि रोजदार इन समस्याओं से बच सकते हैं। सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के न्यूरोलॉजी विभाग में पदस्थ सहायक प्राध्यापक डॉ अभिताभ द्विवेदी ने बताया कि रमज़ान एक पवित्र महीना है जिसे दुनिया भर में लाखों मुसलमान मनाते हैं। इस दौरान, सुबह से शाम तक उपवास करना एक धार्मिक दायित्व है। हालाँकि, सुबह से शाम तक उपवास करना उन लोगों के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है जो माइग्रेन से पीड़ित हैं। भोजन की कमी, निर्जलीकरण, नींद के पैटर्न में व्यवधान और दैनिक दिनचर्या में अचानक बदलाव गंभीर सिरदर्द और माइग्रेन को ट्रिगर कर सकते हैं। इसी समस्या से कई लोग ग्रसित हो रहे हैं। कुछ बातों का ध्यान रखकर हालांकि रोजेदार इन समस्याओं से राहत पा सकते हैं।

### पर्याप्त नींद से मिलती है माइग्रेन से राहत

डॉ अमिताभ द्विवेदी ने बताया कि हर दिन एक ही समय पर सोने और जागने की कोशिश करें, यहाँ तक कि रोजा के दिनों में भी इसे अपनाए। इससे माइग्रेन से राहत मिलती है। कम से कम 7-8 घंटे की नींद लें,अच्छी तरह से आराम करने वाले शरीर को माइग्रेन होने का खतरा कम होता है। नींद की गुणवत्ता में सुधार के लिए सोने से दो घंटे पहले मोबाइल फ़ोन, लैपटॉप और टीवी से दूर रहें।

### रोजा के दौरान यह करें

- इफ्तार और सहरी के बीच खूब पानी पिएं।
- तरबूज, खीरा, संतरे और सूप जैसे पानी से भरपूर खाद्य पदार्थ खाएं।
- मीठे पेय, सोडा और अत्यधिक चाय/कॉफी से बचें।
- हाइड्रेटेड रहने के लिए इफ्तार के बाद हर घंटे पानी पीने का रिमाइंडर सेट करें।
- तनाव दूर करने के लिए पैदल चलना या योग जैसी हल्की शारीरिक गतिविधि करें।
- तनाव और चिंता को नियंत्रित करने के लिए गहरी साँस लेने के व्यायाम करें।
- तेज़ गंध, चमकदार रोशनी और तेज़ आवाज़ से बचें जो माइग्रेन को ट्रिगर कर सकती हैं।

### माइग्रेन के लिए बिना दवा के उपाय

- ठंडी या गर्म सिंकाई, मांसपेशियों को आराम देने के लिए अपने सिर या गर्दन पर आइस पैक या गर्म तौलिया लगाएँ।
- सुरक्षात्मक उपाय: तेज धूप से बचने के लिए धूप का चश्मा, छाता और टोपी का उपयोग करें।
- माइग्रेन को नियंत्रित करने के लिए वेगल नर्व स्टिमुलेशन जैसे माइग्रेन से राहत देने वाले उपकरणों का उपयोग करें।





मेट्रो हॉस्पिटल, रीवा

पता- नया बस स्टैण्ड के पास, श्रीचन्द्र हार्डवेयर के बगल से, शारदापुरम रोड, रीवा

आयुष्मान द्वारा निःशुल्क इलाज

फोन नं.: 07662-314775, मोबा.- 7771000668

आयुष्मान में निःशुल्क एवं कैशलेश ईलाज की सुविधा उपलब्ध

कीमोथेरेपी | शिशु रोग विभाग | पथरी का ऑपरेशन | हड्डी का ऑपरेशन | कैंसर का ऑपरेशन | प्लास्टिक सर्जरी | जनरल सर्जरी | आकस्मिक सुविधा | यूरो सर्जरी | जबड़े का फ्रैक्चर

नेशनल हॉस्पिटल, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.)

अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें- 18008890620, 8608600604 7566831551

लंग्स हेल्थ क्लीनिक

साँस लेने में तकलीफ (अस्थमा, टी.बी., पोस्टकोविड इन्फेक्शन, इत्यादि)

शहर का प्रथम रेस्पिरेटरी आई.सी.यू.
- बेहतर ऑक्सीजन और वेंटिलेटर केयर
- ब्रोंकोस्कोपी (दूरबीन द्वारा फेफड़े की जाँच)

डॉ. सौरभ पाण्डेय
एम.डी. (चेस्ट फिजीशियन एवं क्रिटिकल केयर एक्सपर्ट)

समय: प्रतिदिन 09 से 01 बजे तक एवं 04 से 08 बजे तक

पता: विंध्य हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर
पुराने बस स्टैण्ड के पास, जयस्तम्भ चौक, रीवा (म.प्र.)
संपर्क करें- 07662-406000, 9589899826

▸▸ वर्ष 72 ▸▸ अंक 167 ▸▸ पृष्ठ 12
रीवा, मंगलवार 18 मार्च 2025
▸▸ चैत्र कृष्ण पक्ष 03, विक्रम संवत् 2081
▸▸ नगर ▸▸ मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

> हम आतंकवादियों से लड़कर आतंकवाद पैदा नहीं करते। हम उन्हें अनदेखा कर आतंकवाद को आमंत्रित करते हैं।
> –जार्ज डब्ल्यू बुश

## तेलंगाना में ओबीसी को 42% आरक्षण

**अमरावती।** तेलंगाना में ओबीसी आरक्षण सीमा 23 फीसदी से 42 फीसदी हो गया है। सीएम रेवंत रेड्डी ने इसका ऐलान किया। इससे तेलंगाना की आरक्षण सीमा 62 फीसदी हो जाएगी। यह सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय की गई 50 फीसदी आरक्षण सीएम का उल्लंघन हो जाएगा। कांग्रेस ने 2023 विधानसभा चुनाव से पहले ओबीसी कोटा को 23 से बढ़ाकर 42 फीसदी करने का वादा किया था। तेलंगाना में पिछड़े वर्गों की आबादी 46.25 फीसदी है। अजा 17.43 फीसदी और अजजा 10.45 फीसदी हैं। तेलंगाना सीएम ने विस में कहा, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वादा किया था कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो ओबीसी आरक्षण को बढ़ाकर 42 प्रतिशत किया जाएगा।

## वक्फ संशोधन विधेयक ईद के बाद होगा पेश




**नई दिल्ली, जेएनएन।** वक्फ संशोधन बिल ईद के बाद मौजूदा बजट सत्र में पेश किया जा सकता है। ये सत्र 4 अप्रैल तक चलेगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक सरकार का कहना है कि ईद के बाद इस बिल को संसद में चर्चा के लिए लाया जाएगा। 21 मार्च को लोकसभा में गिलोटिन लाया जाएगा, जिससे बिना चर्चा के बचे हुए मंत्रालयों की अनुदान मांगों को पारित किया जा सके। इसके बाद वित्त विधेयक पारित कराया जाएगा। इधर, सोमवार को वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। इसमें एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी समेत सैकड़ों लोग शामिल हुए। ओवैसी ने कहा- हम इस बिल का विरोध करते हैं। बिल में प्रावधान है कि कल कोई यह कहता है कि यह मस्जिद नहीं है और कलेक्टर जांच बैठा देते हैं तो जांच पूरी होने तक मस्जिद हमारी संपत्ति नहीं होगी।

### एफडीआर घोटाले पर हुई कार्रवाई: 1 करोड़ 67 लाख के जेवर, म्युचुअल फंड भी सीज

# आरजीपीवी के पूर्व कुलपति और अफसरों की 10 करोड़ 77 लाख की संपत्ति कुर्क

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) में हुए 20 करोड़ के स्कॉलरशिप घोटाले में ईडी ने पूर्व कुलपति सुनील कुमार गुप्ता, पूर्व रजिस्ट्रार राकेश सिंह राजपूत, पूर्व वित्त नियंत्रक ऋषिकेश वर्मा, कुमार मयंक, रामकुमार रघुवंशी, तत्कालीन बैंक अधिकारी और आरजीपीवी घोटाले में शामिल अन्य निजी व्यक्तियों की 10 करोड़ 77 लाख रुपए की चल-अचल संपत्ति कुर्क कर ली है। यह कार्रवाई धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत की गई है। ईडी ने यह जांच आरजीपीवी में हुए 19 करोड़ 48 लाख के गबन के मामले में भोपाल के गांधीनगर पुलिस थाने में दर्ज एफआईआर के आधार पर शुरू की थी। ईडी की जांच में पता चला कि आरजीपीवी के अधिकारियों ने कुमार मयंक, अन्य लोगों की मदद से यूनिवर्सिटी की इस रकम का मिलीभगत कर गबन किया था। इससे पहले पीएमएलए एक्ट की धारा 17 के तहत



तलाशी और जब्ती की कार्रवाई के दौरान आरोपियों के 1 करोड़ 67 लाख रुपए के सोने के जेवर, म्यूचुअल फंड और बैंक बैलेंस फ्रीज किए गए थे।

**नवंबर 2023 में पकड़ा गया था एफडीआर घोटाला:** नवंबर 2023 में आरजीपीवी में एफडीआर घोटाले का खुलासा हुआ था। तत्कालीन रजिस्ट्रार मोहन सेन की शिकायत पर तत्कालीन कुलपति सुनील कुमार गुप्ता, रजिस्ट्रार राकेश सिंह राजपूत और फाइनेंस कंट्रोलर ऋषिकेश वर्मा समेत अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। साल 2022 में आरजीपीवी ने ■ शेष पृष्ठ 7 पर

## एनसीएल के घूसखोर अफसर की 58 लाख की प्रॉपर्टी कुर्क

ईडी ने एक अन्य कार्रवाई में नेशनल कोल फील्ड्स लि. (एनसीएल) सिंगरौली में पदस्थ रहे सीनियर मैनेजर शैलेंद्र पसारी की 57 लाख 96 हजार की प्रॉपर्टी पीएमएलए एक्ट के तहत कुर्क कर ली है। ईडी ने पसारी के खिलाफ यह जांच सीबीआई जबलपुर द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर शुरू की थी। सीबीआई ने जांच के बाद शैलेंद्र पसारी, उनकी पत्नी ज्योति के खिलाफ 1 करोड़ 30 लाख रुपए की आय से अधिक संपत्ति होने पर आरोप पत्र दायर किया था। ईडी की जांच में पता चला कि शैलेंद्र ने अपने और परिवार के नाम पर बैंक खातों में नकदी जमा करके चल-अचल संपत्ति बनाई और उसके बाद इसी धन की एफडीआर करा दी। 2018 में सीबीआई जबलपुर की टीम ने पसारी को दस हजार की रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ा था। इस दौरान आवास से 26 लाख नकद व डेढ़ करोड़ की संपत्ति से जुड़े दस्तावेज मिले थे।

# स्पेशल डीजी रेल मनीष शंकर शर्मा नहीं रहे

### राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी और स्पेशल डीजी (रेल) मनीष शंकर शर्मा का रविवार देर रात निधन हो गया। वे नियमित जांच के लिए दिल्ली गए थे, जहां उन्हें दिल का दौरा पड़ा और इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। सोमवार सुबह एयर एंबुलेंस के जरिए उनकी पार्थिव देह को भोपाल लाया गया। यहां भदभदा विश्राम घाट पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इसके बाद उनकी पार्थिव देह को मुखाग्नि दी गई। 5 नवंबर 1966 को जन्मे मनीष ने 10 दिसंबर 1992 को आईपीएस अफसर के रूप में नौकरी जॉइन की थी।



5 नवंबर 1966 - 16 मार्च 2025

### पूर्व सीएस के पुत्र, अमेरिका में उनके नाम विशेष दिवस

मनीष शंकर राज्य के पूर्व सीएस रहे कृपाशंकर (केएस शर्मा) के बेटे थे। उनकी गिनती बेहद ईमानदार और तेजतर्रार अफसरों में होती थी और पिछले माह ही उन्हें एडीजी से प्रमोट कर स्पेशल डीजी बनाया गया था।

## कॉन्स्टेबल ने एएसआई पर दागी 18 गोलियां

**रायपुर, जेएनएन।** रायपुर के मुड़ीपार स्थित आईटीबीपी 38वीं बटालियन (भारत तिब्बत सीमा सुरक्षा बल) कैंप में एक कॉन्स्टेबल ने इंसास राइफल से एएसआई की गोली मारकर हत्या कर दी। कॉन्स्टेबल ने एएसआई के माथे पर पहली गोली और सीने पर 15 गोलियां उतारी, जबकि 2 गोलियां इधर-उधर चलाईं। वारदात सुबह 9 बजे की है। मॉर्निंग परेड के दौरान एएसआई देवेंद्र सिंह दहिया के डांटने से गुस्से में आकर आरक्षक सरोज कुमार ने फायरिंग की है। जानकारी मिलने पर खरोरा पुलिस मौके पर पहुंची। आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। आईटीबीपी की 38वीं बटालियन के उच्च अधिकारी मौके पर पहुंचे। आरोपी कॉन्स्टेबल सरोज कुमार (32) बिहार के बक्सर जिले का रहने वाला है। वहीं मृतक एएसआई देवेंद्र सिंह दहिया (56) हरियाणा के रहने वाले थे।



आरोपी

# पीएम की रैली में लगी बसों का किराया सरकार देगी या पार्टी?

### शहडोल में अधिग्रहित बसों का मामला, हाईकोर्ट ने पूछा सवाल

**विधि संवाददाता, भोपाल।** मप्र हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि रैली में लगी बसों का भुगतान वह करेगी या फिर राजनीतिक दल। यह मामला शहडोल में पीएम नरेंद्र मोदी की रैली के लिए अधिग्रहित बसों का पूरा भुगतान न किए जाने से जुड़ा है। जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने राज्य सरकार को जबाव पेश करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया है। यह याचिका शहडोल की मंगलानी बस सर्विस, श्याम बस सर्विस और महामाया ट्रेवल्स की ओर से लगाई गई थी।



आवेदकों का कहना था कि पीएम मोदी को 1 जुलाई 2023 को शहडोल के लालपुर में राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन कार्यक्रम लांच होना था। इसके लिए आरटीओ शहडोल ने याचिकाकर्ताओं की 23 बसें अधिग्रहित की थीं। आरोप है कि अधिग्रहित वाहनों का पूरा भुगतान करने के बजाए उन्हें डीजल राशि का भुगतान किया गया, जो अवैधानिक है। सरकार के संबंधित विभागों को आवेदन देने के बाद भी कार्रवाई न होने पर यह याचिका दायर की गई। मामले पर हुई प्रारंभिक सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता ब्रजेश दुबे और राज्य सरकार की ओर से उपमहाधिवक्ता यश सोनी ने पक्ष रखा। जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने राज्य सरकार को इस का जबाव पेश करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया है।

### इस्लामी आतंकवाद से दुनिया को खतरा: गबार्ड

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अमेरिकी नेशनल इंटेलिजेंस की हेड तुलसी गबार्ड ने भारत में हो रहे पाक समर्थित आतंकी हमलों को इस्लामी आतंक बताया है। सोमवार को एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा, ये आतंक भारत और अमेरिका समेत कई मिडिल ईस्ट देशों के लिए भी खतरा बनता जा रहा है। उन्होंने कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मुस्लिम आतंकवाद से निपटने के वादे पर कायम हैं।

**BIRBAL SAHNI INSTITUTE OF PALAEOSCIENCES**
(An Autonomous Institution under Department of Science & Technology, Govt. of India)
53, UNIVERSITY ROAD, LUCKNOW - 226007 (U.P.) INDIA
Fax: 0522-2740098/2740485, Website : www.bsip.res.in

**Expression of Interest (EOI)**
CONFERENCE ORGANIZER (PCO) FOR ORGANIZING THE XXII INQUA CONGRESS, 2027 IN LUCKNOW, INDIA

Director, Birbal Sahni Institute of Palaeosciences, invites the Expression of Interest (EOI) from qualified and experienced Professional Conference Organizer for organizing **XXII INQUA CONGRESS** in the year 2027 to be held in LUCKNOW.
Interested parties meeting the eligibility criteria laid down in the notice should submit their EOI with required documents and information by 09.04.2025.
At the following address by the above deadline:
The Registrar, BSIP
Birbal Sahni Institute of Palaeosciences,
53. University Road, Lucknow-226 007 (U.P.) India
EOI document can be downloaded from e-portal (www.bsip.res.in & www.eprocure.gov.in)
**The critical date sheet is as under:**

| Sl. No. | Description of Activity | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1 | Publishing Date | 18.03.2025 | |
| 2 | EOI document available for download | 18.03.2025 | |
| 3 | Meeting for clarification for EOI | 21.03.2025 | 1000 Hrs. |
| 4 | Minutes of the meeting on clarification and revised EOI document if required to be uploaded on eportal | 22.03.2025 | |
| 5 | EOI submission start date | 24.03.2025 | |
| 6 | EOI submission end date | 09.04.2025 | 1700 Hrs. |
| 7 | EOI Opening date | 15.04.2025 | |

Super scribing Envelope with 'Expression of Interest for **INQUA, 2027**, By hand/By Speed Post/ Registered Post/Courier on working day i.e. Mon- Fri.(0930 Hrs-1745 Hrs). **REGISTRAR**

# गड़रा डबल मर्डर कांड: अब तक 9 आरोपी गिरफ्तार, 20 नामजद



## आरोपी के घर से बरामद हुई लूटी गई बंदूक

**जागरण, रीवा।** मऊगंज के शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गड़रा गांव में शनिवार को हुए बवाल में राहिल द्विवेदी उर्फ सनी 36 की हत्या के बाद आदिवासियों ने पुलिस पर पत्थर, डंडे और धारदार हथियार से हमला किया था। आदिवासियों के हमले में एएसआई रामचरण गौतम की भी मौत हो गई थी, जबकि टीआई, तहसीलदार सहित 10 पुलिस जवान घायल हुए थे। पुलिस ने घटना में शामिल 9 आरोपियों को अब तक गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मामले में 20 आरोपी नामजद किए गए हैं। कमिश्नर बीएस जामोद और प्रभारी आईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय मऊगंज में डेरा डाले हुए हैं। गड़रा में हुए डबल मर्डर कांड के बाद सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए सोमवार को भी गड़रा गांव में पुलिस बल के जवान चप्पे-चप्पे पर तैनात रहे। मृतक युवक के परिजनों की लाइसेंसी बंदूक भी आदिवासियों ने लूट ली थी, जिसको पुलिस ने आरोपी विनोद के घर से बरामद कर लिया है। मृतक युवक के पिता रजनीश कुमार द्विवेदी की 315 बोर की रायफल आदिवासियों ने लूट ली थी, साथ ही उनके साथ भी मारपीट की गई थी। घटना में घायल तहसीलदार का मोबाइल फिलहाल अब तक नहीं मिला है। पुलिस की अलग-अलग टीम फरार आरोपियों की तलाश में लगी हुई है। पुलिस की प्रथम दृष्टया की गई जांच में पता लगा है कि पूरी घटना तात्कालिक हुई है। पूरे मामले की जांच के लिए प्रभारी आइजी साकेत प्रकाश पाण्डेय ने अलग-अलग टीम का गठन किया है। आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस की अलग-अलग टीम क्षेत्र में सर्चिंग कर घटना के विभिन्न पहलुओं की जांच के लिए लगी हुई है।

**पकड़े गए आरोपियों से पुलिस उगलवा रही राज :** गड़रा गांव में हुई घटना के बाद पुलिस पकड़े गए आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ कर घटना से जुड़े पहलुओं का पता लगा रही है। चर्चा यह भी रही कि मामले में गिरफ्तार एक कथित पत्रकार के मोबाइल को भी पुलिस ने जब्त किया है, जिस पर पुलिस को कुछ वीडियो फुटेज के साथ कॉल डिटेल मिले हैं, जिसकी जांच पुलिस द्वारा की जा रही है। आरोप है कि मोहम्मद रफीक घटना के वक्त घटना स्थल पर ही मौजूद था। जिस समय आरोपीगण युवक के साथ मारपीट कर रहे थे, उस समय वह वीडियो बना रहा था, युवक अपने आप को बेगुनाह बताते हुए जान की भीख मांगता रहा, लेकिन उसकी किसी ने एक न सुनी और बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। मामले में मुख्य आरोपी विनोद कोल सहित 9 आरोपी पुलिस के हाथ लगे हैं, रविवार को पुलिस ने पांच आरोपियों को पकड़ा था, वहीं सोमवार को चार आरोपी पकड़े गए। घटना में शामिल अन्य फरार आरोपियों की तलाश पुलिस टीम के द्वारा सरगर्मी से की जा रही है।

**ये आरोपी नामजद :** पुलिस ने घटना के मुख्य आरोपी विनोद कोल सहित 20 आरोपियों के नामजद कर 9 को गिरफ्तार किया है। मामले में रमेश प्रसाद साहू, बृजलाल कोल, अंशू कोल, प्रेमवती कोल,राजाराम कोल, सौखी कोल, मुन्नीलाल कोल, अच्छे लाल कोल, संजय कोल, रामकिशोर कोल, सचिन कोल, रामकृपाल कोल, गुड़िया कोल, निशा कोल, शनि कोल, लवकुश कोल व रफीक मोहम्मद सहित आधा सैकड़ा आरोपी शामिल थे। मामले में पुलिस ने विनोद कोल, महेश कोल और प्रयाग कोल पकड़ में आए, इसके साथ घटना का मास्टरमाइंड रफीक मोहम्मद भी पकड़ा गया है। मामले में अभी तक आधा सैकड़ा से अधिक लोगों से पूछताछ की जा चुकी है। इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं।

### चप्पे-चप्पे पर तैनात फोर्स



गड़रा गांव में हालात तो सामान्य है लेकिन प्रशासन सख्त है। तमाम आशंकाओं के मद्दे नजर आदिवासी बस्ती में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात है। हर पांच मीटर पर पुलिस तैनात है। ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति ने घटे। लगातार पहरा जारी है।

### विप्र सेवा संघ सहित ब्राह्मण समाज के लोग पहुंचे पीड़ित परिवार के घर



गड़रा गांव में राहिल द्विवेदी उर्फ सनी की हत्या के बाद सोमवार को विप्र सेवा संठगन के राष्टीय अध्यक्ष पंडित राजीव शुक्ला सहित ब्राह्मण समाज के लोग पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और परिवार को इस दुख की घड़ी में हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की बात इस दौरान कही गई। मृतक के पिता रजनीश द्विवेदी व उसके बड़े भाई से पूरे घटनाक्रम की जानकारी भी ब्राह्मण समाज के लोगों ने ली।

## शहीद एएसआई के परिवार से मिले डीजीपी



पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) कैलाश मकवाना सोमवार को रीवा से सतना जिले कोठी थाना क्षेत्र अंतर्गत पवैया गांव शहीद एएसआई रामचरण गौतम के घर पहुंचे और पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर उनको ढाढ़स बंधाया। मऊगंज के गड़रा गांव में ए.एस.आई रामचरण गौतम शहीद हो गए थे। डीजीपी मकवाना ने शहीद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर समूचे पुलिस परिवार की ओर से श्रद्धा सुमन अर्पित किया और परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान सतना कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक रीवा विवेक सिंह सहित प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

*आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार सर्चिंग जारी है। चार आरोपी आज भी गिरफ्तार किए गए हैं। सरपंच व पूर्व उपसरपंच को पूछतांछ के लिए बुलाया गया था। राउंड के साथ ही बंदूक बरामद कर ली गई। पूछतांछ में यह बात सामने आई है कि घटना पूर्व नियोजित नहीं अपितु तात्क्षणिक थी।*

***साकेत प्रकाश पांडेय***
***प्रभारी आईजी***

एन बी सी सी NBCC A Navratna CPSE
ASPIRE
उच्चतम न्यायालय की निगरानी वाली आवास परियोजना
लर्नेड कोर्ट रिसीवर के माध्यम से
एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड
द्वारा निष्पादित
एस्पायर लेज़र पार्क
जहाँ सपने मिले हकीकत से
ई-नीलामी के माध्यम से इन्वेंट्री की बल्क सेल
ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 03.04.2025



ई-नीलामी दिनांक 04.04.2025 को होगी
आधुनिक सुविधाओं के साथ आलीशान 3 बीएचके, 4 बीएचके और डुप्लेक्स अपार्टमेंट
डी-मार्ट के पास | ग्रेटर नोएडा (पश्चिम) | प्रसिद्ध स्कूलों के करीब | इंडिया गेट
आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन: 30 मिनट पर।
ई-नीलामी दस्तावेज़ के लिए कृपया क्यूआर को स्कैन करें
लोकेशन के लिए क्यूआर स्कैन करें
अधिक जानकारी के लिए, कृपया हमारी वेबसाइट देखें:
www.nbccindia.in | www.receiveramrapali.in
या कॉल करें: 9772907414

# बंद हैण्डपंपों एवं नलजल योजनाओं के सुधार का अभियान चलाएं: कलेक्टर

## सीएम हेल्पलाइन में 50 दिन से अधिक से लंबित प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश



**जागरण, रीवा।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन में 50 दिन से अधिक समय से लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करें। साथ ही फरवरी माह की शिकायतों का भी संतुष्टिपूर्वक निराकरण कराएं। पीएचई विभाग, स्वास्थ्य विभाग, श्रम विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, शिक्षा विभाग, अनुसूचित जाति कल्याण विभाग में बड़ी संख्या मंं आवेदन पत्र लंबित हैं। इनके निराकरण के लिए विकासखण्डवार शिविर लगाकर प्रकरणों का निराकरण कराएं। कार्यपालन यंत्री पीएचई हैण्डपंपों के सुधार एवं बंद नलजल योजनाओं को चालू करने से संबंधित शिकायतों पर तत्परता से कार्यवाही करें। सभी विकासखण्डों में अभियान चलाकर बंद हैण्डपंपों को चालू करने तथा बंद नलजल योजनाओं को शुरू कराने के प्रयास करें। सभी विकासखण्डों में पर्याप्त मात्रा में हैण्डपंपों के राइजर पाइप उपलब्ध करा दें। –

# जिसका चरित्र अच्छा, वह राम को प्रियः आचार्य जितेंद्र



## चिरहुलानाथ मंदिर में राम कथा प्रारम्भ

**रीवा।** चिरहुलानाथ मंदिर में राम कथा का श्री गणेश करते हुए तिरुपति बालाजी के आचार्य जितेंद्र महाराज ने कहा कि राम कथा सुनने से जीवन सारी कथा दूर हो जाती है। राम चरित मानस एक ऐसी औषधि है जिसमें सभी मर्ज का इलाज है। जिसका चरित्र अच्छा है वह राम को प्रिय है। उसके लिए पूजा–पाठ की आवश्यकता नहीं है। उसे नहाने की जरूरत नहीं है। जिसका मन पवित्र होता है वही राम को प्रिय होता है। तुलसी दास जी ने बताया है कि व्यक्ति जीवन तक राम की भक्ति नहीं करता। वह सोचता है कि आज करेंगे या कल, लेकिन क्या पता कि वह अपना पूरा जीवन जी सकेगा या नहीं। जरूरत है बिना देर किए राम का नाम लेना शुरू कर दें। कथा में चिरहुला मंदिर के प्रधान पुजारी गोकर्ण महराज, डॉ दीनानाथ शास्त्री,हरीश महाराज, एपी त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन मौजूद रहे। रामकथा 22 मार्च तक चलेगी।

## सामान्य प्रशासन समिति की बैठक का आयोजन आज

**रीवा।** जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल की अध्यक्षता में 18 मार्च को सामान्य प्रशासन समिति की बैठक आयोजित की गई है। जिला पंचायत सभा कक्ष में अपरान्ह 3 बजे से आयोजित बैठक में रीवा एवं मऊगंज जिले में पेयजल योजना, एकल एवं सामूहिक, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति द्वारा संचालित छात्रावास में शासन द्वारा प्राप्त मद, भवन विहीन विद्यालयों की जानकारी एवं 14वें वित्त एवं 15वें वित्त के प्रगतिरत अप्रारंभ और पूर्ण कार्यों की समीक्षा की जायेगी। बैठक में 5वें वित्त पर चर्चा एवं अनुमोदन, रीवा एवं मऊगंज जिले में जिला पंचायत में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के खाली बैकलॉग पदों को भरे जाने हेतु अनुमोदन के साथ ही जिले में संचालित अशासकीय विद्यालय को नवीन मान्यता प्रदान की गयी की संपूर्ण जानकारी की समीक्षा होगी।

## गोविंदगढ़ में आम फल बहार की नीलामी 20 को होगी

**रीवा।** शासकीय उद्यान गोविंदगढ़ में आम फल बहार की वर्ष 2024-25 की नीलामी 20 मार्च को दोपहर 12 बजे से उद्यान कार्यालय गोविदगढ़ में की जायेगी। उद्यान अधीक्षक से प्राप्त जानकारी के अनुसार इच्छुक व्यापारी व क्रेतागण नियत तिथि में नीलामी में शामिल हो सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत विवरण शासकीय उद्यान कार्यालय गोविंदगढ़ से प्राप्त किया जा सकता है।

### NAME CHANGED

Amayara Patel daughter of No 15177778A HAV (DMT) Roshan Lal Patel resident of Vill.Naudhiya PO. Naudhiya, Teh. Mauganj, Dist- Rewa, State-Madhya Pradesh, PIN 486341 have changed my Name from Sananya Patel to Amayara Patel vide Affidavit dated 20.02.2025 before Mauganj court. RN 80781

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम मेरे आधार कार्ड में त्रुटि वस खुशी तिवारी **KHUSHI TIWARI** अंकित हो गया है जबकि मेरा वास्तविक अंकसूची में प्रचलित नाम रितिका तिवारी **RITIKA TIWARI** है जो पूर्णतया सत्य है, अर्थात मैं अपने आधार कार्ड में अपना नाम रितिका तिवारी **RITIKA TIWARI** करना चाहती हू जो पूर्णतया सत्य है वा जिस हेतु दिनांक से मुझे रितिका तिवारी के नाम से ही जाना वा पहचाना जायेगा।

**रितिका तिवारी पुत्री**
श्री राजकुमार तिवारी उम्र 18वर्ष
ग्राम गड़ेहरा पोस्ट कोनी कला जिला रीवा (म.प्र)
आर.एन.-82015

# कई घंटे तक जाम रहा धोबिया टंकी अस्पताल मार्ग



**रीवा।** सोमवार को धोबिया टंकी अस्पताल चौराह मार्ग कई घंटे तक जां रहा। इसके पीछे माना जा रहा है कि रंगों का पर्व होली मनाने के बाद लोग वापस लौट रहे हैं। इसका असर शहर के रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, ऑटो सहित अन्य वाहनों में देखने को मिल रहा है। होली पर्व होते ही बाहर शहर के ऑटो में जहां सवारियों से भरे नजर आ रहे हैं वहीं रेलवे स्टेशन व बस स्टैंडों में यात्रियों की खासी भीड़ देखने को मिल रही है। कई लोग अपने निजी वाहनों से भी त्योहार मनाने अपने घर आए थे, जिनके लौटने का सिलसिला शुरू है। शहर के विभिन्न चौराहे, मार्ग पर वाहनों की बढ़ रही भीड़ के चलते बार-बार जाम की स्थिति भी निर्मित हो रही है।

## समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम 24 मार्च को

**रीवा।** समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम 24 मार्च को शाम 4 बजे से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से निर्धारित एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करेंगे।

### चेक अनादरण की सूचना

**प्रति,** प्रशांत पटेल प्रो. प्रशांत बीज भण्डार देवगांव रोड़ मनगवां थाना व तहसील मनगवां जिला रीवा म.प्र.

आपके द्वारा मेरे पक्षकार रुद्र एसोसियेट समान रीवा को फर्म की देनदारी का भुगतान करने के लिए 10,80,000/–रु. का चेक क्रमांक 214349 केनरा बैंक शाखा मनगवां दिनांक 17.02.2025 को भुगतान हेतु दिया था, जो बैंक में प्रस्तुत करने पर Funds In Sufficient की टीप अंकित कर दिनांक 18.02.2025 को अनादरित कर दिया गया है, जिसकी सूचना व्यक्तिगत एवं पंजीकृत डाक के माध्यम से आपको प्रेषित की जा चुकी है। अतः जरिये प्रकाशन आपको सूचित किया जाता है कि चेक में लिखित राशि 10,80,000/–रु. का भुगतान 15 दिवस के अन्दर मेरे पक्षकार रुद्र एसोसियेट को करके पावती प्राप्त कर लेवे। अन्यथा वाद म्याद मेरा पक्षकार विधिक कार्यवाही करेगा, जिसके समस्त हर्जे खर्चे की जबावदारी आपकी होगी।

**दिनांक 15/3/25**

**प्रार्थी**
रुद्र एसोसिशयेट एन.एच.7 समान रीवा द्वारा प्रो. अनुराग दुवे पिता रामसिया दुवे निवासी रुद्र एसोशियेट समान थाना समान तहसील हुजूर जिला रीवा म.प्र.
**द्वारा अधिवक्ता**
मनोज कुमार द्विवेदी एड.
वशिष्ट कैम्पज समान रीवा म.प्र.
मो.नं. 9424933136
RN-80780

### चेक अनादरण की सूचना

**प्रति,** 1. राधेश्याम तिवारी प्रोपा. गीता खाद, बीज भण्डार सेमरिया थाना एवं तहसील सेमरिया जिला रीवा म.प्र.
2. गीता तिवारी प्रोपा. गीता खाद, बीज भण्डार सेमरिया थाना एवं तहसील सेमरिया जिला रीवा म.प्र.

आपके द्वारा मेरे पक्षकार रुद्र एसोसियेट समान रीवा को फर्म की देनदारी का भुगतान करने के लिए 3,50,000/– रु. का चेक क्रमांक 213213 यूनियन बैंक आफ इंडिया शाखा सेमरिया दिनांक 17.02.2025 को भुगतान हेतु दिया था, जो बैंक में प्रस्तुत करने पर Funds In Sufficient की टीप अंकित कर दिनांक 18.02.2025 को अनादरित कर दिया गया है, जिसकी सूचना व्यक्तिगत एवं पंजीकृत डाक के माध्यम से आपको प्रेषित की जा चुकी है। अतः जरिये प्रकाशन आपको सूचित किया जाता है कि चेम में लिखित राशि 3,50,000/– रु. का भुगतान 15 दिवस के अन्दर मेरे पक्षकार रुद्र एसोसियेट को करके पावती प्राप्त कर लेवें। अन्यथा वाद म्याद मेरा पक्षकार विधिक कार्यवाही करेगा, जिसके समस्त हर्जे खर्चे की जबावदारी आपकी होगी।

**दिनांक 15/3/25**

**प्रार्थी**
रुद्र एसोसिशयेट एन.एच.7 समान रीवा द्वारा प्रो. अनुराग दुवे पिता रामसिया दुवे निवासी रुद्र एसोशियेट समान थाना समान तहसील हुजूर जिला रीवा म.प्र.
**द्वारा अधिवक्ता**
मनोज कुमार द्विवेदी एड.
वशिष्ट कैम्पज समान रीवा म.प्र.
मो.नं. 9424933136
RN-80779

### मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन लिमिटेड
मुख्यालय, भोपाल

क्र./परिवहन/निविदा/243975/2024-25/NIT No./622 भोपाल, दिनांक: 17.03.2025

**परिवहन कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

01. कॉर्पोरेशन द्वारा निविदा अवधि वर्ष 2023-25 के परिवहन कार्यों हेतु ऑनलाइन GEM पोर्टल पर Handling, Transport and Other Mining Services के अन्तर्गत रजिस्टर्ड निविदाकारों से शेष रहे जिलों/ रैकपाईन्ट/सेक्टर्स हेतु निम्नानुसार निविदायें आमंत्रित की जाती हैं:-
    01. HLRT (खाद्यान्न) रैकपाईन्ट (बारहवी निविदा)
    02. LRT (सामान्य) रैकपाईन्ट (दसवी निविदा)
    03. LRT रबी एवं खरीफ उपार्जन (बीसवी निविदा)

निविदा दस्तावेज वेबसाइट **https://gem.gov.in** पर अवलोकन हेतु उपलब्ध है। निविदा दस्तावेज एवं निविदा प्रक्रिया ऑनलाइन भरने हेतु संबंधित तकनीकी सहयोग व स्पष्टीकरण हेतु **टोल फ्री नम्बर (Inbound): 1800-419-3436 1800-102-3436 (9:00 am - 10:00 pm Mon to Sat) पर सम्पर्क कर सकते हैं।**

एवं

02. कॉर्पोरेशन द्वारा निविदा अवधि वर्ष 2023-25 के परिवहन कार्यों हेतु ऑनलाइन म.प्र. शासन के MPTENDRS पोर्टल पर शेष रहे जिलों/ रैकपाईन्ट हेतु निम्नानुसार निविदायें आमंत्रित की जाती हैं:-
    1. HLRT (बारदाना) रैकपाईन्ट (सातवीं निविदा)

निविदा दस्तावेज वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर अवलोकन हेतु उपलब्ध है। सहयोग एवं स्पष्टीकरण हेतु **टोल फ्री नम्बर 0120-4001002 पर** सम्पर्क कर सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/119271/2025 **महाप्रबंधक (परिवहन)**

### कार्यालय नगर परिषद् सिरमौर, जिला–रीवा म.प्र.

क्रमांक 461 /निविदा आमंत्रण/2024 सिरमौर, दिनांक 12.03.2025

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि व लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_409366_1 | नेहरू पार्क में शॉपिंग काम्पलेक्स निर्माण कार्य | 06 माह लागत राशि रू0 40846000.00 | 15000.00 एवं अमानत राशि 204230.00 | 13.03.2025 से 29.03.2025 |

नोट :– निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की बेवसाईट **https://mptenders.gov.in** पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

(श्री संदीप सिंह)
अध्यक्ष
नगर परिषद् सिरमौर,
जिला–रीवा म.प्र.

(श्री संतोष कुमार सिंह)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर परिषद् सिरमौर,
जिला–रीवा म.प्र.

### कार्यालय नगर परिषद डभौरा जिला–रीवा(म0प्र0)

क्रमांक/ 430 /ई–टेन्डर/न.परि./2025 डभौरा, दिनांक 17.03.2025

**ई–निविदा आमंत्रण–सूचना**

म.प्र. शासन लोक निर्माण विभाग में नवीन केन्द्रीकृत पंजीकृत प्रणाली के अंतर्गत अथवा केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग में सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से फार्म "ए" में ई–टेन्डरिंग के माध्यम से विशेष निधि अन्तर्गत पी.सी.सी. रोड़ एवं नाली निर्माण कार्य हेतु वर्ष 2021 के एस.ओ.आर. (02.08.2021) पर निविदा आंमत्रित की जाती हैं,विवरण निम्नानुसार हैं ।

| S.no. | Tender No | Name Of the Work | Prpbable amount of Contract (Rs in Rs.) | Earnest Money Deposit (E.M.D.) (In Rs) | Cost Of Bid Document (In Rs) | Time Of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2025_UAD_410002__1 | Construction of PCC Road & Drain at Ward No. 1, 2 From Video Hall to Dabhaura-Majhiyari Marg Aaganwadi Kendra | 10365296.00 | 51826.00 | 12500.00 | 6 Month |

शर्तेः–
1. निविदा दिनांक 18.03.2025 को सुबह 10.30 बजे से दिनांक 21.04.2025 को सायं 5.30 बजे तक बेवसाईट पर ऑनलाईन प्राप्त/प्रस्तुत की जा सकती है।
2. विस्तृत निविदा सूचना बेवसाईट https://mptender.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन का प्रकाशन केवल बेवसाईट में किया जावेगा। दैनिक समाचार पत्र में विज्ञापन का प्रकाशन नही किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद डभौरा
जिला-रीवा (म.प्र.)

### कार्यालय अनंतपुर गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित रीवा (म.प्र.)

क्रमांक/गृ.नि./2025/1319 **आवश्यक सूचना** रीवा, दिनांक 17.03.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अनंतपुर गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. रीवा की शारदानगर खैरी में प्लाट नं. 40/54 सदस्यता नं. 807 सदस्य श्री शत्रुधन सिंह पिता श्री कामता प्रसाद सिंह एम.आई.जी. 70 पद्मधर कालोनी ढेकहा रीवा का वारिसाना नामांतरण हेतु प्रार्थी श्री शुभम् सिंह पिता श्री विष्णुप्रताप सिंह सॉई सिटी वार्ड नं. 4 खैरी जिला रीवा म.प्र. ने प्लाट का वारिसाना अपने स्वयं के नाम (शुभम् सिंह) करने हेतु दिनांक 20.01.2025 को आवेदन प्रस्तुत किया है। उपरोक्तानुसार भूखंड/भवन वारिसाना नामांतरण में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति के 15 दिवस के अंदर संस्था कार्यालय में प्रमाणित अभिलेखों सहित लिखित में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, निर्धारित समयावधि पश्चात् कोई आवेदन/आपत्ति न तो ग्रहण की जायेगी और न ही मान्य की जावेगी। प्रकरण में यदि कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो इस दशा में संस्था द्वारा प्रकरण की सुनवाई एकपक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जायेगा।

प्रबंधक
अनंतपुर गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. रीवा (म.प.)

### OFFICE OF THE NAGAR PARISHAD GOVINDGHARH, DIST-REWA (M.P.)
(FIRST CALL)
Section -1
**Notice Inviting e-Tenders**

1379/e-Tender/GOVINDGARH/2024 Date - 11.03.2025

Online ITEM RATEbids for the following works are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling eligibility criteria:

| S. No. | NIT No. & Date | TENDER ID | Name of The Work | Probable amount of contract (In Lakh) | Earnest Money Deposit (EMD) (In Rs.) | Cost of Bid Document (In Rs.) | Period of Completion (In Months) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1379/ 11.03.2025 | 2025_UAD _410106_1 | HANDPUMP AND PIPE LINE SUPPLY REPAIRING WORK AT THE NAGAR PARISHAD GOVINDGARH IN FINANCIAL YEAR 2025-26.. | 08.00 | 24000/- | 2000/- | 31 March 2026 |

1. Interested Bidder can view the NIT on website http://www.mptenders.gov.in and www.mpurban.gov.in
2. The Bid Document of work can be purchased only Online from 17:30 PM (time) 18.03.2025 (date) to 17:30 PM (time) 19.04.2025 (date).
3. Amendment to NIT, if any, would be published on website only, and not in Newspaper.

CHIEF MUNICIPAL OFFICER
NAGAR PARISHAD
GOVINDGARH DISTT- REWA (M.P.)

### OFFICE OF THE NAGAR PARISHAD GOVINDGHARH, DIST-REWA (M.P.)
(FIRST CALL)
Section -1
**Notice Inviting e-Tenders**

1402/e-Tender/GOVINDGARH/2024 Date - 17.03.2025

Online ITEM RATEbids for the following works are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling eligibility criteria:

| S. No. | NIT No. & Date | TENDER ID | Name of The Work | Probable amount of contract (In Lakh) | Earnest Money Deposit (EMD) (In Rs.) | Cost of Bid Document (In Rs.) | Period of Completion (In Months) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1380/ 11.03.2025 | 2025_UAD _409816_1 | SUPPLY AND DELIVERY OF WATER SUPPLY SYSTEM WTP, MATERIALS AT THE NAGAR PARISHAD GOVINDGARH IN FINANCIAL YEAR 2025-26.. | 20.00 | 60000/- | 2000/- | 31 March 2026 |
| 2 | 1381/ 11.03.2025 | 2025_UAD _409843_1 | SUPPLY AND DELIVERY OF WATER SUPPLY PIPELINE REPAIR MATERIALS, AT THE NAGAR PARISHAD GOVINDGARH IN FINANCIAL YEAR 2025-26. | 10.00 | 30000/- | 2000/- | 31 March 2026 |

1. Interested Bidder can view the NIT on website http://www.mptenders.gov.in and www.mpurban.gov.in
2. The Bid Document of work can be purchased only Online from 17:30 PM (time) 17.03.2025 (date) to 17:30 PM (time) 19.04.2025 (date).
3. Amendment to NIT, if any, would be published on website only, and not in Newspaper.

CHIEF MUNICIPAL OFFICER
NAGAR PARISHAD
GOVINDGARH DISTT- REWA (M.P.)

### मध्यप्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित
जहांगीराबाद, भोपाल

क्र/यां.शा./1612/2024-25 भोपाल, दिनांक : 13.03.2025

**निविदा सूचना (प्रथम आमंत्रण)**

विपणन संघ द्वारा CCTV Installation with IP Based DOME Camera within built Mic- Specification & IP Based Bullet Camera i/c required accessories at the Godowns of Markfed for Jabalpur Division, Sagar Division, Rewa Division and Gwalior Division कार्य हेतु The bidder should be in IT Services and registered as Proprietorship, Partnership, LLP or Company with relevant registration authority for more than Two years in India से E-Tender प्रणाली के अन्तर्गत **www.mptenders.gov.in** पर केवल Online, NON SOR Item (Market Rate) बाजार दर पर प्रतिशत दर के आधार पर निविदाएं **दिनांक 08.04.2025 को शाम 05:30 बजे तक** आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं कार्य के संबंध में अन्य जानकारी एवं अनिवार्य शर्तें निविदाकारों को मध्यप्रदेश शासन के ई-निविदा के पोर्टल **www.mptenders.gov.in** पर प्राप्त होगी एवं विपणन संघ की वेबसाइट **www.mpmarkfed.mp.gov.in** पर भी अवलोकनीय होगी।

| क्र. | Tender Ref. No. | संभाग-जबलपुर/सागर/रीवा/ग्वालियर अंतर्गत कार्य का नाम | निविदा राशि (रु. में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2054 | CCTV Installation with IP Based DOME Camera within built Mic-Specification & IP Based Bullet Camera i/c required accessories at the Godowns of Markfed for Jabalpur Division, Sagar Division, Rewa Division and Gwalior Division (1st Call) | 7,55,75,633.00 |

**नोट :** आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना अथवा संशोधन संबंधी जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल एवं वेबसाइट पर प्रदर्शित की जावेगी।

म.प्र. माध्यम/119258/2025 **मुख्य अभियन्ता (सि.)**

## लोन

**लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944**

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

# गड़रा ग्राम में घटित वारदात दुर्भाग्यपूर्णः राजमणि पटेल

**रीवा।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता, राज्यसभा सांसद व पूर्व मंत्री राजमणि पटेल ने मऊगंज जिले के गड़रा ग्राम मे हुये घटना पर दुख व्यक्त करते हुये उक्त घटना को दुर्भाग्यपूर्ण निरोपित किया है। श्री पटेल ने कहा कि प्रदेश मे भाजपा की मोहन यादव के सरकार मे कानून एवं व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो चुकी है, तथा प्रदेश मे अराजकता की स्थिति है। जिन पुलिस अधिकारियों के ऊपर नागरिकों की सुरक्षा का दायित्व है जब वही सुरक्षित नहीं हैं तो आम नागरिक किससे अपनी रक्षा की गुहार लगायें। श्री पटेल ने कहा कि गृह मंत्रालय का प्रभार स्वयं मुख्यमंत्री के पास होने के बाद भी कानून व्यवस्था की दयनीय स्थिति समझ से परे है। वोट की राजनीति के लिये समाजों एवं जातियों के बीच मे जहर घोलने का काम होता रहता है, इस तरह की घटना इसी का दुष्परिणाम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का आम नागरिक अपने को ठगा महसूस कर रहा है, पुलिस थाने ठेके मे चल रहे हैं, पुलिस अधिकारियों पर भाजपा के लोग नाजायज दबाव बना कर सही को गलत एवं गलत को सही साबित करने मे जुटे रहते हैं। मऊगंज में घटी घटना की निंदा करते हुये उन्होंने कहा कि प्रशासन को चाहिये कि समूचे मामले की निष्पक्ष विवेचना कर घटना कारित करने वाले दोषी अपराधियों को दण्डित किया जाना चाहिये। सरकार को ऐसे प्रयास करना चाहिये कि इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति को रोका जा सके।

### OFFICE OF NAGAR PARISHAD MAUGANJ, DISTT-MAUGANJ (M.P.)
Online tender for the following services is invited from registered firms/contractor

| S. No | Name of Work | Probable Amount of Contract | Earnest Money Deposit (EMD) | Cost of Bid Document (In Rupees) | Period of Completion (InMonths) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Empanelment of agency to supply 10 safaimitras & 2 Computer Operators (knowledge with SAP Software) for financial year 2025-26 | 50,00,000.00 | 37,500/- | 5,000/- | 12 |

Tender Document can be purchased on website through online payment from Date 13 Mar 2025 at 05:00PM to end date 12 Apr 2025 Till 05:00 PM. Tender opening date will be 14 Apr 2025 at 10.00AM. Detailed NIT and other information can be seen on website: http://mpetender.gov.in

1. All details relating to the Bid Document(s) can be viewed and downloaded free of cost on the website https://mptenders.gov.in.
2. Bid Document can be purchased after making online payment of portal fees through internet banking/by generation of NEFT Challan for offline payment.
3. At the time of sub mission of the Bid the eligible bidder shall be required to:
   (i) Pay the cost of Bid Document;
   (ii) Deposit the Earnest Money:
   (iii) Subrnit organization all details,
   (iv) Submit an affidavit on a Stamp Paper of 2100 as per attached Format;
   V) EPF Certificate;
   Vi) Proof of registration in GST.

**4.ELIGIBILITYFORBIDDERS:**

**KEYDATES**

| | |
|---|---|
| Start date of purchase/Submission of tender | 13.03.2025 05:00 PM |
| End date of purchase of tender | 12.04.2025 17:30 PM |
| End date of Bid Submission | 12.04.2025 17:30 PM |
| Date of Opening Bid | 14.04 2025 10:30 AM |

Note: **समस्त मूल दस्तावेज जैसे कि शपथ पात्र मूल रूप में तथा अन्य दस्तावेजों की छायाप्रतियां निविदा स्वीकृत होने के बाद अनुबंध के समय कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है, जिसमे भिन्नता पाए जाने पर निविदा निरस्त किया जाने की कार्यवाही की जा सकती है।**

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद मऊगंज
जिला–रीवा (म.प्र.)

### कार्यालय नगर परिषद् मऊगंज जिला मऊगंज (म.प्र.)
cmomahuganj@mpurban.gov.in

क्रमांक/632/e-tendering/NP/2025 मऊगंज दिनांक- 10.03.2025

**ई- निविदा सूचना – प्रथम आमंत्रण**

एतद द्वारा समस्त पंजीकृत फर्म/ अधिकृत विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर परिषद मऊगंज में वित्त वर्ष 2025-26 हेतु निम्नानुसार कॉलम में वर्णित सामग्रियों की आपूर्ति हेतु दरों की आवश्यकता है | जिस हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों/आपूर्ति कर्ताओं से ऑनलाइन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं | निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्र. जारी दिनांक | आपूर्ति मद का विवरण | अनुमानित लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_409150_1 दिनांक- 13.03.2025 | विद्युत सामग्री की आपूर्ति | 50.00 लाख | 1. 5000/- 2. 37,500/- | 12.04.2025 |
| 2 | 2025_UAD_409156_1 दिनांक- 13.03.2025 | जलप्रदाय सामग्री की आपूर्ति | 50.00 लाख | 1. 5000/- 2. 37,500/- | 12.04.2025 |
| 3 | 2025_UAD_409151_1 दिनांक- 13.03.2025 | हैण्डपम्प सामग्री की आपूर्ति | 50.00 लाख | 1. 5000/- 2. 37,500/- | 12.04.2025 |
| 4 | 2025_UAD_409154_1 दिनांक- 13.03.2025 | सफाई सामग्री की आपूर्ति | 50.00 लाख | 1. 5000/- 2. 37,500/- | 12.04.2025 |
| 5 | 2025_UAD_409158_1 दिनांक- 13.03.2025 | लोक निर्माण सामग्री की आपूर्ति | 20.00 लाख | 1. 2000/- 2. 15,000/- | 12.04.2025 |
| 6 | 2025_UAD_409191_1 दिनांक- 13.03.2025 | कार्यालय स्टेशनरी सामग्री की आपूर्ति | 20.00 लाख | 1. 2000/- 2. 15,000/- | 12.04.2025 |

नोटः- निविदा से सम्बंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा |

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद मऊगंज
जिला-मऊगंज (म०प्र०)

## कन्या शिक्षा परिसर की कक्षा 6वीं में प्रवेश की परीक्षा 30 को

**रीवा।** विशिष्ट आवासीय विद्यालय शासकीय कन्या शिक्षा परिसर की कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए 30 मार्च को परीक्षा होगी। इस प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया गत 18 फरवरी से आरम्भ हो गई। इच्छुक आवेदकों के आवेदन की प्रक्रिया विगत 10 मार्च तक पूरी हो गई। साथ ही, प्रवेश पत्र भी जारी हो गए। अब प्रवेश पत्र प्राप्त करने के बाद विद्यार्थी नियत तिथि में निर्धारित केंद्रों में परीक्षा देंगे। विद्यालय की कक्षा 6वीं की 35 रिक्त सीट में प्रवेश के लिए यह प्रक्रिया अपनाई जा रही है। इसके लिए विधिवत निर्देश जनजातीय कार्य विभाग द्वारा जारी किए गए हैं। प्रवेश सुनिश्चित होने पर आवेदकों को स्थाई जाति प्रमाण पत्र, समग्र आइडी, आधार कार्ड, बैंक एकाउंट नम्बर, एमपीटास प्रोफाइल पंजीयन, पांचवीं कक्षा की अंकसूची, टीसी मूल प्रति, सम्बल कार्ड, पेन कार्ड, अपार आईडी, दो फोटो के साथ तय समय पर कार्यालय में उपस्थित होना होगा, ताकि प्रवेश संबंधी आगामी कार्यवाही प्रबंधन द्वारा सुनिश्चित की जा सके।

## चौरसिया समाज की बैठक में आय-व्यय पत्रक प्रस्तुत




**रीवा।** चौरसिया समाज समिति जिला रीवा की जिला स्तरीय बैठक चौरसिया यूनिटी भवन महसांव जिला रीवा में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामकृष्ण चौरसिया ने की। बैठक में प्रमुख रूप से सत्र 2024-25 के आय-व्यय का व्यौरा रखा गया जिसे राष्ट्रीय मंत्री रामानुज चौरसिया ने समाज के सदस्यों के बीच वाचन किया उपस्थित सदस्यों ने प्रदेशाध्यक्ष के कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाइयां दीं। बैठक में अखिल भारतीय चौरसिया समाज दिल्ली के संरक्षक डॉ.एन.सी.चौरसिया, रामसुख चौरसिया, रामसुशील चौरसिया, संतोष चौरसिया (कोटेदार), राधेलाल चौरसिया, अयोध्या प्रसाद चौरसिया, एड.अजय चौरसिया, हेमलाल चौरसिया, डिगनलाल चौरसिया, रामबरन चौरसिया, मोतीलाल चौरसिया, रामकरण (मुन्ना) चौरसिया, नारायण चौरसिया, गोरेलाल चौरसिया, रामलाल चौरसिया, नारायण चौरसिया, अभय चौरसिया, रजनीश चौरसिया, उपकार चौरसिया, संतोष चौरसिया, मीसे चौरसिया, मिथिल चौरसिया, मुन्ना चौरसिया के साथ ही मंदिर के पुजारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# डेड लाइन खत्म, 5वीं और 8वीं की कॉपियों का मूल्यांकन नहीं हुआ पूरा

### पांचवी में 9 हजार 349 और 8वीं की 40 हजार 353 उत्तर पुस्तिकाएं रह गईं शेष



**जागरण, रीवा।** पांचवी और आठवीं के उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन की डेड लाइन खत्म हो गई लेकिन कॉपियों का मूल्यांकन पूरा नहीं हो पाया। पांचवी की करीब 9 हजार 349 उत्तर पुस्तिकाएं मूल्यांकन के लिए शेष हैं। वहीं आठवीं की 40 हजार 353 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूरा नहीं हो पाया है। मूल्यांकनकर्ताओं की लापरवाही के कारण मूल्यांकन में रीवा पिछड़ गया। अब फिर से समयावधि बढ़ाई गई है।

ज्ञात हो कि मूल्यांकन कार्य के लिए 434 शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी। सभी मूल्यांकनकर्ता लाख कोशिशों के बाद भी मूल्यांकन कार्य पर उपस्थित ही नहीं हुए। इसके कारण समय पर मूल्यांकन कार्य नहीं हो पाया। मूल्यांकन कार्य 7 मार्च से शुरू हुआ। एक भी दिन मूल्यांकनकर्ता पूरी संख्या में डाइट नहीं पहुंचे। मूल्यांकनकर्ताओं की लापरवाही के कारण ही उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य समय पर पूरा नहीं हो पाया है। इसी लापरवाही के कारण अब कुछ दिनों के लिए मूल्यांकन की अवधि और बढ़ाई गई है। डाइट प्राचार्य जीपी उपाध्याय का कहना है कि 17 मार्च तक सभी उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूरा कर लेना था लेकिन मूल्यांकनकर्ता ही नहीं आए। इसके कारण ही विलंब हुआ है। मूल्यांकन कार्य की अवधि में कुछ दिनों की बढ़ोतरी की जाएगी। जल्द ही से जल्द उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूरा कराया जाएगा। बता दें कि इस मर्तबा 1 अप्रैल से नया शैक्षणिक सत्र भी शुरू हो जाएगा। मार्च में ही शिक्षा विभाग मूल्यांकन के बाद रिजल्ट जारी करना चाहती है। यही वजह है कि जल्द ही से जल्द मूल्यांकन कार्य पूरा कराने में राज्य शिक्षा केन्द्र जुटा हुआ है। सोमवार को भी मूल्यांकनकर्ताओं की संख्या पर्याप्त नहीं थी। सिर्फ 195 शिक्षक ही मूल्यांकन कार्य में पहुंचे। कार्रवाई का अल्टीमेटम जारी करने के बाद भी शिक्षकों में कोई असर नहीं पड़ रहा है।

### पांचवी उर्दू की कॉपियां एक भी नहीं चेक हुई

कक्षा पांचवी में 32 हजार 979 कॉपियां पहुंची। इसमें से 23 हजार 630 उत्तर पुस्तिकाएं चेक हो गई हैं। 9 हजार 349 कॉपियां शेष हैं। इसी तरह आठवीं में 88 हजार 143 कॉपियां पहुंची। इसमें से 47 हजार 790 कॉपियां चेक हुई। 40 हजार 353 कॉपियां चेक होने के लिए शेष हैं। पांचवी में प्रथम भाषा का मूल्यांकन प्रतिशत 98 है। पर्यावरण का 62, गणित का 59 और अंग्रेजी का मूल्यांकन प्रतिशत 63 है। उर्दू की कॉपियां चेक ही नहीं हुई। इसी तरह आठवीं में प्रथम भाषा हिंदी, अंग्रेजी का मूल्यांकन प्रतिशत 50 है। गणित की कॉपियां 70 फीसदी ही चेक हो पाई हैं। इसी तरह तृतीय भाषा की कॉपियां 64, विज्ञान और पर्यावरण की 55, द्वितीय भाषा, सामान्य विज्ञान की 70 और द्वितीय भाषा हिंदी की 45 फीसदी, संस्कृत की 20 फीसदी कॉपियां ही चेक हो पाई हैं।

## गांवों की खाक छानेंगे शिक्षक, दो दिन चलेगा सर्वे अभियान

# चुनाव की तरह होगा छात्रों के शैक्षणिक स्तर का सर्वे, रीवा से विकासखंडों में भेजी जाएगी टीम

### एफएलएन सर्वे में दूसरी और तीसरी के छात्रों के शैक्षणिक स्तर की जानकारी ली जाएगी

### डाइट से रवाना की जाएगी टीम, सुबह जाएगी, शाम को सर्वे कर लौटेगी

**जागरण, रीवा**

स्कूल शिक्षा विभाग शहर से लेकर गांव तक छात्रों के शैक्षणिक स्तर का आंकलन करने सर्वे करने जा रही है। दो दिन यह सर्वे चलेगा। सभी ब्लाक में रीवा से शिक्षकों की टीम भेजी जाएगी। दिन भर सर्वे करने के बाद शाम को टीम लौटेगी। दूसरी और तीसरी कक्षा के छात्रों को सर्वे में शामिल किया गया है। सभी ब्लाक से 10-10 स्कूलों को चिन्हित किया गया है।

डाइट प्राचार्य गंगा प्रसाद उपाध्याय ने बताया है कि जिले के सभी 09 विकासखंडों में प्रत्येक विकासखंडों में प्रत्येक विकासखंड में चयनित 10-10 विद्यालयों के कक्षा दूसरी और तीसरी में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों का एंडलाइन सर्वे 19 और 20 मार्च को पूरे जिले में आयोजित हो रहा है। इसके लिए फील्ड इन्वेस्टिगेटर की नियुक्ति की जा चुकी है। 19 मार्च की सुबह 7 बजे डाइट संस्थान से सभी विकासखंडों के लिए निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार वाहन रवाना किया जाएगा। इसमें एक एक वाहन में करीब 8 एफआई अपने किट्स के साथ निर्धारित स्कूलों में पहुंचेंगे तथा सर्वे का कार्य पूर्ण कर शाम को वापस आकर डाइट में सामग्री जमा करेंगे। एफएलएन सर्वे तीन चरणों में हो रहा है। प्रथम चरण 2023 में हुआ था। जिसे बेसलाइन सर्वे का नाम दिया गया था। वर्ष 2024 में मिडलाइन सर्वे हुआ और अब 2025में एंडलाइन सर्वे हो रहा है। इस सर्वे में शासकीय प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा 2 और 3 के छात्रों के शैक्षणिक स्तर, बुनियादी साक्षरता, संख्या ज्ञान अर्थात फाउंडेशनल लिटरेसी और न्यूमैरेसी एफएलएन की जानकारी प्राप्त करने के लिए यह सर्वे किया जा रहा है।

### जन शिक्षकों की लगाई गई है ड्यूटी

सर्वे के कार्य के लिए जनशिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। सभी जनशिक्षकों को विकासखंडों में चिन्हित स्कूलों में सर्वे के लिए भेजा जाएगा। इन सभी जन शिक्षकों को फील्ड इन्वेस्टिगेटर नाम दिया गया है। यह इन्वेस्टिगेटर क्षेत्र में जाकर दूसरी और तीसरे के छात्रों से मुलाकात करेंगे और उनके शैक्षणिक स्तर का आंकलन करेंगे। यह सर्वे दो दिनों तक चलेगा।

### चुनाव जैसा होगा पूरा कार्यक्रम

जैसे चुनाव के दौरान जैसे पोलिंग पार्टी को पोलिंग बूथ में छोड़ा जाता है फिर चुनाव के बाद सभी को बारी बारी से एकत्र कर लाया जाता है, ठीक उसी तरह से यह सर्वे भी होगा। सुबह 7 बजे टीम वाहनों से क्षेत्र के लिए रवाना होगी। एक वाहन में 8 इन्वेस्टिगेटर होंगे। निर्धारित क्षेत्र और स्कूलों में शिक्षकों को वाहनों से उतार दिया जाएगा। दिनभर फील्ड इन्वेस्टिगेटर क्षेत्र में सर्वे करेंगे। इसके बाद सभी को बारी-बारी से वाहन पिक करेगा। इसके बाद सभी को लेकर रीवा वाहन पहुंचेगा। डाइट में सारी सामग्री जमा की जाएगी।

# 12वीं बोर्ड परीक्षा में 17 हजार 246 छात्र हुए शामिल, 226 रहे अनुपस्थित

### रसायन शास्त्र, इतिहास, व्यवसायिक अध्ययन, एलीमेंट ऑफ साइंस, होम मैनेजमेंट, ड्राइंग एवं पेंटिंग विषय की हुई परीक्षा

**जागरण, रीवा।** सोमवार को रीवा और मऊगंज के परीक्षा केन्द्रों में 12वीं की बोर्ड परीक्षा आयोजित की गई। रसायन शास्त्र, इतिहास, व्यवसायिक अध्ययन, एलीमेंट ऑफ साइंस, होम मैनेजमेंट, ड्राइंग एवं पेंटिंग विषय की परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा में 17 हजार 472 छात्र रजिस्टर्ड थे लेकिन 226 छात्रों ने परीक्षा नहीं दी। परीक्षा के दौरान किसी तरह का नकल प्रकरण भी नहीं बना। ज्ञात हो कि बोर्ड परीक्षाओं का दौर जारी है। सोमवार को 12वीं बोर्ड की रसायन शास्त्र, इतिहास, व्यवसायिक अध्ययन, एलीमेंट ऑफ साइंस, होम मैनेजमेंट, ड्राइंग एवं पेंटिंग विषय की परीक्षाएं आयोजित की गईं। हनुमना, नईगढ़ी, गंगेव, त्योंथर , जवा, सिरमौर में परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में 226 छात्र अनुपस्थित रहे। परीक्षा सुबह 9 से 12 बजे तक आयोजित की गई। परीक्षा के दौरान नकल प्रकरण रोकने के लिए निरीक्षण दल भी सक्रिय रहा। जिला शिक्षा अधिकारी का निरीक्षण दल क्रमांक 1 ने सरस्वती उमावि हनुमना, शासकीय बालक उमावि हनुमना, शासकीय कन्या उमावि एमरल्ड हाइट्स उमावि हनुमना का निरीक्षण किया। इसी तरह निरीक्षण दल क्रमांक 2 सहायक संचालक राजेश मिश्रा की टीम ने आर्योदय पब्लिक उमावि अतरैला, शाउमावि पनवार, शासकीय मॉडल उमावि जवा, जवा उमावि जवा, शाउमावि सितलहा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कहीं कोई भी नकल प्रकरण सामने नहीं आया।

### बीईओ की टीम ने 5 केन्द्रों का किया निरीक्षण

सोमवार को 12वीं बोर्ड परीक्षा के दौरान बीईओ की टीम भी निरीक्षण को लेकर सक्रिय रही। 12वीं के जीव विज्ञान समूह की अंतिम परीक्षा आयोजित की गई। इसके साथ ही कला एवं वाणिज्य समूह के भी एक-एक प्रश्न पत्र की परीक्षा आयोजित की गई। रीवा विकासखंड अधिकारी आरएल दीपांकर ने टीम के साथ शाउमावि गोड़हर, अशासकीय उमादत्त स्कूल ढेकहा, सरस्वती उमावि दीन दयालधाम पड़रा, सरस्वती उमावि जेल मार्ग, फ्रोमेंस मेमोरियल स्कूल का निरीक्षण किया। निरीक्षण में किसी तरह की गड़बड़ी नहीं मिली। निरीक्षण के दौरान बीईओ के साथ संजय द्विवेदी, शिवेन्द्र पाण्डेय, अंजू सिंह और रामयश पाल शामिल रहे।

# सार्थक ऐप में दर्ज उपस्थिति के आधार पर मिलेगा अप्रैल का वेतन

### उच्च शिक्षा विभाग ने महाविद्यालयीन लोकसेवकों पर लगाया अंकुश

**जागरण, रीवा।** सरकारी महाविद्यालयों में पदस्थ नियमित शिक्षकों व अतिथि विद्वानों को सार्थक एप में नियमित हाजिरी दर्ज करानी है। नॉन परफार्मिंग शैक्षणिक संवर्ग को चिन्हित करने शासन ने जो पैमाने तय किए हैं, उनमें से एक सार्थक एप भी है। उक्त जानकारी पूर्व में आयुक्त, उच्च शिक्षा द्वारा दी जा चुकी है। अब विगत सप्ताह विभाग ने एक और आदेश जारी किया है। इस आदेश में कहा गया है कि सभी महाविद्यालयीन लोकसेवकों का मार्च पेड अप्रैल माह का वेतन सार्थक एप में दर्ज उपस्थिति के आधार पर किया जाए। प्राचार्यों को इस बाबत उक्त आदेशानुसार वेतन भुगतान कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया है। गौरतलब है कि अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, क्षेत्रीय कार्यालय रीवा अंतर्गत रीवा व शहडोल सम्भाग के जिले आते हैं। इन दोनों सम्भाग में 9 जिले हैं, जिसमें 88 सरकारी महाविद्यालय हैं। सत्र 2024-25 के आरम्भ से विभाग ने इन सभी सरकारी महाविद्यालयों में सार्थक एप की व्यवस्था लागू की है। जिसके तहत महाविद्यालय के समस्त नियमित शिक्षकों, अतिथि विद्वानों, जनभागीदारी शिक्षकों, प्राचार्य, क्रीड़ाधिकारी, ग्रंथपाल की उपस्थिति अब सार्थक एप में दर्ज कराई जा रही है। इसके अलावा, गैर शैक्षणिक वर्ग के अधिकारी, कर्मचारियों की भी इस एप के जरिये ही नियमित हाजिरी दर्ज कराने के निर्देश हैं। उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त ने व्यवस्था लागू करते हुए महाविद्यालय प्राचार्यों को उक्त आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए पहले ही कहा है।

### प्राचार्य अपनी आइडी से करेंगे परीक्षण

आयुक्त उच्च शिक्षा द्वारा पूर्व में जारी पत्र में उल्लेखित है कि इस एप के जरिये दैनंदिनी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित होगी। सभी को अपने मोबाइल पर सार्थक एप्लीकेशन डाउनलोड करना है। यह आदेश पीएम उत्कृष्ट महाविद्यालयों व संस्कृत महाविद्यालयों पर भी लागू है। महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा अपनी आइडी से प्रतिमाह सभी शिक्षकों व अधिकारियों की उपस्थिति का परीक्षण किया जायेगा। इस एप के संचालन हेतु जिला अग्रणी प्राचार्य जिला नोडल व एडी रीवा पर्यवेक्षक अधिकारी की भूमिका में हैं, जो ऑनलाइन उपस्थिति का मैदानी परीक्षण करेंगे।

### सिर्फ नियमित लोकसेवकों को हो रही कठिनाई

विदित हो कि विभाग द्वारा लागू की गई इस व्यवस्था से बचने का प्रयास लगातार संबंधित लोकसेवक कर रहे हैं। कभी नेटवर्क का न हो तो कभी एप का ठीक से काम न करने की शिकायत हो रही है। फिर भी तीन लाख वेतन पाने वाले शिक्षकों पर लगाम कसने इस बार विभाग पूरी तरह संजीदा दिख रहा है। तभी तो रिटायरमेंट की कगार पर खड़े कई नियमित शिक्षक वीआरएस तक लेने का मन बना चुके हैं। इधर, अतिथि विद्वान विभाग के इस नियम को यथावत रखने समर्थन जता रहे हैं, जिससे माना जा रहा है कि विभाग के इस नियम का पालन करने में सबसे ज्यादा कठिनाई नियमित लोकसेवकों को हो रही है।

# सर्व सम्मति से चुने गये नामदेव समाज के पदाधिकारी



**रीवा।** नामदेव समाज की बैठक समाज के वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. रामनरेश नामदेव के कृष्णा नगर स्थित निवास में आयोजित की गई। बैठक में होली मिलन व नगर अध्यक्ष के चुनाव के कार्यक्रम को प्रस्तावित कर समाजजनों के समक्ष नामदेव समाज विकास परिषद द्वारा शहर के समाजसेवी राजेश नामदेव लाला को निर्विरोध सर्व सम्मति से नगर अध्यक्ष चुना गया, साथ ही सचिव पद के लिए डॉ. रामनरेश नामदेव व कोषाध्यक्ष मोतीलाल नामदेव को चुना गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी कुंज बिहारी नामदेव ने की। चुनाव अधिकारी के रूप में एडवोकेट राजेंद्र कृष्णा नामदेव व वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र नामदेव को प्रस्तावित कर उनकी देख-रेख में चुनाव संपन्न कराया गया, समाजजनों ने आपस में चर्चा कर एक ध्वनि मत के साथ नगर अध्यक्ष पद के लिए राजेश नामदेव लाला को चुना गया। तत्पश्चात समाज के वरिष्ठ व पूर्व प्रांताध्यक्ष स्व.रामपाल नामदेव को याद कर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करने के बाद एक दूसरे को गुलाल लगाकर और गले मिलकर होली मिलन समारोह मनाया गया। नवनियुक्त नगर अध्यक्ष को बधाई देने वालों में मुख्य रूप से श्रीचंद्र नामदेव, राजेश नामदेव राजू, डॉ. रामनरेश नामदेव, पद्मेंद्र नामदेव, मोती नामदेव, संतोष नामदेव पत्रकार, नत्थू नामदेव, गणेश नामदेव, विवेक नामदेव, संतोष नामदेव, बृजकिशोर नामदेव, विनोद नामदेव, इंद्रमणि नामदेव, केशव नामदेव, नवीन नामदेव, संतोष नामदेव रानी , कमल नामदेव, रश्मि नामदेव सहित आदि लोग शामिल रहे। नवनियुक्त नगर अध्यक्ष राजेश नामदेव द्वारा सभी समाज जनों का बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया गया।

## अंतरजिला क्रिकेट प्रतियोगिता (अंडर-14) का आगाज

# सीधी एवं रीवा की टीमों ने जीते अपने-अपने मैच

### सीधी के सिद्धांत सिंह ने खेली 162 रनों की नाबाद पारी




**जागरण, रीवा।** मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के निर्देशानुसार एवं रीवा डिविजनल क्रिकेट एसोसिएशन के आयोजकत्व में रीवा डिवीजन की 14 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ियों की अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता जो रीवा डिवीजन के पूर्व दिवंगत खिलाड़ी स्व.असद खान की स्मृति में आयोजित की जाती है, का शुभारंभ रीवा एवं सीधी में एक साथ हुआ। रीवा डिविजनल क्रिकेट एसोसिएशन के मानसेवी सह सचिव देवेश शुक्ला के द्वारा बताया गया की इस प्रतियोगिता के ग्रुप ए के तहत सीधी के छत्रसाल स्टेडियम में मेजबान सीधी एवं मैहर जिलों की टीमों के बीच मैच खेला गया। जिसमें टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए सीधी जिले की टीम ने अपने बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर निर्धारित निर्धारित 50 ओवरों में पांच विकेट खोकर 352 रनों का विशाल स्कोर बनाया। जीत के लिए मिले 352 रनों के पहाड़ जैसे लक्ष्य का सामना मऊगंज के बल्लेबाज नहीं कर सके और उनकी पूरी टीम मात्र 78 रनों पर आउट हो गयी। इस तरह सीधी ने 227 रनो की विशाल लीड लेकर ज्यादा अंक बनाते हुए ग्रुप बी में पहला स्थान हासिल किया।

### रीवा ने हासिल किए 3 अंक

वहीं रीवा के एमपीसीए क्रिकेट मैदान में ग्रुप ए के तहत रीवा एवं मैहर के बीच खेला गया मैच बेहद रोमांचक रहा, जिसमें पहली बार भाग ले रही मैहर जिले की टीम ने रीवा को कड़ी टक्कर दी तथा अपने खेल से सभी को प्रभावित किया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए मैहर की टीम 47 ओवरों में 140 रन बनाकर आउट हो गयी। मैहर की लिये निहाल त्रिपाठी ने सर्वाधिक 44 रन बनाए एवं युग सिंह ने 29 रनों का योगदान दिया। रीवा की ओर से सार्थक मिश्रा ने 3 विकेट लिए जबकि शरद शुक्ला एवं आरव शुक्ला ने दो-दो विकेट लिए। जवाबी पारी में रीवा के बल्लेबाज लगातार आउट होते रहे जिस कारण मैच अंत तक रोमांचक बना रहा व दोनों टीमें जीत की दावेदार थीं, पर भला हो रीवा के कप्तान आदित्य श्रीवास्तव का जिन्होंने एक छोर पकड़ कर दम से बल्लेबाजी की व शानदार 76 रन बनाकर रीवा को पहली पारी में लीड दिला दी। रीवा ने 8 विकेट खोकर 149 रन बनाकर 3 अंक अर्जित किए तथा ग्रुप बी मे पहला स्थान बनाया। मैच चयनकर्ता के रूप में वरिष्ठ पूर्व संभागीय खिलाड़ी महेंद्र सिंह उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के दूसरे दिन आज 18 मार्च को सीधी में सिंगरौली एवं मऊगंज के टीमों के बीच ग्रुप ए का दूसरा मैच जबकि रीवा के एमपीसीए क्रिकेट मैदान में मैहर एवं सतना की टीमों के बीच ग्रुप बी के दूसरे दौर का मैच खेला जाएगा।

## सीएम राइज स्कूल के शिक्षकों का वित्तीय समावेशन प्रशिक्षण आज

**रीवा।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा सीएम राइज स्कूल में पदस्थ शिक्षकों को ऑनलाइन प्रशिक्षण 18 मार्च को दोपहर 3 बजे से दिया जाएगा। इस संबंध में अग्रणी बैंक प्रबंधक जगमोहन ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को वित्तीय समावेशन के संबंध में आवश्यक जानकारियाँ प्रदान करना है। प्रशिक्षण के बाद शिक्षक अपने स्कूल के कक्षा आठवीं से दसवीं तक के विद्यार्थियों को वित्तीय साक्षरता की जानकारी दे सकेंगे। प्रशिक्षण पूरी तरह से निःशुल्क है इसमें सीएम राइज स्कूलों में पदस्थ सभी शिक्षक शामिल हो सकते हैं। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सीएम राइज स्कूल के प्राचार्यों के माध्यम से लिंक शिक्षकों को उपलब्ध कराई गई है। अग्रणी बैंक प्रबंधक ने सीएम राइज स्कूल के शिक्षकों से प्रशिक्षण में शामिल होने की अपील की है।

ONLINE EXPRESSION OF INTEREST INVITED FOR PARTNERSHIP WITH
SANT SHIROMANI RAVIDAS GLOBAL SKILLS PARK

The Government of Madhya Pradesh has set up Sant Shiromani Ravidas Global Skills Park (SSRGSP) at Bhopal under the "Madhya Pradesh Skills Development Project" with the financial support of the Asian Development Bank. The project aims to equip the youth of Madhya Pradesh with advanced skills relevant to the international level to meet the emerging demands in the priority manufacturing and services sectors.

The training programs of SSRGSP are delivered through the Centre for Occupational Skills Acquisition (COSA). There are two ways of program delivery COSA-1 & COSA-2.

**COSA-1** Programs are developed by knowledge partners and delivered by SSRGSP. Typically, these programs are long-term (6-12 months duration).

**COSA-2** Programs are industry-led training programs. These programs will be developed and operated by reputed private companies, Academic institutes, and PSUs. The main purpose of these courses is to provide demand-driven courses for market needs.

For **COSA-2**, SSRGSP shall provide necessary training infrastructure (Shell Space) and other basic amenities and these courses will be operated by partners on Revenue/Profit sharing basic.

Online Expression Of Interest (EOI) applications from interested parties are invited from reputed private sector organisations; Academic institutions, Industry lead foundations and Government (both central and state) Training institutes/Advanced Training Institutes/Centre of Excellence/Tool rooms for partnership with SSR Global Skills Park to design & operate Skill Development programs to be housed in COSA-2.

This is a rolling advertisement and all the submitted expressions will be evaluated monthly or as per the decision of the CEO, SSRGSP.

For more details, please visit www.globalskillspark.in or reach us at dirextrel.gspbhopal@mp.gov.in.

**Chief Executive Officer**
**Sant Shiromani Ravidas Global Skills Park**
**Bhopal**

SANT SHIROMANI RAVIDAS
GLOBAL SKILLS PARK
Hazrat Nizamuddin Colony Road, Narela Shankari, Bhopal,
Madhya Pradesh- 462022
युवा मिशन

G-24443/24
ceo.gspbhopal@mp.gov.in dirextrel.gspbhopal@mp.gov.in 0755-2706205

## ग्राहक पंचायत ने मनाया होली मिलन समारोह



**रीवा।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत द्वारा होली मिलन का कार्यक्रम जिला सचिव डॉ. व्योमकेश शुक्ल के निवास अनन्तपुर में मनाया गया। जिसमें बाल रामायण संगीत मंडली के रोहन एवं अन्य बाल कलाकारों द्वारा सुमधुर भजन एवं फाग गीत की प्रस्तुति दी गई। प्रबुद्धजनों को ग्राहक के अधिकार और खाद्य पदार्थों में हो रही मिलावट और उसके जांच के तरीकों की जानकारी दी गई। होली मिलन कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जगदीश कुमार मिश्रा ने की। मुख्य अतिथि विजेन्द्र गौतम एवं विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के डॉ. कृपाशंकर तिवारी रहे। इनके अलावा जिला उपाध्यक्ष कमलेश प्रसाद वर्मा, प्रमोद गुप्ता, जिला सह सचिव राजकुमार सिंह, सुरेश राय, महिला आयाम प्रमुख राजश्री सिंह, विधि आयाम प्रमुख डॉ. बृजेन्द्र सिंह परिहार, डॉ. प्रतिभा तिवारी सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION SATNA, DIST - SATNA (M.P.)

**Notice Inviting e-Tenders**

NIT No. 16/Workshop/e-tendering/2024-25 Satna, Dated: 07/03/2025

Online tender through e-tendering is invited by Satna Municipal Corporation (SMC), Satna, (M.P.) for the works of given in the table below.

| S. No | Tender No. | Name of the work | Probable amount of contract | Earnest Money Deposit (EMD) (In Rs) | Cost of Bid Document (In Rupees) | Time of Completion/Supply |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025 UAD 407844_1 | SUPPLY OF 02 NUMBER TRACTOR LOADERS VEHICLE WITH WARRANTY OF 03 YEARS (IVth Call) | 39,76,560/- | 50,000/- | 5,000/- | 01 Month |

1.Interested Bidder can view the NIT on website http://www.mptenders gov in and www.mpurban.gov.in 2. The Bid Document can be purchased only Online 15:30 of 08.03.2025 to 17:30 of 24.03.2025. 3. Amendment to NIT, if any, would be published on website only, and not in Newspaper.

**Executive Engineer Municipal Corporation Satna (M.P.)**

दैनिक जागरण
www.dainikjagranmpcg.com
रीवा, 18 मार्च 2025 चैत्र कृष्ण 4 संवत 2081
संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

**॥गीता॥**

**गुरु शुश्रुषया विद्या पुष्कलेन् धनेन वा।**
**अथ वा विद्यया विद्या चतुर्थो न उपलभ्यते॥**

**भावार्थ :** विद्या गुरु की सेवा से, पर्याप्त धन देने से अथवा विद्या के आदान-प्रदान से प्राप्त होती है। इसके अतिरिक्त विद्या प्राप्त करने का चौथा तरीका नहीं है।



# शांतिपूर्ण प्रदर्शन को हिंसा का समर्थन कहना ठीक नहीं

अमेरिका में कोलंबिया यूनिवर्सिटी की भारतीय मूल की पीएचडी स्टूडेंट रंजनी श्रीनिवासन का एफ-1 वीजा रद्द होने की वजह से निर्वासन पर मजबूर होना पड़ा, जो दुखद है। उनका वीजा कथित तौर पर यूनिवर्सिटी कैंपस में फलस्तीन के समर्थन में हुए प्रदर्शन में शामिल होने की वजह से रद्द किया गया था। अमेरिकी होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट की ओर से कहा गया कि अमेरिका में रहने और पढ़ने के लिए जिन लोगों को वीजा मिलता है, यह उनके लिए सम्मान की बात होनी चाहिए। उसने यह भी कहा कि अगर वे हिंसा और आतंकवाद की तरफदारी करते हैं तो उनसे यह सम्मान वापस ले लिया जाना चाहिए। लेकिन क्या रंजनी ने हिंसा और आतंकवाद का समर्थन किया था? अगर हां तो ट्रंप प्रशासन ने इसके सबूत क्यों नहीं दिए। फलस्तीन के समर्थन में शांतिपूर्ण प्रदर्शन में शामिल होने को हिंसा और आतंकवाद का समर्थन करना नहीं माना जा सकता। दरअसल, इस संघर्ष की सचाई यह है कि इजराइल ने फलस्तीन के बड़े इलाके पर कब्जा किया हुआ है और हमास के उसके क्षेत्र में आतंकवादी हमला करने और इजराइलियों को बंधक बनाए जाने के बाद बिन्यामिन नेतन्याहू सरकार गाजा में सैन्य अभियान चला रही है, जिसमें बड़ी संख्या में फलस्तीनी मारे गए हैं। रंजनी के मामले में ट्रंप प्रशासन ने कहा है कि उनका वीजा राष्ट्रीय सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए रद्द किया गया। ट्रंप के गाजा पर दिए गए प्रस्ताव की तरह ही यह भी हास्यास्पद है। आखिर एक स्टूडेंट से अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा को क्या खतरा हो सकता है?

**कोलंबिया यूनिवर्सिटी की पीएचडी स्टूडेंट रंजनी श्रीनिवासन को फलस्तीन समर्थक प्रदर्शन के चलते निर्वासन का सामना करना पड़ा। ट्रंप प्रशासन ने राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देते हुए उनका एफ-1 वीजा रद्द कर दिया, बावजूद इसके कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन को हिंसा और आतंकवाद का समर्थन नहीं कहा जा सकता।**

ट्रंप सरकार को याद रखना चाहिए कि रंजनी जैसे उच्च शिक्षित स्टूडेंट्स ने अमेरिका के विकास में सराहनीय योगदान दिया है। वे कई शीर्ष अमेरिकी कंपनियों का नेतृत्व कर रहे हैं। रंजनी का निर्वासन उस लोकतंत्र की भावना के भी खिलाफ है, जिसके केंद्र में अभिव्यक्ति की आजादी रहा है और अमेरिका को वैश्विक स्तर पर लोकतांत्रिक मूल्यों का संरक्षक भी माना जाता रहा है।

**प्रसंगवश**

## देश की धूमिल हुई छवि की क्षतिपूर्ति संभव नहीं

हाल के दिनों में भारत में यौन अपराधों की बाढ़-सी आई हुई है। न केवल विदेशियों बल्कि भारतीय महिलाओं के साथ घृणित यौन अपराधों की तमाम घटनाएं प्रकाश में आ रही हैं। हंपी की घटना तो भयावह थी, जिसमें रात में कैंपिंग कर रहे तीन पर्यटकों को नहर में



**कर्नाटक के हंपी में इजराइली पर्यटक समेत दो महिलाओं के साथ गैंगरेप की घटना का मामला ठंडा भी नहीं पड़ा था कि दिल्ली में एक ब्रिटिश पर्यटक से दुराचार का घृणित मामला सामने आया है। निश्चय ही यह देश की छवि को धूमिल करने वाला कृत्य है। देश की प्रतिष्ठा को जो आंच आई है, उसकी क्षतिपूर्ति संभव नहीं।**

फेंक दिया गया और तीन अपराधियों ने इजराइली महिला व एक भारतीय महिला से सामूहिक दुष्कर्म किया। दोनों महिलाओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं नदी में फेंके गए एक पर्यटक की मौत हो गई, जिसका शव बरामद कर लिया गया। पर्यटकों में एक अमेरिकी व दो भारतीय थे। बदमाशों ने न केवल दुष्कर्म किया बल्कि मारपीट व लूटपाट भी की। हालांकि, तीनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन देश की प्रतिष्ठा को जो आंच आई है, उसकी क्षतिपूर्ति संभव नहीं। विदेशों में भारत की छवि यौन अपराधियों के चलते लगातार खराब हो रही है। गाहे-बगाहे सुनसान पर्यटक स्थलों पर यौन दुर्व्यवहार की घटनाएं अक्सर सुनने को मिलती हैं। वहीं दूसरी ओर दिल्ली के एक होटल में एक ब्रिटिश पर्यटक के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया। एक युवक ने सोशल मीडिया पर दोस्ती करके भारत घूमने आई ब्रिटिश महिला को दिल्ली बुलाया और एक होटल में दुष्कर्म किया। इस मामले में ब्रिटिश दूतावास ने संज्ञान लिया है। बहुत संभव है कि विदेशी सरकारें भारत आने वाले पर्यटकों को लेकर कोई नकारात्मक एडवाइजरी जारी करें।

भारत में यौन अपराधों की बाढ़-सी आई हुई है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि इस नैतिक पराभव का कारण क्या है। कहीं न कहीं ये जीवन मूल्यों में क्षरण का भी परिचायक है। दरअसल, इंटरनेट और कुछ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अश्लील सामग्री की बाढ़-सी आई हुई है। देश का युवा उसकी चपेट में आकर भटकाव की राह में बढ़ रहा है। सामाजिक स्तर पर संयुक्त परिवारों के बिखराव से भी यह संकट और बढ़ा है। गांव व शहर में पहले सामाजिक संरचना मनुष्य को संयमित व मर्यादित जीवन जीने को बाध्य करती थी। हमारी शिक्षा व्यवस्था से नैतिक शिक्षा की कमी भी अखरती है। दरअसल, सोशल मीडिया पर ऐसे कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जा रहा है जो पश्चिमी जीवन शैली की तर्ज पर स्वच्छंद यौन व्यवहार को प्रोत्साहित करते हैं। जिसे युवा सामान्य जीवन में स्वच्छंदता का पर्याय मानने लगा है। कहीं न कहीं महानगरीय संस्कृति में नई पीढ़ी पर परिवार संस्था की ढीली होती पकड़ भी इन अपराधों के मूल में है। समाज विज्ञानियों को आत्ममंथन करना होगा कि यौन अपराधों को लेकर सख्त कानून बनने के बावजूद इस आपराधिक प्रवृत्ति पर अंकुश क्यों नहीं लग पा रहा है। इस दिशा में सरकार, समाज व परिवार को गंभीरता से मंथन करना होगा। अन्यथा भारत यौन अपराधों की राजधानी बनने में देर नहीं लगेगी।

# देश भर के पर्यटन स्थलों का एक समान विकास जरूरी

**पर्यटन उद्योग**

**भारत की विकास दर हाल ही में गिरकर 5.7 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जबकि भविष्य में इसे 7 प्रतिशत पर लाने की उम्मीद है। निवेश की कमी के बावजूद, प्रधानमंत्री ने पर्यटन और विंटर टूरिज्म जैसे क्षेत्रों को बढ़ावा देने की दिशा में कदम उठाए हैं। 'धूप सेको पर्यटन' का गढ़वाली शब्द प्रस्तुत किया है, जिसका उद्देश्य शीतकाल में पर्यटकों को नया अनुभव देना है।**

**सुरेश सेठ**

भारत की विकास दर वर्तमान में दुनिया के समृद्ध देशों से बेहतर है, लेकिन हाल के सर्वेक्षणों के अनुसार पिछली दो तिमाहियों में यह 7 प्रतिशत से नीचे गिरकर 5.7 प्रतिशत तक पहुंच गई। हालांकि भविष्य में 7 प्रतिशत विकास दर बनाए रखने का अनुमान है। भारतीय विकास यात्रा के रास्ते में कई अवरोध खड़े हो गए हैं। जहां पूंजी निर्माण नहीं हो रहा। भारत को उसकी उदार अनुकम्पा नीति और रियायती राशन वितरण के कारण एक ऐसा देश माना गया है, जहां लोग काम की बजाय आराम पसंद करने लगे हैं। पिछले दिनों प्रधानमंत्री ने इस स्थिति से उबरने के लिए एक नया नारा दिया है कि भारत का पर्यटन क्षेत्र सबसे अधिक कमाई वाला क्षेत्र है। यहां चार प्रकार का पर्यटन होता है– रमणीक पर्यटन, साहसिक पर्यटन, मेडिकल पर्यटन और धार्मिक पर्यटन। इनमें से मेडिकल पर्यटन में काफी विकास की संभावना है। हालांकि, मोदी जी ने मेडिकल सीटों को रिकार्ड स्तर पर बढ़ाने की घोषणा की है, लेकिन अभी भी मेडिकल शिक्षा गरीब बच्चों के लिए एक सपना ही बनी हुई है।

राजस्थान में कहते हैं, पधारो म्हारे देश... कृषि के बाद देश का सबसे बड़ा रोजगार प्रदान करने वाला सेक्टर पर्यटन का है। बीते एक दशक में भारत ने विकास और आर्थिक प्रगति की जो राह पकड़ी है, उस में देश के पर्यटन उद्योग की बड़ी भूमिका रही है। देश का जो वैश्विक उभार सामने आया है, उसने दुनिया की नजर में भारत को सबसे पसंदीदा स्थल के रूप में स्थापित किया है। भारत को विश्व में एक ऐसे देश के रूप में प्रतिष्ठित किया है, जिसके पास हजारों वर्षों की परंपरा और इतिहास है। भारत आज जब उद्यम और विकास की नई पटकथा लिख रहा है। 70 मिलियन प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा करने वाला पर्यटन क्षेत्र भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में एक बड़ा रोल निभा सकता है।




रमणीक और धार्मिक पर्यटन की बात करें तो धार्मिक पर्यटन में श्री अमरनाथ यात्रा को भी गिना जा सकता है, जो जल्द शुरू हो रही है। अनुच्छेद 370 के उन्मूलन के बाद जम्मू-कश्मीर में माहौल सुधरा है। वैष्णो देवी यात्रा में रिकार्ड टूट रहे हैं। इसके लिए सड़कों की स्थिति और पर्यटकों के ठहरने की व्यवस्था को सुधारना जरूरी है, ताकि दलाल इन्हें अपनी लूट का शिकार न बना सकें। अगर टूरिज्म को बढ़ावा देना है, तो प्रधानमंत्री का विचार है कि विंटर टूरिज्म को भी कारोबारी दुनिया का हिस्सा बना दिया जाए। शीतकालीन तीर्थाटन और बारहमासी पर्यटन को बढ़ावा देने से पर्यटन क्षेत्र को अधिक कमाई मिल सकती है। लेकिन किसी भी पहाड़ी राज्य को देखें, तो जब ऑफ-सीजन होते हैं, तब होटल खाली रहते हैं और रमणीक स्थल सूने होते हैं।

इसके अलावा, पर्यावरण प्रदूषण और असाधारण मौसम भी एक बड़ी चुनौती बन गई है। जैसे हाल ही में बर्फबारी और बारिश के कारण हिमाचल प्रदेश में लगभग सैकड़ों सड़कें बंद हो गई थीं। इन समस्याओं को ध्यान में रखते हुए, पर्यटन क्षेत्र में उचित उपायों की आवश्यकता है।

मोदी ने विंटर टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए 'धूप सेको पर्यटन' का गढ़वाली शब्द प्रस्तुत किया है, जिसका उद्देश्य शीतकाल में पर्यटकों को नया अनुभव देना है। हालांकि, बर्फबारी और हिमस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं के कारण शीतकालीन पर्यटन खतरनाक हो सकता है, जिससे न केवल स्थानीय लोगों बल्कि पर्यटकों की जान भी जोखिम में पड़ सकती है। इसके बावजूद, शीतकालीन पर्यटन को बढ़ाने से हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और अन्य रमणीक स्थलों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सकता है। इसके साथ ही, भारत में वैडिंग इकोनामी के रूप में हजारों करोड़ रुपये का कारोबार है, जो शादियों की धूमधाम और आर्थिक सामर्थ्य को दर्शाता है। पिछले दिनों एक नया चलन शुरू हुआ, जिसमें विदेशी स्थलों को वैडिंग डेस्टिनेशन के रूप में चुना जाने लगा। मोदी जी ने इस पर अपील की है कि वैडिंग डेस्टिनेशन हमारे अपने देश में तलाशे जाएं। राजस्थान के जयपुर और उदयपुर, लक्षद्वीप और कश्मीर की वादियां वैडिंग डेस्टिनेशन के लिए उपयुक्त हैं। भारतीय फिल्म इंडस्ट्री पहले कश्मीर का रुख करती रही है, अब उत्तराखंड की ओर भी जा सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया के कई देश विंटर टूरिज्म के लिए प्रसिद्ध हैं, तो हमारा देश क्यों नहीं?

पर्यटन विशेषज्ञों का कहना है कि जब मनाली में भारी बर्फबारी देखने के लिए पर्यटक आते हैं, तो शिमला सूना हो जाता है। यह दिखाता है कि सभी पर्यटन स्थलों और यात्री सुविधाओं का समान रूप से विकास होना चाहिए। लेकिन इस समावेशी विकास में हम लघु और कुटीर उद्योगों को क्यों भूल रहे हैं? अगर देश को विकसित बनाना है, तो इन उपेक्षित पहलुओं को भी विकास यात्रा में शामिल करना होगा। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि बेरोजगार महिलाओं को भी उत्पादन प्रक्रिया में शामिल किया जाए। तभी हमारा देश एक संतुलित और विकसित आर्थिक रूप प्राप्त कर सकेगा।

**सामयिक**

# आत्महत्या की दर में कमी लेकिन अब भी बड़ी चुनौती

**भारत में आत्महत्या से होने वाली मृत्युदर में 31.5 प्रतिशत की कमी आई है, लेकिन यह अब भी बड़ी चुनौती है। द लैंसेट पब्लिक हेल्थ में प्रकाशित हालिया रिपोर्ट 'ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज इंजरी एंड रिस्क फैक्टर्स स्टडी' (जीबीडी) खुलासा करती है कि भारत सहित दुनिया भर के देशों में आत्महत्या के मामलों में कमी आई है, लेकिन अब भी प्रति 43 सेकंड में एक व्यक्ति अपना जीवन खत्म कर रहा है।**

**ऋतु सारस्वत**

भारत में आत्महत्या से होने वाली मृत्युदर में 1990 से 2021 के मध्य 31.5 प्रतिशत की कमी आई है। शोधकर्ताओं ने पाया कि आत्महत्या में कमी का एक महत्वपूर्ण कारक मानसिक स्वास्थ्य में सुधार को लेकर बनाई जा रही रणनीतियां हैं।

विभिन्न शोध बताते हैं कि आत्महत्या मानसिक विकारों से घनिष्ठ रूप से जुड़ी हुई है। वर्ष 2022 में पीयू रिसर्च का अध्ययन 'मेंटल हेल्थ कंडीशन कैन कॉन्ट्रिब्यूट द सुइसाइड रिस्क' भी इस तथ्य की पुष्टि करता है कि मानसिक विकार आत्महत्या के कुछ प्रमुख कारणों में से एक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, 'मानसिक स्वास्थ्य मानसिक कल्याण की एक स्थिति है, जो लोगों को जीवन की मुश्किलों से निपटने, अपनी क्षमताओं का एहसास कराने, हालातों से सबक लेने, अच्छी तरह से काम करने और अपने समुदाय के लिए योगदान करने में सक्षम बनाती है।' खराब मानसिक स्वास्थ्य व्यक्ति विशेष के लिए ही नहीं, अपितु समाज और देश के लिए भी हानिकारक है। अध्ययन बताते हैं कि भारत पर आत्महत्या का वार्षिक वित्तीय बोझ 1.40 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। शोधकर्ताओं का कहना है कि आत्महत्या के सबसे अधिक मामले 20-34 आयु वर्ग से आते हैं, जो राष्ट्रीय आर्थिक बोझ के 53 प्रतिशत के लिए जिम्मेदार हैं। 'मानसिक स्वास्थ्य' एक मूक महामारी के रूप में भारत में अपना शिकंजा फैला रहा है।

जागरूकता की कमी, समाज का डर और पेशेवरों की कमी के कारण मानसिक विकार वाले 70 से 92 प्रतिशत लोगों को इलाज उपलब्ध नहीं हो पाता है। अक्तूबर 2022 में सरकार द्वारा 'राष्ट्रीय टेली मानस हेल्पलाइन' आरंभ की गई, जो कि मानसिक संकट का सामना कर रहे व्यक्तियों को परामर्श संबंधी सेवाएं प्रदान करती है।



7 फरवरी, 2025 तक 18.1 लाख से अधिक लोगों ने इस सेवा का लाभ उठाया है।

राष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम रणनीति का लक्ष्य 2030 तक आत्महत्या मृत्यु दर को 10 प्रतिशत तक कम करना है। इस दिशा में सबसे बड़ी चुनौती मनोचिकित्सकों की कमी है। इंडियन जनरल ऑफ साइकाइट्री के अनुसार, भारत में प्रति एक लाख लोगों पर 0.75 मनोचिकित्सक हैं, जबकि डब्ल्यूएचओ प्रति लाख कम से कम तीन मनोचिकित्सकों की सिफारिश करता है।

स्वभावगत महिलाओं को अति संवेदनशील व भावुक समझा जाता है और पुरुषों को कठोर व असंवेदनशील, परंतु आत्महत्या के वैश्विक आंकड़े बताते हैं कि पुरुषों में महिलाओं की तुलना में आत्महत्या की आशंका ज्यादा है। 2021 के आंकड़ों के मुताबिक, भारत में 3,14,000 पुरुषों और 74,800 महिलाओं ने खुदकुशी की थी।

समाजशास्त्री ऐनी क्लेरी द जैंडर्ड लैंडस्केप ऑफ सुइसाइड – मस्क्युलिनिटीज, इमोशंस एंड कल्चर में लिखती हैं कि पुरुषों को हताशा, पीड़ा और पराजय जैसी भावनाओं को छिपाने के लिए बाध्य किया जाता है। विलियम्स, हचेंस, कोबेन व हेमिंग्वे का अध्ययन व्हाई डू मेंस कमिट सुइसाइड ऑफन दैन वुमन बताता है कि सामाजिक रूढ़ियां पुरुषों की भावनात्मक आवश्यकताओं को इस सीमा तक नजरअंदाज करती हैं कि वे अवसाद, अकेलेपन, निराशा या तनाव से निपटने में असमर्थ हो जाते हैं, जिसका परिणाम खुदकुशी के रूप में सामने आता है। रोब ब्हिटली मेंस इश्यूज एंड मेंस मेंटल हेल्थ में पुरुषत्व के बारे में समाज को एक नया दृष्टिकोण प्रदान करते हैं। रॉब लिखते हैं कि अगर पुरुष, पुरुषत्व की घातक जकड़न से मुक्त नहीं होंगे, तो उनके लिए मानसिक स्वास्थ्य एक बहुत बड़ी चुनौती बनकर उभरेगा।

पुरुषों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए ऑस्ट्रेलिया में अनूठी पहल की गई। 'मेन्स टेबल' देखभाल का वह मॉडल है, जहां पुरुषों को अपनी बात साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। यह मुहिम ऑस्ट्रेलिया से निकल कर अन्य देशों में भी फैल रही है। समझना होगा कि दर्द, हताशा व निराशा दैहिक अंतर का विभेद नहीं करती। इसलिए पुरुषों को भी स्त्री की भांति अपनी भावनाओं को बेझिझक अभिव्यक्त करने का अधिकार है और अगर सामाजिक वर्जनाएं तथाकथित पुरुषत्व के नाम पर उनको ऐसा करने से रोकेंगी, तो यह मानवता औरसमाज के लिए हितकारी नहीं होगा।

## SUDOKU 73

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | 7 | | | 2 | 4 | |
| 5 | | 9 | | | | | | |
| 2 | | | 8 | 1 | | | | |
| 1 | | | 9 | | | | | |
| 4 | 7 | | | 5 | | | 9 | 3 |
| | | | | | 6 | | | 7 |
| | | | | 9 | 4 | | | 8 |
| | | | | | | 3 | | 9 |
| | 1 | 5 | | | 7 | | | 4 |

## SOLUTIONS 72

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 7 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 2 | 3 |
| 2 | 5 | 8 | 7 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 2 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 5 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 |
| 9 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 | 8 | 7 | 5 |
| 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 3 | 9 | 8 | 5 | 2 | 6 | 1 | 7 |
| 6 | 2 | 7 | 3 | 1 | 9 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 1 | 5 | 6 | 7 | 4 | 3 | 9 | 2 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन मुश्किलों पर काबू पाने के बारे में है, जो चुनौतियां और अवसर दोनों लेकर आ सकता है। पैसों के मामले में आप भाग्यशाली साबित हो सकते हैं।

**वृषभ :** आज आपकी गट फीलिंग ही आपका मार्गदर्शन करेगी। लव के मामले में साथी की बात सुनना आज बेहतर रहेगा। खर्च को कंट्रोल करें।

**मिथुन :** आज का आपका दिन पॉजिटिव रहने वाला है। परिवर्तन को अपनाएं और खुद पर भरोसा करें। स्टूडेंट्स को कोई गुड न्यूज मिल सकती है।

**कर्क :** आज परीक्षा से भरा दिन, लेकिन उतने ही लाभदायक परिणाम भी मिलेंगे। अपना विश्वास बनाए रखें और लगातार काम करते रहें। प्रॉफिट को अनलॉक करें।

**सिंह :** किसी भी तरह की बहस से दूरी बनाएं। जितना पॉजिटिव रहेंगे उतना बेहतर है। आपके लिए आज का आपका दिन प्रोडक्टिव रहने वाला है। तनाव न लें।

**कन्या :** चुनौतियों से निपटने के लिए अलर्ट रहना आवश्यक है। ग्रहों की स्थिति विकास को बढ़ावा देता है, जो पर्सनल और प्रोफेशनल क्षेत्रों में काम के साथ इच्छाओं को बैलेंस करने की चुनौती देता है।

**तुला :** आज का दिन तुला राशि वाले जातकों के लिए थोड़ा स्ट्रेसफुल साबित हो सकता है। कुछ लोगों को अपने बॉस की फटकार भी झेलनी पड़ेगी। स्ट्रैटजी बनाएं।

**वृश्चिक :** आज नए अवसर खुद ही आपके सामने आएंगे, जिससे महत्वपूर्ण बदलाव आएगा। आज का दिन विकास के अवसरों की ओर इशारा कर रहा है।

**धनु :** मुश्किलें आती-जाती रहती हैं। पैसों का आगमन तो होगा ही लेकिन आपके खर्च भी ब? सकते हैं। लव के मामले में सितारे आपके साथ हैं।

**मकर :** आज गलतफहमी के चलते अन-बन हो सकती है। अपने विचारों और इरादों को क्लियर करें। आज का दिन सेल्फ-लव पर फोकस करने वाला दिन है।

**कुंभ :** आज सकारात्मक ऊर्जा आपके चारों ओर है, जो विकास को बढ़ावा देती है। अवसरों को खुले दिल से अपनाना जरूरी है। आज का दिन रिलेशन में बैलेंस खोजने पर फोकस करता है।

**मीन :** आज का दिन क्रिएटिव रहेगा। आज नई चुनौतियों को खुली बांहों के साथ स्वीकार करें। पर्सनल और प्रोफेशनल ग्रोथ को बढ़ावा देने वाला क्रिएटिव दिन आपका इंतजार कर रहा है।

## आज का पंचांग

**तिथि/संवत :** 18 मार्च 2025 दिन मंगलवार चैत्र मास कृष्ण पक्ष चतुर्थी तिथि विक्रम संवत 2081 शक संवत 1946

**सूर्य उदय कालीन ग्रह विचार**

सूर्य मीन राशि में चंद्र तुला राशि में मंगल मिथुन राशि में बुध मीन राशि में गुरु वृषभ राशि में शुक्र मीन राशि में शनि कुंभ राशि में राहु मीन राशि में और केतु कन्या में रहेगा

**सूर्य उदय कालीन नक्षत्र विचार**

सुबह प्रातः काल तुला राशि का नक्षत्र स्वाती का तृतीय चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र रजत रहेगा प्रातः 11:30 तुला राशि का नक्षत्र स्वाती का चतुर्थ चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया रजत रहेगा शाम 7:30 बजे तुला राशि का नक्षत्र विशाखा का प्रथम चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया रजत रहेगा।

**योग :** व्याघात **करण :** बब

**चौघड़िया, मंगलवार**

सुबह 6.00 से 7.30........ रोग
सुबह 7,30 से 9.00........ उद्वेग
सुबह 9.00 से 10.30........ चर
सुबह 10.30 से 12.00........ लाभ
दोपहर 12.00 से 1.30........ अमृत
दोपहर 1.30 से 3.00........काल
दोपहर 3.00 से 4.30........ शुभ
शाम 4.30 से 6.00........रोग

**आज जन्मे बच्चों की राशि और नाम**

| समय | नक्षत्र | चरण | पाया | राशि | अक्षर |
|---|---|---|---|---|---|
| सुबह 6.00 | स्वाती | तृतीय | रजत | तुला | रो |
| प्रातः 11.30 | स्वाती | चतुर्थ | रजत | तुला | ता |
| शाम 7.30 | विशाखा | प्रथम | रजत | तुला | ती |

**राहुकाल**- दोपहर 3.00 से 4.30 बजे तक रहेगा।
**दिशाशूल**- उत्तर दिशा में रहेगा।
**खरीदारी का उचित समय**- दोपहर 12.30 से 2.00 तक
**आराधना का मंत्र :** ऊँ ह्रीं श्रीं कलीम सर्व पुज्ये देवी मंगल चण्डिके ऐं क्रू फट् स्वाहा।।

-पं. अरविंद तिवारी

**जीवन दर्शन**

## आत्मालोचना से बदल सकते हैं आदतों को

पुरानी आदत को बदलना और नई आदत डालना मुश्किल है। दोनों कठिन काम हैं। आदत बदलने के लिए बहुत शक्ति चाहिए। सामान्य प्रयत्न से न तो किसी आदत का निर्माण किया जा सकता है और न पुरानी आदत को बदला जा सकता है। उसके लिए एक प्रक्रिया की जरूरत है। उस प्रक्रिया का पहला अंग है- आलोचना-अपने आपको देखना। जो अपनी आदत को देखता ही नहीं, उसे बदलने की बात ही कहां उठेगी। जिसने अपनी आदत को देखना सीख लिया, वह चाहे, तो उसे बदलने के लिए पहला चरण उठा सकता है। आत्म आलोचना से व्यक्ति छोटी, बड़ी, सूक्ष्म और स्थूल - सभी प्रवृत्तियों को देखता है। जो दूसरे का जजमेंट होता है, वह अस्सी प्रतिशत गलत होता है, बीस प्रतिशत ही सही हो सकता है। हर व्यक्ति अपने भाव जगत में जीता है और दूसरा केवल उसका व्यवहार पकड़ता है। व्यवहार के आधार पर सही निर्णय नहीं किया जा सकता है। एक व्यवहार दो हेतुओं से भी उत्पन्न हो सकता है। आचरण के पीछे दो कारण हो सकते हैं। डॉक्टर ऑपरेशन करता है, चाकू चलाता है। वही चाकू दूसरा आदमी छुरा घोंपता है और पेट फाड़ कर किसी व्यक्ति को मार डालता है। एक ही क्रिया है, पर उसके दो अर्थ हो जाते हैं। एक ने छूरा चलाया जीवन के लिए और दूसरे ने छुरा चलाया जीवन-हरण के लिए। व्यवहार के आधार पर किसी भी व्यक्ति की व्याख्या नहीं की जा सकती है। हमारी व्याख्या का मूल सूत्र है भाव जगत। जब आलोचना होती है, तब सारे भावों और व्यवहारों का साक्षात्कार होता है और तब परिवर्तन की बात आती है। दुनिया का सबसे बड़ा चमत्कार है अपनी आदतों को बदलना।

**व्यक्ति जितना अपने-आप को समझ सकता है, दूसरा उसे बीस प्रतिशत से ज्यादा नहीं समझ सकता। आदत को बदलने का सबसे पहला सूत्र है आत्म आलोचना यानी स्वयं का निरीक्षण करना।**

**आचार्य महाप्रज्ञ**

## संक्षिप्त खबरें

### सीएम ने मंत्री-विधायकों के साथ देखी फिल्म छावा



**जागरण संवाददाता, भोपाल।** पिछले माह सीएम के ऐलान के बाद टैक्स फ्री हुई मूवी छावा को देखने सोमवार को सीएम डॉ. मोहन यादव के साथ प्रदेश के मंत्री और विधायक अशोका लेक व्यू स्थित ओपन थिएटर पर इकट्ठा हुए। बता दें कि एक दिन पहले विधानसभा के बजट सत्र के दौरान विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने सभी विधायकों को छावा फिल्म देखने का न्योता दिया था। तोमर के न्यौते के बाद सीएम डॉ. यादव सोमवार शाम को मंत्रिमंडल और विधायकों के साथ मूवी छावा देखने पहुंचे।

**कैबिनेट के साथ देख रहा हूं छावा :** इस दौरान सीएम ने कहा कि छावा छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र की ऐतिहासिक पृष्ठ भूमि पर बनी है। ऐसे में अपने कैबिनेट मंत्रियों और विधायकों के साथ फिल्म देखने आया हूं। सीएम ने इस दौरान कहा कि ऐसा पुत्र भगवान सबको दें। उन्होंने अत्यधिक यातनाएं झेलीं, लेकिन राष्ट्र प्रेम के लिए लगातार संघर्ष करते रहे। इस फिल्म से हमें सीख लेनी चाहिए।

### सीएम आज करेंगे स्मार्ट के आवासों का लोकार्पण

**विसं भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 18 मार्च मंगलवार को शाम 5 बजे भोपाल स्मार्ट सिटी कार्पोरेशन के नवनिर्मित शासकीय आवासों का लोकार्पण करेंगे। लोकार्पण समारोह टीटी नगर में होटल पलाश के सामने आयोजित होगा। भोपाल स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड ने 364 जी टाईप आवास का निर्माण किया है। इन आवासों के निर्माण की लागत 116 करोड़ 26 लाख रूपये है। इन आवासों का निर्माण 3 टॉवरों में किया गया है। प्रत्येक टॉवर 13 मंजिल के हैं। जिन आवासों का लोकार्पण होगा वे प्रथम चरण में बनाये गये हैं। परिसर में कुल 700 शासकीय आवासों का निर्माण किया जाना है। भोपाल स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत संचालित हो रही है।

### नोडल अधिकारी नियुक्त करने आयुक्त ने दिए निर्देश

**विसं भोपाल।** राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को त्रिस्तरीय पंचायत उप चुनाव, नवीन प्रणालीपेपरलेस बूथ के माध्यम से कराने की प्रक्रिया का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि इसके लिये जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी (सेंस) तथा मास्टर ट्रेनर्स नियुक्त कर जानकारी जल्द भेजें। इनको राज्य स्तर पर प्रशिक्षण दिलाया जायेगा।राज्य निर्वाचन आयुक्तश्रीवास्तव ने कहा है कि नवीन प्रणाली पेपरलेस बूथकी जानकारी से मतदाताओं, अभ्यार्थियों एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को परिचित कराया जाना अत्यंत आवश्यक है। इससे वे निर्वाचन के पूर्व नवीन मतदान प्रणाली से भली भांति परिचित एवं अभ्यस्त हो सकेंगे।

# सदन में समदड़िया को जमीन देने का उठा मामला

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** विधानसभा सत्र के पांचवे दिन सोमवार को समदड़िया ग्रुप को सरकारी जमीन देने के मामले ने तूल पकड़ा। प्रश्नकाल में मामला कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा ने उठाते हुए कहा कि समदड़िया ग्रुप को गलत ढंग से जमीन का आवंटन देने से सरकार को 3,000 करोड़ का आर्थिक नुकसान पहुंचा है। कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा ने सतना में पॉलिटेक्निक की जमीन नियम विरुद्ध समदड़िया बिल्डर को देने का मामला उठाया। मिश्रा ने कहा कि 8 लाख 91 हजार 500 वर्ग फिट से अधिक शहर के मध्य की भूमि मेसर्स बिक्स मेल्स प्रा.लि. के निविदा ऑफर 1 हजार 5 सौ 11 करोड़ 11 लाख रुपए को निरस्त करते हुए समदड़िया बिल्डर को मात्र 121 करोड़ 93 लाख अर्थात मात्र 1368 रुपए प्रति वर्गफिट की दर से प्रदत्त की गई। उन्होंने सवाल किया कि प्रदेश में समदड़िया बिल्डर को किन -किन जिलों में भूमि आवंटित की गई है। उन्होंने कहा कि वेशकीमती भूमियों को पुनर्घत्वीय ( रिडेसिफिकेशन) योजना का दुरुपयोग कर नियम के विरुद्ध विक्रय किया जा रहा है,जिससे शासन को 300 करोड़ का आर्थिक नुकसान हो रहा है। मिश्रा ने कहा कि जो जवाब उन्हें दिया गया है,उससे वो संतुष्ट नहीं है। क्या दो माह में 5 कॉल पुनः आमंत्रित किया जाना संभव है। जबकि निविदा प्रपत्र क्रय हेतु विज्ञापन में 28 दिन का समय दिया जाना अनिवार्य होता है।

## विजयवर्गीय ने कहा कि नाराजगी समदड़िया से है या राजेन्द्र शुक्ल से

इस पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि मेसर्स विस्टा सेल्स प्राइवेट लिमिटेड मुम्मई को 1511.11 करोड़ पर शासन द्वारा स्वीकृति दी गई थी,किन्तु अनुबंध न करने पर कंपनी की धरोधर राशि राजसात की गई और उसके बाद



निविदा आमंत्रित की गई। लेकिन कोई बिड प्राप्त नहीं हुई। इसके उपरांत मेसर्स समदड़िया बिल्डर की एकल बिड 76.52 करोड़ अपसेट मूल्य 76 करोड़ के विरुद्ध प्राप्त हुई,जो आयुक्त (राजस्व) रीवा के द्वारा अस्वीकृति करने हेतु प्रेषित की गई है, जिस पर सक्षम निर्णय प्रक्रियाधीन है। चर्चा के दौरान विजयवर्गीय ने कहा कि नाराजगी समदड़िया से है या राजेन्द्र शुक्ला से है। मंत्री का जवाब से असंतुष्ट होकर अभय मिश्रा ने सदन का वाकआउट कर दिया। इधर भोपाल के हुजुर विधायक रामेश्वर शर्मा ने बीसीसीएल बसों के संचालन का मामला उठा। उन्होंने कहा कि भोपाल लगातार बढ़ रहा है। ग्लोबल यूनिवर्सिटी भोपाल में आ रही है। 10 से 12 हजार मजदूर प्रतिदिन भोपाल आते जाते है। राजधानी के आसपास के जिलों में स्कूल कालेज संचालित किए जा रहे है। लेकिन वहां तक वीसीसीएल की बसें नहीं पहुंच रही है। इतना ही नहीं प्रसिद्ध स्थान भोजपुर तक भी बसें नहीं चलाई जा रही है। पहले भी बसों के संचालन में अनियमितताएं हुई थी। जिसकी जांच कराई जानी चाहिए। इसके लिए सरकार को एक समिति का गठन करना चाहिए।



**अध्यक्ष ने कहा 20 को मनेगी होली:** सदन की कार्यवाही के दौरान स्पीकर नरेन्द्र सिंह तोमर ने सदस्यों को बताया कि विधानसभा में 20 मार्च को सदन की कार्यवाही के उपरांत होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा।

## रीवा का नाम बदलकर समदड़िया नगर कर दिया जाए: अजय सिंह

इधर चर्चा में भाग लेते हुए वरिष्ठ विधायक अजय सिंह राहुल ने कहा कि अभय मिश्रा की जो पीड़ा है,उसे समझने की कोशिश होनी चाहिए। रीवा शहर का नाम बदलकर समदड़िया महानगर कर दिया जाए। यह ज्यादा उचित रहेगा। रीडेंसिफिकेशन एक चीज, एक ही व्यक्ति, एक ही समूह को पूरा रीवा दिया जा रहा है। रीवा का एक-एक व्यक्ति कहता है कि भैया अब तो रीवा का नाम छोड़ दीजिए। अब तो समदड़िया शहर कर दो। जिस तरह से रीवा और उस अंचल में हो रहा है, उस पर थोड़ा ध्यान दिया जाना चाहिए।



### पूर्व सीएम पहुंचे सदन में

कांग्रेस सरकार में मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ विधायक कमलनाथ सोमवार को विधानसभा पहुंचे। जहां उन्होंने पत्रकारों से संवाद करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश कानून अव्यवस्था भ्रष्टाचार की राजधानी बनता जा रहा है। पूरा देश मध्यप्रदेश की तरफ देख रहा। प्रदेश की हालत लगातार बिगड़ती जा रही है।

### अनुपूरक बजट चर्चा के बाद पारित

विधानसभा में वर्ष 2024-25 के दूसरे अनुपूरक बजट को लेकर चर्चा की गई। 18.706 करोड़ 58 लाख 73 हजार 447 अनुपूरक राशि के इस बजट को चर्चा के उपरांत पारित कर दिया गया। इसके उपरांत विधानसभा में मध्यप्रदेश विनियोग विधेयक 2025 को भी पारित कर दिया गया।

## दस दिन बाद भी दतिया नहीं पहुंचा एपीसीसीएफ का आदेश

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** वन विभाग दतिया के विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत 12 वनपाल और वनरक्षकों को एपीसीसीएफ एचएस मोहन्ता के आदेश के बाद भी रिलीव नहीं किया गया है, इसके कारण जिले में विभिन्न स्थानों पर वन विभाग की गश्त और नाकों पर सुरक्षा कर्मियों की तैनाती नहीं हो पा रही है। बता दें कि 7 मार्च को अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एचएस मोहन्ता जारी पत्र के अनुसार कार्यालय में काम कर रहे वनपाल और वनरक्षक को सेवाओं से मुक्त करते हुए उन्हें मैदान में तैनात किया जाना चाहिए, जिससे मैदान में गश्त और नाकों पर चौकीदारी का काम बेहतर तरीके से किया जा सके, लेकिन करीब 10 दिन बीतने के बाद भी दतिया डीएफओ को एपीसीसीएफ द्वारा जारी पत्र प्राप्त नहीं हो सका है, जिसके चलते वन विभाग के विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत वनपाल वनरक्षक रिलीव नहीं हो सके हैं।

### यह कर्मचारी अटैच हैं दफ्तरों में

दतिया वन विभाग के विभिन्न दफ्तरों में करीब 12 कर्मचारी अटैच हैं और कार्यालय में सेवाएं दे रहे हैं, जिनमें वनपाल रेंज ऑफिस दतिया में पदस्थ रामेश्वर राजपूत, व्यय शाखा में पदस्थ वनरक्षक दीपेन्द्र राजपूत, स्टेनो शाखा में पदस्थ वनरक्षक धर्मेंद्र लाक्षाकार, स्थापना शाखा में पदस्थ वनरक्षक प्राची तिवारी, आवक जावक शाखा में पदस्थ वनरक्षक सुमन प्रजापति, ड्राफ्टमैन शाखा में पदस्थ वनरक्षक धर्मेंद्र दांगी, डिप्टी रेंजर दतिया करुणा निधि चतुर्वेदी, वन परिक्षेत्र गोराघाट कार्यालय में पदस्थ बृजमोहन छिरौलिया, वन परिक्षेत्र सेवड़ा कार्यालय में अटैच वनरक्षक प्रमोद शर्मा को अब तक रिलीव नहीं किया जा सका है।

## भ्रष्टाचार के दो मामले, ईओडब्ल्यू ने की आरोपियों पर एफआईआर

### नगर निगम जबलपुर और नगर परिषद जुन्नारदेव के अफसरों के खिलाफ केस दर्ज

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने सोमवार को भ्रष्टाचार के दो अलग-अलग मामलों में एफआईआर दर्ज करते हुए एक दर्जन सरकारी अफसरों और कर्मचारियों को आरोपी बनाया है। इनमें से एक मामला जबलपुर नगर निगम का है, जहां भुगतान के लिए आए एक बिल पर फर्जी दस्तखत के जरिए 8 लाख का गबन किया गया, वहीं दूसरा मामला छिंदवाड़ा जिले की जुन्नारदेव नगर परिषद का है, जहां एक अपात्र को फर्जीवाड़ा करते हुए पीएम आवास योजना का लाभ दे दिया गया। इन दोनों मामलों की जांच ईओडब्ल्यू की जबलपुर यूनिट ने की थी। नगर परिषद् जुन्नारदेव, जिला छिंदवाड़ा के अफसरों और कर्मचारियों ने मिलीभगत कर प्रधानमंत्री आवास योजना में अनियमितताएं कीं। शिकायत मिलने पर प्रारंभिक जांच के दौरान पाया गया कि यहां की वार्ड नंबर 3 की निवासी अनिता पत्नी घनश्याम पवार के पास पहले से पक्का मकान था, लेकिन नगर परिषद के आरोपी अफसरों और कर्मचारियों ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए उसे पीएम योजना का लाभ दे दिया। पीएम आवास योजना के तहत हितग्राही के प्लॉट का फोटो जियो टैगिंग किया जाता है और मकान बनने की समय-समय पर सत्यापन रिपोर्ट भी दी जाती है। इसके बाद हितग्राही को 3 किस्तों में सहायता राशि मिलती है।





इस मामले में फर्जीवाड़ा कर फोटो की जियो टैगिंग और सत्यापन रिपोर्ट देकर लगभग ढाई लाख की सरकारी रकम हड़प ली गई। इस केस में नगर परिषद जुन्नारदेव के सीएमओ सत्येंद्र सालवार, इंजीनियर विनय कुमार शुक्ला, अकाउंटेंट मुकेश चौरसिया, राजस्व निरीक्षक राधेश्याम मर्राफा, फील्ड इंजीनियर मृदुल गौतम समेत सहयोगी कर्मचारियों शुभलता आर्य, सुरेंद्र उईके, डीपी खांडेलकर, जीएस चंदेल, दामोदर सोनी ने आपराधिक षडयंत्र रचकर अपने पद का दुरुपयोग किया। इन सभी के खिलाफ जांच के बाद आईपीसी की धारा 420, 467, 468, 471, 120-बी एवं भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के तहत केस दर्ज किया गया है।

### जबलपुर में फर्जी नोटशीट से किया 8 लाख का गबन

एक अन्य मामले में नगर निगम जबलपुर की स्वास्थ्य शाखा के अधिकारियों द्वारा कचरा परिवहन में आर्थिक अनियमितताओं की शिकायत मिलने पर जांच की गई। इसमें आठ लाख की सरकारी रकम का गबन किया गया। जानकारी के अनुसार नगर निगम जबलपुर के वार्ड नंबर 8 में कचरा परिवहन के लिए 14 लाख 70 हजार 228 रुपए का बिल प्रस्तुत किया गया, जबकि इसकी नोटशीट पर केवल 6 लाख 4 हजार 495 रुपए के भुगतान की अनुशंसा थी। इसके बाद आरोपियों ने अलग से एक नोटशीट बनाकर 13 लाख 17 हजार 510 रुपए का भुगतान नेताजी सुभाषचंद्र बोस सफाई कामगार सहकारी समिति रानीताल को कर दिया। टाइप की गई इस नोटशीट को जांच के लिए पीएचक्यू भेजा गया। यहां हैंडराइटिंग एक्सपर्ट की जांच में हस्ताक्षर फर्जी पाए गए। जांच के बाद नगर निगम जबलपुर के स्वास्थ्य अधिकारी विनोद श्रीवास्तव, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल जैन और नेताजी सुभाषचंद्र बोस सफाई कामगार सहकारी समिति के अध्यक्ष हेमंत करसा द्वारा फर्जी दस्तावेज तैयार कर 8 लाख 20 हजार 233 रुपए के गबन की पुष्टि हुई। इस मामले में तीनों के खिलाफ आईपीसी की धारा 420, 467, 468, 471, 120-बी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के तहत केस दर्ज किया गया है।

## मंत्री गोविन्द सिंह की जांच कराने लोकायुक्त से मिले कांग्रेसी

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** कांग्रेस ने सोमवार को लोकायुक्त से मुलाकात परिवहन घोटाले की निष्पक्ष जांच की मांग की। इस दौरान लोकायुक्त को मंत्री गोविन्द सिंह से जुड़े दस्तावेज भी सौंपे। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की अगुवाई में कांग्रेस का एक प्रतिनिधि मंडल से मप्र. लोकायुक्त से मिला और उन्हें अपनी मांगों का ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के खिलाफ जांच की मांग की गई है। प्रतिनिधि मंडल ने आरोप लगाया कि मंत्री गोविंद सिंह राजपूत द्वारा अवैध संपत्ति अर्जित की गई है,वे परिवहन विभाग में हुए भ्रष्टाचार में शामिल है। इस संबंध में दस्तावेज भी लोकायुक्त को सौंपे गए है। सिंघार ने बताया कि लोकायुक्त को ज्ञापन देकर मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के खिलाफ जांच की मांग की गई है. राजपूत ने अपनी पत्नी, बेटे और अन्य रिश्तेदारों के नाम पर सैकड़ों



एकड़ जमीन खरीदी है। लोक सेवक पद पर रहते हुए उन्होंने भ्रष्टाचार में रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने बेनामी लेनदेन भी किया है। सिंघार ने कहा कि चुनावी घोषणा पत्र में गोविंद सिंह राजपूत ने डेढ़ सौ करोड़ की अवैध संपत्ति को छिपा लिया था। अगर लोकायुक्त की जांच आगे बढ़ती है तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। सिंघार ने कहा कि घोटाले के पैसों से खरीदी गई संपत्तियों की जानकारी भी लोकायुक्त को सौंपी गई है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि लोकायुक्त द्वारा दस्तावेजों का अवलोकन कर लोकायुक्त कार्रवाई की जाएगी।

## गौर कालेज को नैक का बी+ दिलाने केंद्रीय मंत्री से गुहार

### नैक का बी++ मिलने पर कॉलेज में असंतोष

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** बाबूलाल गौर पीजी कॉलेज बीएचईएल को हाल ही में नैक द्वारा बी++ ग्रेड प्रदान किया गया है, जो एक बार फिर नैक मूल्यांकन प्रक्रिया की विश्वसनीयता की कमी को दर्शाता है। क्योंकि 2017 में भी बीएचईएल कॉलेज को नैक द्वारा बी++ ग्रेड प्रदान किया गया था और अब 2024 में भी बी++ ग्रेड दिया गया। नैक मूल्यांकन में बी+ मिलने के बाद जब कॉलेज प्रशासन ने इस बार अक्टूबर 2024 में अपील की। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष बारेलाल अहिरवार ने केंद्रीय मानव संसाधन मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से अपील की ताकि नैक मूल्यांकन सही तरीके से हो सके और इसमें किसी तरह की लापरवाही न बरती जाए। नैक ने अपील को स्वीकार करते हुए ऑनलाइन रिविजिट प्रक्रिया अपनाते हुए पुनर्मूल्यांकन के बाद बी++ ग्रेड प्रदान किया। प्राचार्य डॉ. संजय जैन के अनुसार 2017 से 2024 तक बीएचईएल कॉलेज ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं 650 लाख रुपए की लागत, 6 स्मार्ट क्लास, वर्चुअल कॉन्फ्रेंस रूम, ई-लाइब्रेरी, ओपन जिम, कंप्यूटर लैब, उन्नत प्रयोगशालाएं, बॉटनिकल गार्डन, एनएसएस की अतिरिक्त इकाई, पंजीकृत पूर्व छात्र संघ, आईटी सुविधाओं से युक्त परिसर, आरोग्यम, हरितिमा जैसी श्रेष्ठ कार्यप्रणाली, 27 विभिन्न संस्थाओं से एमओयू, मूल्यवर्धित पाठ्यक्रमों का संचालन, प्रथम दृष्टया उल्लेखनीय है। इसके बाद भी नैक टीम ने सही विश्लेषण नहीं किया है।



### 21 बिंदुओं पर की गई अपील

आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. कीर्ति श्रीवास्तव ने बताया कि अनेक उपलब्धियों के बावजूद बी+ मिलने के बाद 21 बिंदुओं पर पुनर्मूल्यांकन के लिए नैक से अपील की गई थी। इनमें से 11 बिंदु क्यूएनएम से संबंधित थे जो मुख्य रूप से शिक्षा गुणवत्ता मूल्यांकन, शोध एवं विस्तार मूल्यांकन तथा प्रशासन एवं प्रबंधन मूल्यांकन पर आधारित हैं। जबकि 10 बिंदु क्यूएलएम से संबंधित थे जो शिक्षा गुणवत्ता में सुधार, शिक्षण पद्धति में सुधार तथा छात्र उपलब्धि पर आधारित हैं।

### पांच बिंदुओं पर किया गया पुनर्मूल्यांकन

नैक ने क्यूएनएम के लिए पहले भेजी गई एसएसआर (सेल्फ स्टडी रिपोर्ट) के आधार पर पुनर्मूल्यांकन किया और क्यूएलएम के लिए ऑनलाइन विजिट के माध्यम से केवल पांच बिंदुओं का पुनर्मूल्यांकन किया। इनमें क्रॉस-कटिंग मुद्दे, आंतरिक और बाह्य मूल्यांकन प्रक्रिया की पारदर्शिता, कार्यक्रम परिणाम और पाठ्यक्रम परिणाम प्रदर्शन, आईटी सुविधा और पूर्व छात्र संघ का योगदान शामिल हैं। उपरोक्त बिंदुओं पर आईक्यूएसी की साक्ष्य-समर्थित प्रस्तुति से संतुष्ट होकर, नैक ने पुनर्मूल्यांकन किया और बी++ ग्रेड दिया। आईक्यूएसी सहित पूरे स्टाफ का मानना है कि गौर कॉलेज का प्रदर्शन ग्रेड के बराबर है। यह हासिल किया जा सकता था अगर नैक ने अपील के सभी बिंदुओं पर पुनर्विचार किया होता और निष्पक्ष पुनर्मूल्यांकन किया होता।

## कांग्रेस ने कहा सरकार आमदनी बढ़ाने में विफल

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025 -26 के बजट को लेकर सोमवार को चर्चा हुई। कांग्रेस विधायक बाला बच्चन ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार आमदनी बढ़ाने में पूरी तरह से विफल रही है। चर्चा में भाग लेते हुए बच्चन ने कहा कि सरकार लगातार कर्ज पर कर्ज ले रही है। 31 मार्च 2026 तक 28 हजार 236करोड़ रुपए कर्ज का ब्जाय हमें चुकाना होगा। उन्होंने कहा कि 5,30 हजार करोड़ से अधिक का हम पर कर्ज है। स्थिति यह है कि हमारा राजकोषीय घाटा 78 हजार 902 करोड़ रुपए हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने केन्द्रीय वित्त मंत्री को पूर्व एक पत्र लिखा था,जिसमें उनके द्वारा प्रदेश सरकार को कर्ज लेने की सीमा बढ़ाने की बात कही गई थी पर उस पत्र का आज तक जवाब नहीं आया है,लेकिन राज्य सरकार अपने स्तर पर ही मनमाने ढंग से कर्ज पर कर्ज लेती जा रही है। सरकार राजकोषीय प्राप्ति यानि कि आमदनी को बढ़ाने में पूरी तरह से विफल साबित हो रही है। बजट की चर्चा में भाग लेते हुए कांग्रेस विधायक लखन घनघोरिया ने कहा कि सरकार ने लाड़ली बहना योजना का पैसा नहीं बढ़ाया है,लेकिन जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना से जोड़ने की बात कर दी,लेकिन यह साफ नहीं किया कि यह योजना किस आधार पर जोड़ी जाएगी। इससे पहले सोमवार को बजट पर चर्चा की शुरुआत करते हुए गोपाल भार्गव ने कहा कि पिछले सवा साल में मध्यप्रदेश में एक भी किसान ने आत्महत्या नहीं की है। विशेष तौर पर बुंदेलखण्ड में भी ऐसी कोई घटना नहीं हुई है।

**विधानसभा** | प्रश्नकाल के ठीक बाद विधायकों ने किया सदन का वर्हिगम

# मंडला में नक्सली एनकाउंटर पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** होली और साप्ताहिक अवकाश के बाद शुरु हुई विधानसभा की कार्यवाही सोमवार को भी हंगामेदार रही। कांग्रेस ने मंडला में नक्सली एनकाउंटर को फर्जी करार देते हुए जांच की मांग की और हंगामा करते हुए सदन का वर्हिगमन कर दिया। प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक ओमकार सिंह मरकाम ने मंडला एनकाउंटर को फर्जी बताते हुए इसकी जांच कराने की मांग की। मरकाम ने कहा कि पुलिस आदिवासी की हत्या की है। इस पर सदन में चर्चा कराई जानी चाहिए। इस पर विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि ध्यानाकर्षण आया है,इस पर अलग से चर्चा की जाएगी। सदन नियम प्रक्रिया से चलता है। उन्होंने कांग्रेस विधायकों से सदन की कार्यवाही में सहयोग करने को कहा। इस पर मरकाम ने कहा कि देश की राष्ट्रपति और सूबे के राज्यपाल दोनों हमारी वर्ग( आदिवासी) से आते है। वो राष्ट्रपति से मंडला मामले को संज्ञान में लेने का आग्रह करते है। इसके बाद कांग्रेस ने सदन का वर्हिगमन कर दिया।



छाया : एचसी

### मंत्री जी आप थोड़ा घूम आइए : रामेश्वर

दूसरे ध्यानाकार्षण में विधायक रामेश्वर शर्मा ने फंदा क्षेत्र के शासकीय महाविद्यालय के एक जर्जर भवन में संचालित होने का मामला उठाया तो जवाब में उच्च शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह परमार ने बताया कि महाविद्यालय तीन कमरे और एक हाल में संचालित हो रहा है। इस पर शर्मा ने कहा कि मंत्री आप वहीं से जाते है,रास्ता वहीं है एक बार आप देख लो। प्रत्यक्ष को प्रमाण मिल जाएगा। वह ज्यादा बेहतर है। सवाल गांव की बेटियों का है,आने जाने के लिए कोई सुविधा नहीं है। छोटे-छोटे किसान है,जिनके पास आर्थिक सुविधाएं नहीं है। उन्होंने कहा कि कॉलेज के लिए कोई दूसरा भवन मिल जाए, तो बेहतर रहेगा। मंत्री परमार ने कहा कि कलेक्टर को इसके लिए पत्र लिखा गया है। अगले सत्र तक महाविद्यालय में 100 से ज्यादा छात्र संख्या होगी तो महाविद्यालय को स्थाई रुप से स्थापित करने में सुविधा होगी।

### मंत्री बोले दो समूहों के झगड़े को समुदाय का न बताए

कांग्रेस विधायक लखन घनघोरिया ने जबलपुर में दो भाईयों की हत्या के मामले को ध्यानाकर्षण के जरिए उठाया और कहा कि इस मामले में सरकार असंवेदनशीलता दिखा रही है। इस पर जवाब दे रहे स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने कहा कि दो समूहों के झगड़े को दो समुदाय का क्यों बताना चाहते है। इस मामले में जो धाराएं अपराधियों के खिलाफ लगनी चाहिए वो सभी लगाई गई है। हत्या की धारा लगाई गई है,जिसमें कैपिटल पनिशमेंट है। सदस्य नरसंहार शब्द का उपयोग किया जा रहा है,तो 1947 को याद करिए ,तो शायद पता चल जाएगा कि नरसंहार क्या होता है। दो परिवारों या समूह की लड़ाई को उठाकर मैं नहीं समझता हूं कि दो समुदायों के बीच में वैमनस्यता फैलाना चाहिए। मंत्री पटेल ने कहा कि सरकार इस घटना को लेकर बहुत चिंतित है और जो अपराधी है,उसके खिलाफ कठोर धाराएं लगाई गई है,उसमें मृत्युदण्ड तक का प्रावधान है। तो ऐसे में उससे बड़ी और कौन सी धारा की आवश्यकता है।





## बसपा की बैठक आज,गौतम आएंगे

**विसं भोपाल।** बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं राज्यसभा सांसद रामजी गौतम 18 मार्च को भोपाल आएंगे। उनके द्वारा पार्टी दफ्तर में एक बड़ी बैठक ली जाएंगी। गौरतलब है कि गौतम मध्यप्रदेश के प्रभारी रहे है। उन्हें पिछले दिनों पार्टी प्रमुख मायावती ने उन्हें राष्ट्रीय संयोजक नियुक्त है। गौतम पहली बार भोपाल आ रहे है,जहां वे प्रदेश में पार्टी के संगठन को और मजबूत बनाने वरिष्ठ और प्रदेश स्तर के नेताओं के साथ बैठक करेंगे और आगामी रणनीति पर मंथन किया जाएगा। इस मौके पर केन्द्रीय प्रदेश संयोजक दिलीप बौद्ध प्रदेश अध्यक्ष रमाकांत पिप्पल भी उपस्थित रहेंगे। बैठक से पहले गौतम का भोपाल आगमन पर कार्यकर्ताओं द्वारा एयरपोर्ट से पार्टी दफ्तर तक आत्मीय स्वागत किया जाएगा,इसके लिए पार्टी कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग स्थानों पर स्वागत की तैयारी की है। गौरतलब है कि पिछले दिनों बहुजनसमाज पार्टी ने राष्ट्रीय स्तर पर कई बड़े बदलाव किए है। नए जिम्मेदार पदाधिकारियों को राज्यों के दौरे कर संगठन को मजबूत बनाने को कहा गया है।

## दुनिया में हर 10 में से एक व्यक्ति किडनी की गंभीर बीमारी से ग्रसित

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** एम्स के बालरोग विभाग द्वारा 11 से 17 मार्च तक विश्व किडनी सप्ताह के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों के लिए पेंटिंग, डांस और फैशन शो जैसी सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ-साथ स्वास्थ्यकर्मियों के लिए क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में बालरोग विभाग के सभी संकाय सदस्यों समेत लगभग 150 प्रतिभागी शामिल हुए। कार्यक्रम में एम्स के निदेशक डॉ. अजय सिंह ने कहा कि दुनिया भर में हर 10 में से 1 व्यक्ति किसी न किसी रूप में क्रोनिक किडनी रोग से पीड़ित है। यदि समय रहते इसकी पहचान की जाए, तो गुर्दे के स्वास्थ्य की रक्षा की जा सकती है। बालरोग विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) शिखा मालिक ने किडनी स्वास्थ्य के प्रति विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बालरोग विभाग बच्चों के निदान और इलाज में कार्यरत है, जिससे इन बच्चों को बेहतर जीवन सुनिश्चित किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान किडनी रोग से पीड़ित बच्चों और उनके अभिभावकों ने अपने अनुभव साझा किए।

## पेज तीन की खबरों का शेष ......

### आरजीपीवी...

एफआईआर दर्ज कराई थी। साल 2022 में आरजीपीवी ने आरबीएल बैंक की अरेरा कॉलोनी ब्रांच में 200 करोड़ की एफडी के लिए नोटशीट चलाई, जिसमें लिखा था कि बचत खाते में 5 प्रतिशत के बजाय एफडी में 7 फीसदी ब्याज मिलता है, लिहाजा इसकी एफडी आरबीएल बैंक में कराई जाए। इस एफडी के लिए आरजीपीवी ने अलग-अलग चेक के जरिए रुपए जमा किए। घोटाले के लिए आरजीपीवी के अफसरों ने 20 करोड़ रुपए और 40 करोड़ रुपए के चेक बकायदा आरबीएल बैंक में खोले गए संस्थान के खाते में जमा कराए, लेकिन 5 करोड़ रुपए से कम कीमत के कई चेक इसी बैंक शाखा में कुमार मयंक नामक व्यक्ति के खातों में जमा करा दिए गए। इस घोटाले के लिए आरजीपीवी के अफसरों ने नोटशीट में आरजीपीवी के खाते का नंबर बदल दिया। एक साल बाद जब ऑडिट हुई तो घोटाला पकड़ में आया।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रम्प ने मीडिया पर मोदी का पॉडकास्ट शेयर किया

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर भारत के पीएम नरेंद्र मोदी का पॉडकास्ट इंटरव्यू शेयर किया है। इसके साथ ट्रम्प ने कोई कैप्शन नहीं दिया। ये इंटरव्यू अमेरिकन यूट्यूबर लेक्स फ्रिडमैन ने लिया था। इसे रविवार को लाइव किया गया। इस इंटरव्यू में पीएम मोदी ने ट्रम्प की तारीफ की थी। उनसे पूछा गया आपने हाल ही में अमेरिका का दौरा किया और ट्रम्प के साथ अपनी दोस्ती को एक बार फिर मजबूत किया। एक दोस्त और एक नेता के तौर पर आपको डोनाल्ड ट्रम्प की क्या बात अच्छी लगती है? चीन ने भी की मोदी की तारीफ है। इस पॉडकास्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत-चीन संबंधों पर बात की थी। उन्होंने कहा था कि दोनों देशों के बीच संवाद और सहयोग को बढ़ावा देना चाहिए। टकराव के बजाय भारत और चीन को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा में शामिल होना चाहिए।

### डोभाल से मिले दुनियाभर के खुफिया चीफ



**दिल्ली में हुई मीटिंग**

**नई दिल्ली।** दुनियाभर के खुफिया एजेंसियों के प्रमुख की नई दिल्ली में बैठक हुई। भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में फाइव आई के 3 सदस्य भी शामिल हुई। ये सभी दिल्ली में होने वाले रायसीना डायलॉग में भी शामिल होंगे। रायसीना डायलॉग ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन और भारतीय विदेश मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जाने वाला मल्टीलैटरल कॉन्फ्रेंस है।

### हरियाणा में महिलाओं को 2100 महीना मिलेंगे : सैनी



**चंडीगढ़, जेएनएन।** हरियाणा में नायब सिंह सैनी की अगुवाई वाली भाजपा सरकार ने महिलाओं को हर महीने 2100 रुपए देने का ऐलान कर दिया है। सीएम सैनी ने सोमवार को विधानसभा में बजट पेश करते हुए सदन में इसकी घोषणा की। इसके लिए 5 हजार करोड़ रुपए का बजट रखा गया है। 16 मार्च को ही खुलासा कर दिया था कि सैनी सरकार विधानसभा चुनाव के दौरान किए गए वादे को पूरा करते हुए बजट में महिलाओं को 2100 रुपए प्रतिमाह देने का ऐलान करने जा रही है। सोमवार को मुख्यमंत्री की घोषणा के साथ ही इस पर मुहर लग गई। सीएम नायब सिंह सैनी ने सदन में जैसे ही महिलाओं को 2100 रुपए महीना देने की घोषणा की। वैसे ही सदन में मौजूद महिला नेत्रियां तालियां बजाने लगीं। यह मौका कुछ सेकेंड के लिए हंसी-मजाक वाला रहा।

### घुसपैठ कर रही पाक महिला की गई गिरफ्तार



**अनूपगढ़ (श्रीगंगानगर), जेएनएन।** श्रीगंगानगर जिले के अनूपगढ़ में बीएसएफ ने घुसपैठ कर रही पाकिस्तानी महिला को पकड़ा है। महिला सोमवार सुबह करीब 6.55 बजे भारत-पाकिस्तान बॉर्डर की तारबंदी पार कर भारतीय क्षेत्र में घुस गई थी। विजेता पोस्ट पर बीएसएफ के जवानों ने उसे तुरंत हिरासत में ले लिया। महिला ने पाकिस्तान वापस जाने से साफ इनकार कर दिया है। बीएसएफ के अधिकारी उससे पूछताछ कर रहे हैं। हालांकि अभी तक उसे पुलिस के हवाले नहीं किया गया है। महिला ने भारत में शरण मांगी है। महिला का कहना है कि अगर वह पाकिस्तान लौटती है तो उसे मार दिया जाएगा। वह डोमेस्टिक वॉयलेंस के कारण परेशान थी।

### ऑस्ट्रेलिया के ब्रिसबेन में भारतीय नर्स की मौत



**ब्रिसबेन, जेएनएन।** आस्ट्रेलिया में कपूरथला के सुल्तानपुर लोधी के 23 वर्षीय दमनप्रीत सिंह मौत हो गई है। दमनप्रीत का शव 15 मार्च को ब्रिसबेन नदी में मिला। दमनप्रीत करीब सात साल पहले नर्सिंग का कोर्स करने ऑस्ट्रेलिया गया था। वहां तीन साल का डिप्लोमा और दो साल की डिग्री पूरी की। वह वर्तमान में नर्स के रूप में कार्यरत था। घटना के दिन दमनप्रीत ड्यूटी से लौटकर अपनी बहन अमनदीप से मिलने जा रहा था। दमनप्रीत का मोबाइल काफी देर तक बंद रहने पर बहन ने स्थानीय पुलिस को सूचित किया। सैंडगेट पुलिस ने अमनदीप को शव मिलने की सूचना दी। मृतक के पिता जगजीत सिंह ने बताया कि दमनप्रीत अविवाहित थे और उनकी तीन बहनें और एक भाई है।

# औरंगजेब की कब्र की रक्षा करेंगे, लेकिन महिमामंडन नहीं होने देंगे : देवेंद्र फडणवीस

## बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद ने महाराष्ट्र सरकार से कब्र हटाने की मांग की

**मुंबई, जेएनएन।** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर (पहले औरंगाबाद) में स्थित औरंगजेब की कब्र हटाने का मामला तूल पकड़ने लगा है। बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद ने महाराष्ट्र सरकार से इसे जल्द हटाने की मांग की है। विवाद के बीच कब्र की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। विश्व हिंदू परिषद महाराष्ट्र और गोवा के क्षेत्रीय मंत्री गोविंद शेंडे ने औरंगजेब की कब्र को गुलामी का प्रतीक बताया। उधर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने एक कार्यक्रम में कहा- क्रूर औरंगजेब के बर्बर विचारों का महिमामंडन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उस विचार को वहीं कुचल दिया जाएगा। औरंगजेब की कब्र हटाने की मांग को लेकर सोमवार को महाराष्ट्र भर में बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद की ओर से प्रदर्शन किया जा रहा है। इस दौरान मुगल आक्रांताओं के पुतले भी जलाए जा रहे हैं। इससे पहले बजरंग दल के नेता नितिन महाजन ने औरंगजेब की कब्र हटाने की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ऐसा करने में विफल रहती है तो इसका भी बाबरी मस्जिद जैसा ही हश्र होगा।



### कब्र मराठाओं का शौर्य स्मारक : राउत

शिवसेना उद्धव गुट के नेता संजय राउत ने कब्र विवाद को लेकर भाजपा नेताओं पर निशाना साधा। उन्होंने कहा- औरंगजेब की कब्र मराठाओं के शौर्य का एक स्मारक है। यह आने वाले पीढ़ी को बताएगा कि किस तरह से शिवाजी महाराज और मराठा सैनिक आक्रांताओं से लड़ते रहे।



### कब्र हटाई जाए: टी राजा

तेलंगाना के गोशामहल से भाजपा विधायक हिन्दूवादी नेता टी राजा सिंह ने भी कब्र हटाने की मांग की है। उन्होंने कहा- मैं वीएचपी और बजरंग दल की मांग का समर्थन करता हूं। इससे पहले टी राजा सिंह ने केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को 15 मार्च को चिट्ठी लिखी थी।

### फडणवीस भी क्रूर : कांग्रेस नेता

कांग्रेस नेता हर्षवर्धन सपकाल ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि औरंगजेब एक बेहद क्रूर मुगल शासक था। वह सत्ता के लिए धर्म का इस्तेमाल करता था। आज देवेंद्र फडणवीस भी उसी तरह क्रूर हैं और धर्म का इस्तेमाल कर रहे हैं।

### 1707 में बनी थी कब्र

औरंगजेब की कब्र महाराष्ट्र के खुल्दाबाद में है। 1707 में जब औरंगजेब का निधन हुआ। उन्हें खुल्दाबाद में उनके आध्यात्मिक गुरु शेख जैनुद्दीन की दरगाह के पास दफनाया गया। यह स्थान छत्रपति संभाजीनगर से करीब 25 किमी दूर है। औरंगजेब की कब्र एक साधारण मिट्टी की बनी हुई थी, जिसमें बाद में ब्रिटिश वायसरॉय लॉर्ड कर्जन ने संगमरमर लगवाया था। इस स्थान को ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जाता है, जहां लोग आज भी श्रद्धांजलि देने पहुंचते हैं।

### पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए

औरंगजेब की कब्र वाले इलाके में पुलिस ने सुरक्षा के इंतजाम किए हैं। विभिन्न स्थानों पर बैरिकेड्स लगा दिए गए हैं। ऐसी व्यवस्था की गई है कि वहां केवल एक ही व्यक्ति प्रवेश कर सके। औरंगजेब के मकबरे का मुख्य द्वार पुलिस ने बंद कर दिया है। औरंगजेब की कब्र के पास जाना भी प्रतिबंधित कर दिया गया है। फिलहाल औरंगजेब के मकबरे को बाहर से ही देख सकते हैं।

# आंतकियों की मुठभेड़ में एक आतंकी ढेर, जवान घायल



**नई दिल्ली, जेएनएन।** जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा के साथ सटे खुरमोरा राजवार इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया और कुछ आतंकी घेराबंदी तोड़कर भागने में कामयाब रहे। भाग निकले आतंकियों को पकड़ने के लिए सुरक्षाबलों का अभियान जारी है। एक सैनिक के घायल होने की सूचना है। सुरक्षाबलों ने इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद जचलदारा के करुम्हूरा गांव में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। आतंकवादियों द्वारा सुरक्षाबलों पर गोलीबारी करने के बाद तलाशी अभियान मुठभेड़ में बदल गया। सुबह से जारी मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया है उसके पास से एक असॉल्ट राइफल भी मिली है।

### जम्मू कश्मीर में हाल ही में हुई आतंकी घटनाएं....

**14 जनवरी 2025** एलओसी के पास लैंडमाइन ब्लास्ट, 6 जवान घायल जम्मू-कश्मीर के राजौरी में 14 जनवरी को एलओसी के पास लैंडमाइन ब्लास्ट में गोरखा राइफल्स के 6 जवान घायल हो गए थे। ब्लास्ट भवानी सेक्टर के मकरी इलाके में हुआ था। जवानों की एक टुकड़ी खंबा किले के पास पेट्रोलिंग कर रही थी। उसी दौरान एक जवान का पैर गलती से सेना की बिछाई लैंड माइन पर पड़ गया।

**11 फरवरी 25** एलओसी के पास आईईडी ब्लास्ट, 2 जवान शहीद, एक घायल जम्मू जिले के अखनूर सेक्टर में एलओसी के पास लालोली इलाके में आईईडी ब्लास्ट हुआ। इसमें सेना के दो सैनिक शहीद हो गए थे। यह धमाका 11 फरवरी को करीब 3.50 बजे भट्टल इलाके में हुआ, जब सेना के जवान गश्त पर थे।शहीद हुए फौजियों के नाम कैप्टन केएस बख्शी और मुकेश थे।

**13 फरवरी 25** पाकिस्तान की ओर से फायरिंग की खबर, सेना ने खंडन किया 13 फरवरी को पाकिस्तान की ओर से भारतीय सीमा में गोलीबारी की खबर आई थी। सोशल मीडिया पर भी पाकिस्तानी अधिकारियों का एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें वे अपने सैनिकों को श्रद्धांजलि देते हुए दिखाई दिए थे। कुछ रिपोर्ट्स में 6 लोगों के मारे जाने की बात कही गई।

### पाकिस्तानी सेना में भगदड़, कई सैनिक विदेश भागे

# बीएलए से डरे पाक फौजी, एक हफ्ते में 2500 ने छोड़ी नौकरी

**इस्लामाबाद, जेएनएन।** पाकिस्तान में सेना और सुरक्षा बलों पर हाल ही में तेजी से हमले बढ़े हैं। खासतौर से बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में पाक सेना पर भीषण हमले हुए हैं, जिसमें बड़ी संख्या में जवान मारे गए हैं। विद्रोही गुट बीएलए की ओर से किए जा रहे आत्मघाती हमलों के बीच सामने आया है कि बड़ी संख्या में पाक फौजी सेना की नौकरी छोड़ रहे हैं। काबुल फ्रंटलाइन ने विश्वसनीय सूत्रों के हवाले ये ये दावा किया है। काबुल फ्रंटलाइन ने रविवार को कहा है कि एक हफ्ते में ही करीब 2,500 सैनिकों ने सेना छोड़ दी है। पाकिस्तान की सेना में बढ़ती असुरक्षा, लगातार हो रही जवानों की मौतें और पाकिस्तान की बिगड़ती आर्थिक स्थिति को सैनिकों के नौकरी छोड़ने के पीछे की मुख्य वजह बताया जा रहा है। पाक सेना को छोड़ने वाले ज्यादातर सैनिक देश के बाहर सऊदी अरब, कतर, कुवैत और यूएई में काम करने चले गए हैं।



### सेना के भीतर हालात खराब

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पाकिस्तानी सेना के भीतर हालात काफी ज्यादा खराब हैं। ऐसे में सैनिक लगातार हिंसा और असुरक्षा के बीच लड़ने को तैयार नहीं हो रहे हैं। पाकिस्तान में सुरक्षा स्थिति बिगड़ने से सैनिकों का मनोबल टूट रहा है। हालांकि, बड़ी संख्या में सैनिकों का पलायन सेना की ताकत पर भी सवाल उठाता है। ये ऐसे समय हो रहा है, जब सुरक्षा के मुद्दे पर गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। इससे भविष्य में पाक सेना की कार्यक्षमता पर असर पड़ सकता है।

# वोटर आईडी पर चर्चा को लेकर कांग्रेस-टीएमसी का वॉकआउट

**नई दिल्ली जेएनएन।** बजट सत्र के दूसरे फेज का सोमवार को चौथा दिन है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), कांग्रेस और लेफ्ट पार्टियों के 10 सांसदों ने मांग की कि सदन की दिनभर की कार्यवाही रोकी जाए और डुप्लीकेट वोटर आईडी पर चर्चा हो। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने इससे इनकार कर दिया। इसके विरोध में कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस ने राज्यसभा से वॉकआउट किया। लोकसभा में महाराष्ट्र से कांग्रेस सांसद वर्षा गायकवाड़ ने लोकसभा में रेल मंत्री पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब कोई सार्वजनिक उपक्रम वेंटिलेटर पर हो, तब इंस्टाग्राम रील बनाने से कुछ नहीं होता। यह सरकार के खराब प्रबंधन का असर है। वर्षा गायकवाड़ अनुदान की मांगों पर चर्चा में हिस्सा ले रही थीं। उन्होंने ये भी कहा कि दावा किया जाता है कि रेल बजट में अभूतपूर्व बदलाव किए गए, जबकि ये गलत है। सच ये है कि ये फेल बजट है। मौजूदा सरकार यही नैरेटिव बनाने की कोशिश करती है कि हर विकास 2014 के बाद हुआ। जबकि तथ्य ये हैं कि पब्लिक सेक्टर के उपक्रम खराब स्थिति में हैं। इधर, दोनों पार्टियों के सांसद डुप्लीकेट वोटर आईडी पर चर्चा की मांग कर रहे थे। सत्र के पिछले तीन दिन हंगामेदार रहे बजट सत्र के दूसरे फेज के तीनों दिन (10, 11, 12 मार्च) डीएमके सांसदों ने नेशनल एजुकेशन पॉलिसी और ट्राई-लैंग्वेज को लेकर खूब हो-हल्ला किया। कांग्रेस ने गुजरात में भारत-पाक बॉर्डर पर अडाणी ग्रुप के रिन्युएबल एनर्जी प्रोजेक्ट को मंजूरी दिए जाने पर सवाल उठाया था।

# कोर्ट की रोक के बावजूद 261 वेनेजुएलाई नागरिकों को अमेरिका ने किया डिपोर्ट

## अधिकारी बोले कोर्ट का आदेश आने तक विमान उड़ चुका था

**वाशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को वेनेजुएला के 261 अप्रवासी नागरिकों को अल सल्वाडोर की सुपरमैक्स जेल भेज दिया है। अमेरिका ने इन्हें ड्रग्स बेचने वाली गैंग्स का सदस्य बताते हुए एलियन एनिमी एक्ट के तहत ये कार्रवाई की है। अल सल्वाडोर के राष्ट्रपति नायब बुकेले ने सोशल मीडिया पर बताया कि वेनेजुएलाई गैंग ट्रेन डी अरागुआ के 238 सदस्य और अंतरराष्ट्रीय गैंग एमएस-13 के 23 सदस्य रविवार सुबह वहां पहुंचे। एक अमेरिकी कोर्ट के तरफ से इन लोगों को डिपोर्ट किए जाने के आदेश पर रोक लगा दी गई थी। इसके बाद भी अमेरिका ने इन लोगों को डिपोर्ट कर दिया। ट्रम्प प्रशासन के अधिकारियों के मुताबिक, जब तक कोर्ट का आदेश आया, तब तक फ्लाइट उड़ान भर चुकी थीं। इन लोगों के अल सल्वाडोर पहुंचने का वीडियो राष्ट्रपति नायब बुकेले ने सोशल मीडिया पर शेयर किया। इसमें हथकड़ी पहने लोग फ्लाइट से उतारे जा रहे हैं और उन्हें जबरन जेल ले जाया जा रहा है। इसके अलावा इन लोगों के जेल ट्रांसफर करने की कछ तस्वीरें भी राष्ट्रपति कार्यालय ने जारी की हैं।



### जज के फ्लाइट्स को वापस बुलाने को नजरअंदाज किया

डिस्ट्रिक्ट जज जेम्स ई. बोआसबर्ग ने शनिवार को एक आदेश जारी कर वेनेजुएलाई लोगों के डिपोर्टेशन को अस्थायी रूप से रोक दिया था। सरकारी वकीलों ने उन्हें बताया कि उस समय दो विमान उड़ान भर चुके थे। इनमें से एक अल साल्वाडोर और दूसरा होंडुरास के लिए निकला था। तब जज ने दोनों विमानों को वापस बुलाने का भी निर्देश दिया, लेकिन इसे अपने लिखित आदेश में शामिल नहीं किया। इसके चलते प्रशासन ने इसे नजरअंदाज कर दिया।

# 86 वर्षीय महिला को डिजिटल अरेस्ट कर ठगे 20 करोड़ रु.

**नई दिल्ली, जेएनएन।** मुंबई में एक 86 वर्षीय बुजुर्ग महिला से जालसाजों ने 20.25 करोड़ रुपये की ठगी कर ली। 26 दिसंबर 2024 से लेकर 3 मार्च 2025 तक महिला को लगातार ठग फोन कर रहा था। ठग ने खुद को पुलिस अधिकारी बताया और कहा कि महिला का आधार कार्ड गलत कामों में इस्तेमाल हो रहा है। ठग द्वारा महिला को काफी ज्यादा डराया गया। जालसाजों ने महिला को बताया कि उसके नाम से नया बैंक अकाउंट खोलकर मनी लॉन्ड्रिंग जैसे गैरकानूनी ट्रांजैक्शन किए जा रहे हैं। ठगों ने महिला के साथ-साथ उनकी बेटी को भी फंसाने की धमकी दी। इसके बाद ठगों ने महिला को कानूनी कार्रवाई की धमकी दी और मामले को खत्म करने के लिए पैसे भेजने को कहा।



### महिला ने डरकर पैसे किए ट्रांसफर

जालसाजों ने महिला से कहा कि वो किसी को भी इसके बारे में कुछ भी नहीं बताए, क्योंकि वो डिजिटल अरेस्ट में है। इसके बाद महिला ने डर से अलग-अलग बैंक अकाउंट्स में 20 करोड़ ट्रांसफर कर दिए। जब महिला को शक हुआ, तो उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने जांच शुरू कर ठगों को ट्रेक कर लिया।

# प्रोफेसर ने किया 30 से अधिक छात्राओं का यौन शोषण, 65 वीडियो भी मिले

## अश्लील वीडियो पोर्न साइट पर अपलोड भी किए, छात्रा की शिकायत से हुआ खुलासा

**हाथरस, जेएनएन।** हाथरस यूपी के हाथरस में बागला डिग्री कॉलेज के प्रोफेसर पर 30 से ज्यादा छात्राओं के यौन शोषण का आरोप है। उसके मोबाइल से 65 अश्लील वीडियो मिले हैं। ज्यादातर वीडियो कॉलेज की छात्राओं के हैं। प्रोफेसर ने छात्राओं के कई वीडियो पोर्न साइट पर भी अपलोड किए हैं। एक छात्रा के महिला आयोग को लिखे गए लेटर से मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। आरोपी प्रोफेसर फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए 3 टीमें बनाई गई हैं। डीएम ने जांच के लिए 4 सदस्यीय कमेटी बनाई। कॉलेज मैनेजमेंट ने उसे सस्पेंड कर दिया है। आरोपी प्रोफेसर डॉ. रजनीश 54 साल का है। वह भूगोल पढ़ाता है। दरअसल, 6 मार्च को एक छात्रा ने महिला आयोग को लेटर लिखा, साथ ही फोटो-वीडियो भी भेजे। शिकायत पर पुलिस ने इंटरनल जांच शुरू की थी।

### डीएम बोले- जांच के बाद कार्रवाई होगी

डीएम राहुल पांडेय ने एसडीएम सदर की अध्यक्षता में चार सदस्यीय जांच टीम बनाई है। इसमें सीओ सिटी, तहसीलदार सादाबाद और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भी शामिल हैं। डीएम ने कहा कि रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी। वहीं, एसपी चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि हाथरस गेट कोतवाली में 4 दिन पहले मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी प्रोफेसर फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए 3 टीमें लगाई गई हैं। कॉलेज के स्टाफ और छात्राओं से पूछताछ की जा रही है।

### महिला आयोग के आदेश पर जांच शुरू हुई

छात्रा के पत्र का महिला आयोग ने संज्ञान लेते हुए जांच के निर्देश दिए। इसके बाद हाथरस गेट कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू की और प्रोफेसर को पूछताछ के लिए बुलाया। उसके मोबाइल को कब्जे में ले लिया, लेकिन उसने पहले ही वीडियो-फोटो डिलीट कर दिए थे। पुलिस ने मोबाइल का डेटा रिकवर कराया, तो 65 अश्लील वीडियो मिले।

### 18 महीने में 5 शिकायतें कोई कार्रवाई नहीं

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी के खिलाफ छात्राओं ने कॉलेज मैनेजमेंट से 18 महीने में 5 बार शिकायतें कीं, लेकिन कोई एक्शन नहीं लिया गया। कॉलेज मैनेजमेंट कमेटी के सचिव प्रदीप बागला ने बताया कि मामले की शिकायत मिलते ही प्रोफेसर महावीर सिंह के खिलाफ जांच के आदेश दिए गए थे। रिपोर्ट के आधार पर प्रोफेसर को सस्पेंड कर दिया गया है।

### किंग खान अब देसी अवतार में आएंगे नजर



**मुंबई, जेएनएन।** सुपरस्टार शाहरुख खान को साउथ के फिल्ममेकर एटली के साथ ने कामयाबी के जिस शिखर पर पहुंचाया, वो एक बड़ा रिकॉर्ड बन गया। अब लगता है कि बॉलीवुड के तमाम बड़े नामों की तरह शाहरुख को भी साउथ के डायरेक्टर्स की स्टोरीटेलिंग ज्यादा पसंद आने लगी है। एटली की डायरेक्ट की हुई जवान से शाहरुख खान ने बॉलीवुड को सबसे कमाऊ फिल्म डिलीवर की थी। अब शाहरुख के एक ऐसे कोलेबोरेशन की खबर आ रही है जिसमें जवान के रेकॉर्ड्स से भी बहुत आगे जाने का दम है। रिपोर्ट्स के अनुसार शाहरुख खान अब एक और धमाकेदार कोलेबोरेशन करने जा रहे हैं। किंग खान अब एक देसी अवतार में, गांव की कहानी पर बेस्ड पॉलिटिकल ड्रामा में नजर आने वाले हैं। मिड डे की एक रिपोर्ट के अनुसार इस फिल्म में शाहरुख हीरो नहीं, बल्कि एक एंटी-हीरो की रोल में नजर आएंगे और इस फिल्म को पुष्पा फ्रैंचाइजी के डायरेक्टर सुकुमार डायरेक्ट करने वाले हैं। शाहरुख खान पहले किंग का शूट करने वाले हैं और फिर पठान 2 पर काम करेंगे। जबकि सुकुमार के खाते में भी बड़े प्रोजेक्ट्स हैं। इसलिए शाहरुख-सुकुमार का प्रोजेक्ट शुरू होने में अभी काफी समय है. साउथ के फिल्ममेकर एटली के साथ धमाकेदार ब्लॉकबस्टर देने के बाद सुकुमार के साथ भी शाहरुख यकीनन एक और रिकॉर्डतोड़ हिट देना चाहेंगे।

**अभियान** | 9 माह से अंतरिक्ष में फंसी सुनीता और बैरी को लेकर धरती पर पहुंचेगा

# सुनीता को लेने पहुंचा स्पेस एक्स का अंतरिक्ष यान

**वाशिंगटन, जेएनएन।** स्पेसएक्स ड्रैगन कैप्सूल इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से डॉक किया जा चुका है यानि जोड़ा जा चुका है। उससे चार अंतरिक्ष यात्री इस स्टेशन पर भेजे गए। अब यही यान 9 महीने से अंतिरक्ष स्टेशन में फंसी हुई सुनीता विलियम्स और उनके साथी बैरी बुच विल्मोर को लेकर पृथ्वी पर लौटेगा। वापसी का ये काम कुछ घंटे बाद शुरू हो जाएगा। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर जून 2024 में बोइंग के स्टारलाइनर कैप्सूल के साथ अंतराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन पर गए थे, लेकिन तकनीकी खामियों (हीलियम लीक और थ्रस्टर की समस्या) के कारण उनकी वापसी संभव नहीं हो सकी। क्या आपको मालूम है कि स्पेसएक्स कैप्सूल कैसा है, जिसको सुनीता विलियम्स और उनके सहयोगी को वापस लाने के लिए इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन भेजा गया है, एक अत्याधुनिक अंतरिक्ष यान है, जिसे स्पेसएक्स कंपनी ने डिज़ाइन और विकसित किया है। यह कैप्सूल स्पेसएक्स के क्रू ड्रैगन अंतरिक्ष यान का हिस्सा है, जिसे नासा के वाणिज्यिक क्रू कार्यक्रम के तहत बनाया गया है। इसका उद्देश्य अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी से इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन तक ले जाना और वापस लाना है।

### स्पेसएक्स क्रू ड्रैगन कैप्सूल क्या है?



इसे एलन मस्क की स्पेसएक्स कंपनी ने बनाया है। ये निजी अंतरिक्ष कंपनी है। यह अंतरिक्ष यान मानव मिशनों के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो अंतरिक्ष यात्रियों को आईएसएस तक ले जाता है। उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाता है। क्रू ड्रैगन में अधिकतम 07 अंतरिक्ष यात्रियों के लिए जगह होती है, हालांकि नासा के मिशनों में आमतौर पर चार यात्रियों को ले जाया जाता है। इसे फाल्कन 9 रॉकेट के जरिए लांच किया जाता है, जो स्पेसएक्स का ही एक फिर से इस्तेमाल किया जाने वाला रॉकेट है।

### कैप्सूल क्यों कहते हैं?

इसका जवाब अंतरिक्ष यात्रा के इतिहास, डिज़ाइन और कार्यक्षमता में छिपा है। कैप्सूल शब्द अंग्रेजी में छोटे, बंद और सुरक्षात्मक ढांचे को बताता है, अंतरिक्ष यानों में यह नाम उनके कॉम्पैक्ट, गोलाकार या अंडाकार डिज़ाइन के कारण पड़ा। क्रू ड्रैगन का आकार एक छोटे, गोल-मटोल ढांचे जैसा है, जिसकी ऊंचाई लगभग 8.1 मीटर (बूस्टर के साथ) और चौड़ाई 4 मीटर है। ये पारंपरिक हवाई जहाज या स्पेस शटल से अलग, एक बंद और मजबूत कंटेनर जैसा दिखता है, जो इसे कैप्सूल की श्रेणी में लाता है।

### पायलट की जरूरत होती है?

अंतरिक्ष यात्री जरूरत पड़ने पर इसे मैनुअली संचालित कर सकते हैं। वैसे तो ये खुद अपने आप चल सकता है, मिशन में शामिल अंतरिक्ष यात्री (जैसे कमांडर या पायलट) इसे एक बैकअप के तौर पर मॉनिटर करते हैं और आपात स्थिति में हस्तक्षेप कर सकते हैं।



### कितना समय लगता है

क्रू ड्रैगन कैप्सूल 14 मार्च 2025 को फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से फाल्कन 9 रॉकेट के साथ लांच हुआ। ये 15 मार्च 2025 को आईएसएस के साथ सफलतापूर्वक डॉक हो गया। लांच से लेकर आईएसएस तक पहुंचने में इसे लगभग 24 से 28 घंटे लगे। यह समय सामान्य है।

# स्पाइन सर्जरी से राहत पाएं



**डॉ. मोहम्मद फैजान स्पाइन सर्जन, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल नागपुर**

**जबलपुर।** डॉ. मोहम्मद फैजान, स्पाइन सर्जन मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल नागपुर ने बताया कि स्पाइन सर्जरी एक स्वस्थ और सक्रिय जीवन जीने का दूसरा मौका देती है, जिससे पीठ और गर्दन के दर्द से राहत मिलती है। विभिन्न प्रकार की स्पाइन सर्जरी अलग-अलग आवश्यकताओं को पूरा करती हैं, जैसे कि फ्यूज़न, डिस्केक्टोमी, लैमिनेक्टोमी और फॉरैमिनोटॉमी। एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी एक मिनिमली इनवेसिव विकल्प है, जिसमें छोटे चीरों और कैमरों का उपयोग करके हर्निएटेड डिस्क और स्पाइनल स्टेनोसिस जैसी समस्याओं का इलाज किया जाता है। उन्होंने आगे बताया की, विशेषज्ञ स्पाइन सर्जन उन्नत तकनीकों और प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हैं, जिससे व्यक्तिगत देखभाल और बेहतर परिणाम सुनिश्चित होते हैं। जब पारंपरिक उपचार पर्याप्त राहत प्रदान करने में असफल होते हैं, तब स्पाइन सर्जरी पर विचार किया जा सकता है। यदि लक्षण लंबे समय तक बने रहते हैं या बिगड़ते हैं और दैनिक जीवन को गंभीर रूप से प्रभावित करते हैं, तो सर्जिकल हस्तक्षेप की आवश्यकता हो सकती है। हर्निएटेड डिस्क, डिजेनरेटिव डिस्क डिजीज, स्कोलियोसिस, स्पॉन्डिलोलिस्टेसीस, स्पाइनल स्टेनोसिस, सियाटिका, स्पाइनल फ्रैक्चर, स्पाइनल इन्फेक्शन, स्पाइनल ट्यूमर, पुराना पीठ या गर्दन का दर्द, नसें दब जाना, स्पाइनल डिफॉर्मिटीज जैसी विभिन्न स्थितियों का इलाज करने के लिए स्पाइन सर्जरी की जाती है।

## बाजार पर नजर



शेयर बाजार में आज

74,190

+361

### Nifty 50 Top Gainers

| Scrip | High | %Gain |
|---|---|---|
| Dr Reddys Labs | 1,154.10 | 3.86% |
| Bajaj Finserv | 1,880.90 | 3.55% |
| SBI Life Insura | 1,441.30 | 3.51% |
| Trent | 5,179.90 | 2.73% |
| Axis Bank | 1,039.00 | 2.37% |

### Nifty 50 Top Losers

| Scrip | Close | %Loss |
|---|---|---|
| Wipro | 258.90 | -1.57% |
| Britannia | 4,600.00 | -1.13% |
| BPCL | 258.31 | -1.13% |
| Hero Motocorp | 3,461.60 | -1.02% |
| ITC | 407.00 | -1.00% |

### फोरेक्स रेट

| मुद्रा | बिक्री |
|---|---|
| $ डॉलर | 86.80 |
| € यूरो | 94.61 |
| ¥ येन | 05.83 |
| £ पौंड | 112.43 |

# फरवरी में थोक महंगाई बढ़कर 2.38% हुई खाने के सामान सस्ते पर प्रोडक्ट महंगे हुए

### ब्लूमबर्ग कमोडिटी प्राइस इंडेक्स जनवरी में 4.1 प्रतिशत और फरवरी में 9.2 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित महंगाई दर फरवरी में मामूली बढ़कर 2.38 प्रतिशत हो गई है, जो जनवरी में 2.31 प्रतिशत थी। विनिर्मित वस्तुओं की कीमत में बढ़ोतरी के कारण ऐसा हुआ। हालांकि ईंधन की कीमत कम रहने के कारण महंगाई दर में वृद्धि का अंतर कम रहा। बहरहाल सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि खाद्य वस्तुओं की कीमत और कम हुई है।

वाणिज्य मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों से पता चलता है कि विनिर्मित उत्पाद की श्रेणी में महंगाई दर बढ़कर फरवरी में 2.86 प्रतिशत हो गई, जो जनवरी में 2.51 प्रतिशत थी। सूचकांक में विनिर्मित वस्तु का अधिभार 64.2 प्रतिशत होता है। महंगाई की वजह विनिर्मित वस्तु श्रेणी जैसे खाद्य उत्पादों (11.06 प्रतिशत), सब्जियों और घी (33.6 प्रतिशत) में तेजी रही। इसके अलावा तंबाकू (2.74 प्रतिशत), कागज के उत्पाद (2.1 प्रतिशत), रसायन एवं रासायनिक उत्पाद (1.26 प्रतिशत) और स्टील व सेमी फिनिश्ड स्टील (0.51 प्रतिशत) व अन्य की कीमत भी बढ़ी है।

केयर रेटिंग्स में मुख्य अर्थशास्त्री रजनी सिन्हा ने कहा कि औद्योगिक धातुओं की कीमत में तेजी की वजह से विनिर्मित वस्तुओं के दाम बढ़े हैं क्योंकि कुछ बेस मेटल की कीमत तेजी



से बढ़ी है और इसकी वजह से औद्योगिक धातु की कीमतों में तेजी आई है। उन्होंने कहा, 'ब्लूमबर्ग कमोडिटी प्राइस इंडेक्स जनवरी में 4.1 प्रतिशत और फरवरी में 9.2 प्रतिशत बढ़ा है। इससे 6 महीने से चल रही सुस्ती की स्थिति बदली है। आगे चलकर भूराजनीतिक प्रगति और वैश्विक व्यापार में अनिश्चितताएं महत्त्वपूर्ण हैं, क्योंकि इससे वैश्विक जिंस बाजार और आपूर्ति श्रृंखला पर उल्लेखनीय असर पड़ सकता है।'बहरहाल खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर फरवरी में घटकर 3.38 प्रतिशत रह गई है, जो जनवरी में 5.88 प्रतिशत थी।

### खाद्य महंगाई कम हुई

सिन्हा ने कहा कि खाद्य महंगाई दर की स्थिति अच्छी है और कृषि उत्पादन, रबी की फसलों की आवक और भंडारों की संतोषजनक स्थिति के कारण खाद्य महंगाई कम हुई है। बहरहाल ईंधन और बिजली की श्रेणी में अवस्फीति कम होकर फरवरी में -0.71 प्रतिशत रह गई है, जो जनवरी में -2.78 प्रतिशत थी। रसोई गैस की कीमत (0.9 प्रतिशत) कम हुई है। वहीं पेट्रोल (-4.1 प्रतिशत) और हाई स्पीड डीजल (-3.2 प्रतिशत) की कीमत माह के दौरान संकुचन क्षेत्र में रही। बैंक ऑफ बड़ौदा में मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस का कहना है कि प्रमुख महंगाई दर फरवरी में 1.3 प्रतिशत हो गई है, जो पहले 0.9 प्रतिशत थी।

इस पर मोटे अनाज (6.77 प्रतिशत), धान (5.17 प्रतिशत), गेहूं (9.58 प्रतिशत), दलहन (01.04 प्रतिशत), सब्जियां (-5.8 प्रतिशत), आलू (27.54 प्रतिशत), प्रोटीन वाले खाद्य जैसे अंडे, मांस और मछली (1.48 प्रतिशत) की कीमत में गिरावट का असर पड़ा है। वहीं प्याज (48.05 प्रतिशत) और फलों (20.88 प्रतिशत) की कीमत इस माह के दौरान बढ़ी है।

# इंफोसिस की सबसे बड़ी शेयर धारक हैं सुधा गोपालकृष्ण



**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत की प्रमुख आईटी कंपनियों में से एक इंफोसिस का स्वामित्व विविधीकृत है, जिसमें संस्थागत निवेशकों और व्यक्तिगत हितधारकों का योगदान है, जबकि मूर्ति परिवार एक महत्वपूर्ण शेयरधारक समूह बना हुआ है, वे अब कंपनी में सबसे बड़े शेयरधारक नहीं हैं। यह स्थान भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने ले लिया है। इसके अलावा, इंफोसिस में सबसे ज्यादा शेयर रखने वाली महिला सुधा मूर्ति नहीं हैं, बल्कि सुधा गोपालकृष्णन हैं। भारत की सबसे बड़ी जीवन बीमा कंपनी एलआईसी इंफोसिस में सबसे बड़ी शेयरधारक बनकर उभरी है। 9.531 प्रतिशत हिस्सेदारी यानी 395.77 मिलियन शेयरों के बराबर एलआईसी की होल्डिंग्स की कीमत करीब 8,694 करोड़ रुपये है। यह निवेश इंफोसिस की दीर्घकालिक संभावनाओं और वैश्विक आईटी क्षेत्र में इसके मजबूत प्रदर्शन में एलआईसी के दृढ़ विश्वास को दर्शाता है। संस्थागत निवेशकों की बढ़ती भूमिका एक विश्वसनीय और उच्च प्रदर्शन वाली परिसंपत्ति के रूप में इंफोसिस की अपील को उजागर करती है। एलआईसी के अलावा, कई अन्य प्रमुख संस्थागत निवेशक इंफोसिस में हिस्सेदारी रखते हैं, जो कंपनी के नवाचार और वैश्विक बाजार की स्थिति में उनके विश्वास को दर्शाता है।

### सुधा गोपालकृष्णन कौन हैं ?

इंफोसिस के सह-संस्थापक एस गोपालकृष्णन की पत्नी सुधा गोपालकृष्णन के पास 2.297 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जिसमें 95,357,000 शेयर हैं, जिनकी कीमत 2,095 करोड़ रुपये है। दंपति ने प्रतीक्षा ट्रस्ट की स्थापना की, जो एक चैरिटी संगठन है जो मस्तिष्क अनुसंधान पर ध्यान केंद्रित करता है। इंफोसिस की वेबसाइट के अनुसार, एस गोपालकृष्णन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास और भारतीय प्रबंधन संस्थान, बैंगलोर के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स में कार्यरत हैं। वे आईआईआईटी, बैंगलोर के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष हैं और चेन्नई मैथमेटिकल इंस्टीट्यूट के बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज में भी हैं। यद्यपि अब एलआईसी के पास सबसे बड़ी हिस्सेदारी है, फिर भी मूर्ति परिवार ने इन्फोसिस के स्वामित्व में महत्वपूर्ण उपस्थिति बनाए रखी है।

## चांदी पकड़ेगी रफ्तार सोना पड़ जाएगा फीका

**नई दिल्ली, जेएनएन।** कैलेंडर वर्ष 2024 के विपरीत इस वर्ष चांदी के मूल्य में सोने के मुकाबले ज्यादा वृद्धि रहने का अनुमान है। वैश्विक निवेश फर्म विजटमट्री ने ताजा रिपोर्ट में कहा है कि कैलेंडर वर्ष 2025 के दौरान चांदी के मूल्य में 23 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि हो सकती है। इस दौरान सोने के मूल्य में 17 प्रतिशत की वृद्धि होने की बात कही गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आपूर्ति में कमी और बढ़ती औद्योगिक मांग के कारण चांदी के मूल्य में सोने से ज्यादा वृद्धि होने की उम्मीद है। विजडमट्री ने रिपोर्ट में कहा है कि हम चांदी की क्षमता को लेकर आशावादी बने हुए हैं। इसका कारण यह है कि आपूर्ति में कमी और बढ़ती औद्योगिक मांग मजबूत अनुकूल परिस्थितियों के रूप में कार्य कर रही है।

## आरबीआई के आश्वासन से इंडसइंड बैंक का शेयर उछला

**मुंबई, जेएनएन।** पिछले हफ्ते इंडसइंड बैंक के शेयर में भारी गिरावट देखी गई। यह शेयर एक ही दिन में 27 प्रतिशत तक टूटकर 605 रुपये के स्तर पर आ गया। इसके बाद रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने शनिवार को जमाकर्ताओं को भरोसा दिलाया कि प्राइवेट सेक्टर का इंडसइंड बैंक अच्छी तरह से कैपिटलाइज्ड है और फाइनेंशियल रूप से स्टेबल है। इस खबर के बाद इंडसइंड बैंक का शेयर एनएसई पर 5.58 प्रतिशत बढ़कर 709.90 रुपये के दिन के हायर लेवल पर पहुंच गए। आरबीआई की तरफ से जारी बयान में कहा गया, बैंक अच्छी तरह से कैपिटलाइज्ड है और इसकी वित्तीय स्थिति संतोषजनक बनी हुई है। बैंक के शेयर में तेजी आरबीआई की तरफ से पुष्टि किये जाने के बाद आई।





### शेयर का 52 हफ्ते का हाई लेवल 1576 रुपये

इंडसइंड बैंक का शेयर सोमवार सुबह बीएसई पर 704.80 रुपये के लेवल पर खुला. इसके बाद यह 707.75 रुपये के हाई लेवल तक गया। लेकिन बाद में मुनाफावसूली के चलते इसमें गिरावट देखी गई और दोपहर के समय इसे 682 रुपये के लेवल पर कारोबार करते देखा गया. शेयर का बीएसई पर 52 हफ्ते का हाई लेवल 1,576 रुपये का है। दूसरी तरफ एनएसई पर यह शेयर सोमवार को 705 रुपये पर खुलकर 709.90 रुपये के हाई लेवल तक पहुंच गया। लेकिन बाद में यहां भी गिरकर 682.95 रुपये पर ट्रेंड करते देखा गया। गौरतलब है आरबीआई ने बताया कि 31 दिसंबर, 2024 को खत्म हुई तिमाही के लिए बैंक के लेखा परीक्षक द्वारा समीक्षा किए गए वित्तीय परिणामों के अनुसार, इंडसइंड बैंक ने 16.46 प्रतिशत का मजबूत पूंजी पर्यासता अनुपात और 70.20 प्रतिशत का प्रावधान कवरेज अनुपात बनाए रखा है। इसके अलावा 9 मार्च, 2025 तक बैंक का लिक्विडिटी कवरेज रेश्यो 113 प्रतिशत था, जो 100 प्रतिशत की नियामक जरूरत से ज्यादा है।

'इंडिया' का नाम बदलकर 'भारत' करने संबंधी मामला

# सुको के आदेश पर शीघ्र निर्णय ले केंद्र : हाईकोर्ट

**नयी दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने केंद्र से कहा है कि वह संविधान में संशोधन करने और 'इंडिया' शब्द के स्थान पर 'भारत' या 'हिंदुस्तान' का इस्तेमाल करने के लिए अभ्यावेदन पर विचार करने के उच्चतम न्यायालय के आदेश का शीघ्रता से अनुपालन करे। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने याचिकाकर्ता को इस संबंध में अपनी याचिका वापस लेने की अनुमति भी दे दी।

बारह मार्च को पारित आदेश में कहा गया, 'कुछ सुनवाई के बाद याचिकाकर्ता के वरिष्ठ वकील ने उच्चतम न्यायालय द्वारा तीन जून 2020 को पारित आदेश के अनुसार याचिकाकर्ता के अभ्यावेदन के निस्तारण के लिए संबंधित मंत्रालयों के साथ मामले को आगे बढ़ाने की अनुमति के साथ वर्तमान याचिका वापस लेने का अनुरोध किया है। वर्तमान याचिका वापस ली गई मानकर खारिज की जाती है।' इसमें कहा गया कि केंद्र के वकील को उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेश के शीघ्र अनुपालन के लिए संबंधित मंत्रालयों को उचित रूप से अवगत कराना चाहिए। याचिकाकर्ता ने शुरू में उच्चतम न्यायालय का रुख किया था, जिसने 2020 में निर्देश दिया था कि याचिका को एक अभ्यावेदन माना जाए, जिस पर उपयुक्त मंत्रालयों द्वारा विचार किया जा सकता है। इसके बाद याचिकाकर्ता नमहा ने वरिष्ठ अधिवक्ता संजीव सागर के माध्यम से उच्च न्यायालय में याचिका दायर करके प्राधिकारियों को उनके अभ्यावेदन पर निर्णय करने का निर्देश देने का अनुरोध किया।

# भारत का स्मार्टफोन निर्यात बढ़कर 1.75 लाख करोड़ के पार हुआ



**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत से मोबाइल फोन निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 के पहले 11 महीनों में 1.75 लाख करोड़ के रिकॉर्ड स्तर को पार कर गया है। यह आंकड़ा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव के अनुमान से भी ज्यादा है। उन्होंने निर्यात 20 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद जताई थी, जबकि अभी साल खत्म होने में एक महीना और बाकी है।

### निर्यात में आईफोन का दबदबा

इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन के मुताबिक, यह आंकड़ा पिछले वित्त वर्ष के पहले 11 महीनों की तुलना में 54 फीसदी अधिक है। स्वतंत्र अनुमानों के अनुसार, एप्पल इंडिया इस निर्यात में सबसे बड़ा योगदानकर्ता है। राज्य और केंद्र को उपलब्ध कराए गए वेंडर्स के डेटा के आधार पर एप्पल का निर्यात 1.25 लाख करोड़ तक पहुंच चुका है। इस दौरान कुल स्मार्टफोन निर्यात में आईफोन का योगदान 70 फीसदी रहा। इस वित्त वर्ष में स्मार्टफोन निर्यात का एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर यह रहा कि अक्टूबर 2024 से हर महीने 2 अरब डॉलर से ज्यादा का निर्यात लगातार बना हुआ है। २०23 में सबसे ज्यादा मासिक निर्यात 1.64 अरब डॉलर था, जबकि २०24 में यह 1.9 अरब डॉलर तक पहुंचा था।

### अमेरिका बना सबसे बड़ा खरीदार

वर्तमान में अमेरिका और यूरोप भारत से स्मार्टफोन निर्यात के सबसे बड़े गंतव्य बने हुए हैं। स्मार्टफोन निर्माण में मिली सफलता से उत्साहित सरकार अब इस उद्योग को और मजबूत करने प्रोडक्शन-लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम पर विचार कर रही है। विचाराधीन इस योजना का उद्देश्य मूल्यवर्धन को बढ़ावा देना और एमएसएमई के लिए ग्लोबल सप्लाई चेन से जुड़ने के बड़े अवसर पैदा करना है। अनुमानों के मुताबिक, भारत के कुल स्मार्टफोन निर्यात का 50-55 फीसदी हिस्सा अमेरिका जाता है, जिसमें एप्पल आईफोन का सबसे बड़ा योगदान है। दिलचस्प बात यह है कि इस साल स्मार्टफोन भारत से अमेरिका को निर्यात किए जाने वाला सबसे बड़ा उत्पाद बन गया है, जो हार्मोनाइज्ड सिस्टम कोड्स के आधार पर गैर-औद्योगिक हीरों को भी पीछे छोड़ चुका है। स्मार्टफोन निर्यात भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ताओं का भी हिस्सा है, क्योंकि दोनों देश द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देकर व्यापार को और बढ़ाने की दिशा में काम कर रहे हैं।

## कैबिनेट की बैठक आज

**विंस भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार के मंत्रिपरिषद की बैठक मंगलवार 18 मार्च को आहुत की गई है।

विधानसभा परिसर में होने वाली इस बैठक में कई अहम फैसलों पर मुहर लगने की संभावनाएं है। जानकारी के अनुसार कैबिनेट की बैठक में सरकार द्वारा लिए गए फैसलों से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा होगी। विशेष तौर पर सीएम डॉ. मोहन यादव द्वारा की गई घोषणाओं पर मुहर लगाई जा सकती है। इसके अलावा सरकार बीते माह सम्पन्न हुई जीआईएस को लेकर लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों को लेकर भी अहम निर्णय ले सकती है।

## अहमदाबाद में फ्लैट से 95 किलो सोना 60 लाख जब्त

**अहमदाबाद, जेएनएन।** अहमदाबाद के पालडी इलाके में आविष्कार अपार्टमेंट के एक बंद फ्लैट पर एटीएस और डीआरआई ने सोमवार को छापा मारा। इस दौरान स्टॉक मार्केट संचालक के बंद फ्लैट से 95.5 किलो सोना और 60 लाख रुपए की नकदी जब्त की। दोनों एजेंसियों ने पूर्व सूचना के आधार पर छापेमारी की कार्रवाई की। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार यह फ्लैट मेघ शाह और महेंद्र शाह का है। दोनों स्टॉक मार्केट ऑपरेटर हैं। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गुजरात एटीएस और डीआरआई की टीम ने अहमदाबाद शहर के पालडी स्थित आविष्कार अपार्टमेंट और पास के एक बंगले पर छापा मारा। गुजरात एटीएस के एक अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार, हमें आज सूचना मिली जिसके आधार पर केंद्रीय एजेंसी के सहयोग से छापेमारी की गई।

# एमपी में नहीं रुक रहा अमानक दवाओं का सिलसिला, दो महीने में चार सैंपल हुए फेल

### हेल्थ कॉरपोरेशन ने लगाया दो साल का प्रतिबंध, वर्ष 2024 में भी मिलीं थी कई दवाईयां अमानक

कार्यालय संवाददाता, भोपाल। मप्र में अमानक दवाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस वर्ष जनवरी से लेकर अब तक चार अलग अलग जिलों में अमानक दवा के मामले सामने आए हैं। जानकारी अनुसार दो महीने में चार दवाओं के सैंपल जांच में अमानक पाए गए हैं। विभिन्न औषधि प्रयोगशालाओं से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर मप्र पब्लिक हेल्थ कॉरपोरेशन ने इन दवाओं की सप्लाई पर दो साल का प्रतिबंध लगाया दिया है। अमानक पाई गई दवाओं में पैरासिटामोल, विटामिट बी टेबलेट, एनेस्थीसिया इंजेक्शन शामिल है। आपको बता दें कि मप्र में सरकारी अस्पतालों में दवाओं की आपूर्ति के लिए एक पूरा सिस्टम बनाया गया है। जिसकी मॉनीटरिंग मप्र पब्लिक हेल्थ कॉरपोरेशन करता है। इसके द्वारा तीन स्तरों पर दवाओं की जांच की जाती है, बावजूद इसके अमानक दवाएं अस्पतालों तक पहुंच रही हैं।





### इंदौर में मिलीं थीं नौ दवाईयां अमानक डॉक्टरों ने की थी कार्रवाई की मांग

वर्ष 2024 में मध्य प्रदेश पब्लिक हेल्थ सर्विसेज कॉरपोरेशन ने नौ जीवन रक्षक दवाओं के बैचों को अमानक मानकर बैन किया था। यह निर्णय अगस्त 2024 में लिया गया, जब इंदौर के एमजीएम मेडिकल कॉलेज के हॉस्पिटल की शिकायत के बाद 12 दवा सैंपलों में से एक, नॉरएड्रेनालाईन,गुणवत्ता जांच में असफल पाया गया। इसके बाद, फेंटेनाइल, हेपारिन, डोपामाइन, एट्रोपिन सहित कुल नौ दवाओं के विशिष्ट बैचों पर प्रतिबंध लगाया गया। ये दवाएं गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के इलाज में उपयोग की जाती हैं, और इनके अमानक होने से मरीजों की सुरक्षा को खतरा पैदा हो सकता था।

"जांच रिपोर्ट में जो भी दवाएं अमानक पाई गई हैं, उनको ब्लेकलिस्ट कर दिया गया है। हम तीन स्तर पर जांच करने के बाद ही दवा को स्वीकार करते हैं। इस प्रक्रिया में आगे कुछ और बदलाव कर रहे हैं, जिससे अमानक दवाओं की सप्लाई को पूर्ण रूप से रोका जा सके।

■ **मयंक अग्रवाल**, एमडी मप्र पब्लिक हेल्थ कॉरपोरेशन

### जनवरी से अब तक ये चार दवाएं पाई गईं अमानक

- **थियामाइन टेबलेट आईपी** 100 एमजी की भोपाल स्थित प्रयोगशाला में जांच की गई। जिसकी रिपोर्ट 9 अगस्त 2024 को आई। रिपोर्ट में इस दवा को अमानक पाया गया। इस आधार पर शासन ने इस प्रोडक्ट और इसकी कंपनी सेंचूरियन रेमिडीस प्राइवेट लिमिटेड को 16 जनवरी को वर्ष 2025 से 2027 तक ब्लेकलिस्टेड कर दिया है।
- **विटामिन बी1, बी2, बी6, बी12,** कैल्शियम पेंथोनॉल, फोलिक एसिड, विटामिन सी और बायोटीन के सैंपल की जांच मंदसौर जिला अस्पताल के सिविल सर्जन द्वारा कराई गई थी। रिपोर्ट में यह दवाएं भी अमानक पाई गईं। हेल्थ कॉरपोरेशन ने इन दवाओं की सप्लाई को 28 जनवरी के दिन आदेश जारी करते हुए अगले दो वर्ष के लिए प्रतिबंधित कर दिया है।
- **ब्यूपीवैकेइन हाइड्रोक्लोराइड इंजेक्शन** रेडिएंट पेरेन्टेरल्स लिमिटेड वडोदरा (गुजरात) ने सप्लाई की थी। उज्जैन जिला अस्पताल में यह इंजेक्शन देने के बाद भी मरीजों के हिस्से सुन्न नहीं हुए, दर्द होता रहा। तब अधीक्षक ने सैंपल सेंट्रल ड्रग लेबोरेटरी कोलकाता को भेजा। इंजेक्शन के बैच आई-7बी24004 व आई-7बी24005 अमानक मिले। इस कंपनी के विरुद्ध भी दो साल की प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।
- **पैरासीटोमोल पीडियाट्रिक ओरल सस्पेंशन** 15 एमएल के सैंपल की जांच शाजापुर जिला सीएमएचओ ने जबलपुर की प्रयोगशाला में कराई थी। रिपोर्ट में सैंपल अमानक पाया गया। इस आधार पर शासन ने अगले दो वर्षों के लिए प्रतिबंध लगा दिया।

# नागपुर में पथराव, आगजनी गाड़ियों में तोड़फोड़, कई घायल

### औरंगजेब का पुतला फूंकने के बाद हिंसा, डीसीपी को कुल्हाड़ी मारी

**नागपुर, जेएनएन।** औरंगजेब कब्र विवाद में महाराष्ट्र के नागपुर के महल इलाके में सोमवार रात 8.30 बजे दो पक्षों में हिंसा हो गई। विश्व हिंदू परिषद ने औरंगजेब का पुतला फूंका था, इसके बाद हिंसा भड़की। अधिकारियों ने बताया कि अफवाह फैली कि प्रदर्शनकारियों ने पुतले के साथ एक धार्मिक पुस्तक जलाई है। इससे दो पक्षों में पथराव हुआ। कई गाड़ियों में तोड़फोड़ हुई। दो जेसीबी में आग लगाई गई। पुलिस ने बवाल कर रहे लोगों को रोकने के लिए आंसू गैस के गोले भी छोड़े हैं। डीसीपी निकेतन कदम पर कुल्हाड़ी से हमला किया गया। हिंसा में कई लोग घायल हैं। पुलिस ने 55 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया है। नागपुर डीसीपी अर्चित चांडक ने कहा, गलतफहमी के कारण यह घटना हुई है। स्थिति कंट्रोल में है। सभी से अपील है कि बाहर न निकलें। पत्थरबाजी न करें। कुछ पुलिस कर्मी घायल हुए हैं। मेरे पैर में भी हल्की चोट आई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शांति व्यवस्था बहाल करने के लिए पुलिस की 20 टीमें बनाई गई हैं। इधर, छत्रपति संभाजी नगर में एहतियातन औरंगजेब की कब्र पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।



नागपुर के महल इलाके में हिंसा के बाद आगजनी।

### पुलिस बोली-घरों में पत्थर फेंके

यह घटना चिटनिस पार्क और महल इलाके में हुई। अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार चिटनिस पार्क से शुक्रवारी तलाव रोड बेल्ट हिंसा से सबसे अधिक प्रभावित थी, जहां दंगाइयों ने कुछ चार पहिया वाहनों को आग के हवाले कर दिया। घरों पर भी पत्थर फेंके गए। पुलिस हजारों की संख्या में मौजूद भीड़ को तितर-बितर करने की कोशिश कर रही है।

### मुंबई में सुरक्षा बढ़ाई गई

नागपुर में दंगे की घटना के बाद मुंबई में पुलिस सुरक्षा बढ़ा दी गई है। मालवणी, भिंडी बाजार, कुर्ला, शिवाजी नगर-मानखुर्द और अंटॉपहिल जैसे मुस्लिम बहुल इलाकों में पुलिस को सतर्क कर दिया गया। मुंबई पुलिस ने भी विभिन्न इलाकों के सभी धर्मों के प्रमुख लोगों से संपर्क कर अफवाह पर विश्वास नहीं रखने की अपील की है।

## होली मनाओ, दो पैग ज्यादा पियो : भूपेन्द्र

**विसं भोपाल।** सरकार में मंत्री रहे एवं वरिष्ठ विधायक भूपेन्द्र सिंह का सोशल मीडिया में वायरल एक वीडियो चर्चा का विषय बन गया है। वीडियो होली मिलन समारोह का है,जिसमें सिंह यह कहते सुने जा रहे है कि भैया आज होली मनाओ दो पैग ज्यादा पियो। इस पर उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने कटाक्ष करते हुए कहा कि हेमंत कटारे ने कहा कि, डिप्रेशन का इलाज दवा से होता है दारू नहीं।

खुरई विधायक सिंह का वायरल वीडियो 8 सेकंड का बताया जा रहा है। जिसमें भूपेन्द्र सिंह यह कहते नजर आए कि भैया होली मनाओ दो पेग ज्यादा पियो। शेयर किया गया वीडियो संभवतः पुराना है। भूपेंद्र सिंह ने इस बयान पर अब तक सफाई भी नहीं दी है।



कटारे ने सोशल मीडिया में भूपेन्द्र सिंह के वीडियो को साझा करते हुए लिखा कि -एक तरफ सरकार शराबबंदी की बात कर रही है, तो दूसरी तरफ भाजपा नेता भूपेंद्र सिंह 2 पैग ज़्यादा मारने की सलाह दे रहे हैं। ग़ज़ब का दोहरा-चरित्र है। अपने अवैध शराब के कारोबार को बढ़ाने का इससे शानदार तरीका और क्या होगा। भूपेंद्र सिंह जी, डिप्रेशन का इलाज दवा से होता है, दारू से नहीं।

## धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने वाले पति पर एफआईआर

**जागरण, इंदौर।** शहर के विजयनगर में एक महिला ने अपने पति के खिलाफ थाने पहुंचकर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाते हुए मारपीट करने का केस दर्ज कराया है। महिला के मुताबिक दोनों ने प्रेम संबंध के चलते मंदिर में शादी की थी। पति जब एक मामले में जेल गया तब महिला को पता चला कि वह मुस्लिम है। परेशान होकर पीड़िता ने हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं की मदद ली। रविवार को थाने जाकर केस दर्ज कराया है। महिला की शिकायत पर विजयनगर पुलिस ने उसके पति इमरान उर्फ धनूराज नेगी, निवासी सोलंकी नगर के खिलाफ धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने को लेकर केस दर्ज किया है।

# मुंबई एयरपोर्ट पर 8.47 करोड़ रुपए का सोना जब्त

**मुंबई, जेएनएन।** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग ने 10 किलो सोना जब्त किया है। इसकी मार्केट वैल्यू 8.47 करोड़ रुपए है। एयरपोर्ट के तीन निजी स्टाफ को गिरफ्तार किया गया है। एयरपोर्ट स्टाफ अपने अंडर गारमेंट्स में ये सोना छिपाकर एयरपोर्ट से बाहर ले जाना चाहते थे। कस्टम विभाग ने 13 से 15 मार्च के बीच ये जब्तियां की हैं। सोमवार को इसकी आधिकारिक जानकारी दी गई। पहली जब्ती में एयरपोर्ट के निजी स्टाफ के पैंट की जेब से 6 कैप्सूल मिले। इनमें 2.8 किलो के 24 कैरेट सोने का पाउडर भरा हुआ था। दूसरी जब्ती में एक अन्य निजी स्टाफ के पास से भी अधिकारियों को 2.9 किलो 24 कैरेट सोने का पाउडर मिला, जिसकी कीमत 2.36 करोड़ रुपए है। तीसरी जब्ती में एक अन्य कर्मचारी को पकड़ा गया। उसने अंडर गारमेंट्स से 1.6 किलोग्राम 24 कैरेट सोने के पाउडर से भरे दो पाउच बरामद किए गए, जिनकी कीमत 1.31 करोड़ रुपए है। कचरे की थैलियों में 3.1 ग्राम सोने का पाउडर मिला दो अन्य मामलों में कस्टम अधिकारियों ने प्लेन के टॉयलेट और पेंट्री के कचरे से भरे थैलों की तलाशी के दौरान काले रंग की दो थैलियों में 3.1 ग्राम सोने का पाउडर मिला। इसकी कीमत 2.53 करोड़ रुपए है।

# डीबीटी से योजनाओं की राशि के बंदरबांट पर लगा लगाम : संतोष

## कशियार गांव में वित्तीय सुरक्षा के प्रति किया जागरूक




**मऊगंज ब्यूरो।** ग्राम पंचायत कशियार गांव मे ग्राम पंचायत के सचिव श्रीनिवास पांडे द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एलडीएम मऊगंज ज्योत्सना अग्रवाल एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच प्रतिनिधि सौरभ पांडे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में असिस्टेंट काउंसलर फाइनेंशियल लिटरेसी( आरोह फाउंडेशन) संतोष कुमार मिश्र उपस्थित रहे ।

### बैंक खाता सुरक्षित रखने दी जानकारी

सर्वप्रथम श्री मिश्र ने बैंक से संबंधित योजनाओं की चर्चा की जैसे खाते में नॉमिनी की आवश्यकता खाते में मोबाइल लिंक करना भारत सरकार द्वारा जन सुरक्षा अभियान के तहत प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा अटल पेंशन योजना एजुकेशन लोन सहित कई अन्य बैंकिंग की योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई और कहां गया कि बैंक से जुड़कर सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लिया जा सकता है क्योंकि आज वर्तमान में कोई भी राशि डायरेक्ट हितग्राही के खाते में आती है ताकि बीच में कोई बंदर बाट न कर सके इसलिए आप लोग अधिक से अधिक बैंकिंग योजनाओं का लाभ ले वर्तमान में प्रधानमंत्री आवास का पोर्टल खुला हुआ है। कोई अजनबी व्यक्ति फोन के माध्यम से आप से आवास की बात करता है तो आप बिल्कुल उससे बात न करें क्योंकि वर्तमान में बहुत फ्रॉड हो रहा है इसलिए बहुत सतर्क रहने की आवश्यकता है किसी भी अजनबी व्यक्ति को अपनी कोई गोपनीय जानकारी फोन के माध्यम से शेयर नहीं करना है तथा मऊगंज में यूनियन बैंक की आरसेटी खुली हुई है जिसमें गरीबी रेखा में जीवन यापन करने वाले परिवारों को निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है इसलिए जो पात्रता श्रेणी में हो तो प्रशिक्षण प्राप्त कर बैंक से लोन लेकर अपने जीवन स्तर को सुधारने का प्रयास करें ।

### पात्र हितग्राही जनहित योजनाओं का लाभ उठाएं : एलडीएम

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एलडीएम मऊगंज श्रीमती अग्रवाल ने कहां की जो बैंकिंग योजनाएं आप लोगों को बताई गई इसका अधिक से अधिक आप लोग लाभ ले और एक बैंक से संबंधित कोई भी दिक्कत आती है आपका जायज काम नहीं होता है तो कृपया लिखित में आप आवेदन दें ताकि उसकी जांच कर हम त्वरित निराकरण कर सकें। जनता की भलाई के लिए ही हम लोग कार्य कर रहे हैं इसलिए आप लोगों को निराश होने की आवश्यकता नहीं है । सभी का काम आवश्यक रूप से पात्रता अनुसार सुनिश्चित किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सीएचओ डॉक्टर राजेश पटेल, एएनएम रामवती पांडे, रोजगार सहायक संगीता पांडे, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रामवती द्विवेदी, रेखा पांडे, रामवती पांडे, राजकली पटेल, जय श्री पांडे आशा कार्यकर्ता मीरा तिवारी, आयुष कुमार पांडे सहित कई अन्य महिला एवं पुरुष हितग्राही उपस्थित रहे । कार्यक्रम के अंत में ग्राम पंचायत के सचिव श्रीनिवास पांडे द्वारा आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया गया।

# खटखरी आगजनी की घटना के कारणों का अभी तक नहीं हो पाया है खुलासा : खुशी नंद गुप्ता



**हनुमना, नि.प्र.।** मऊगंज जिले एवं हनुमना नगर के मध्य में बसा हुआ ग्राम पंचायत खटखरी में द्वितीय बार आगजनी घटना को साजिश होने के आरोप खुशी नंद गुप्ता द्वारा लगाए गए हैं, उनका कहना है कि यह एक योजना अंतर्गत साजिश को दर्शा रहा है। आखिर मऊगंज जिले में अपराधियों को पुलिस का भय एकदम से लुप्त हो चुका है, इसके पूर्व खटखरी नगर की एक दर्जन दुकानें जलकर खाक हो गई। हफ्ते 10 दिन के अंदर दूसरी बार गुप्ता समाज के 6 दुकान में आग लग गई, अभी तक कोई सुराग नहीं मिल रहा है । कुछ दिनों में यह भी मसला ठंडा हो जाएगा । आगजनी के कारणों का पता लगाना आवश्यक है कि आरोपी कौन है कहां से आ रहे हैं क्यों कर रहे हैं। साथ ही श्री गुप्ता ने प्रशासन से आगजनी के कारणों का पता लगाकर यदि यह साजिश के तहत लगाई गई है यह बात जांच में निकलकर सामने आती है तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की है।

# भव्य शोभा यात्रा के साथ श्री राम कथा महोत्सव का आयोजन

## कथा व्यास वशिष्ठ पीठाधीश्वर ब्रह्मर्षि वेदांती महाराज के श्रीमुख से कथा श्रवण कर धन्य होंगे क्षेत्रवासी




**सेमरिया, नि.प्र.।** सेमरिया मुख्यालय से लगे अब्देलहां नाथ स्वामी ग्राम पटेहरा में 17 मार्च से 25 मार्च तक श्री लक्ष्मी नारायण मूर्ति प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में श्री राम कथा का भव्य आयोजन किया गया है जिसमें कथा व्यास वशिष्ठ पीठाधीश्वर ब्रह्मर्षि वेदांती महराज के श्रीमुख से कथा का रसपान क्षेत्रीय जन करेंगे। कथा व्यवस्थापक कृष्णाचार्य एवं मार्गदर्शन डॉक्टर राघवेश दास वेदांती महराज के द्वारा किया जा रहा है। भव्य शोभा यात्रा सेमरिया सिंगरौल पैलेस प्रांगण में राजेंद्र सिंह, दिवाकर सिंह, हंसराज सिंह सहित भक्त मंडल द्वारा महराज का भव्य स्वागत कर शोभा यात्रा की शुरुआत की गई। शोभायात्रा सेमरिया सतना तिराहा, बकियां तिराहा होते हुए शिवपुरवा,डढ़िया होते हुए कथा स्थल पटेहरा पहुंची। शोभायात्रा में कई सैकड़ों की तादात में वाहन सहित हजारों की संख्या में भक्त मौजूद रहे। जहां पूजन पश्चात महराज के द्वारा कथा का महात्म सहित प्रथम दिवस की कथा का श्रवण क्षेत्रवासियों को कराया। आयोजक सदस्य मनीष शुक्ला सहित भक्त मंडल सदस्य ने क्षेत्रीय जनता से विन्रम अनुरोध किया है कि कथा समय 2 बजे से सायं 6 बजे तक कथा का श्रवण कर अपने जीवन धन्य करें।

# दो साल से पन्नी की छाया के नीचे रहने को मजबूर हैं खटखरी के हनुमानजी

## क्षतिग्रस्त प्राचीन हनुमान मंदिर का पुनर्निर्माण नहीं करने दे रहे आसामाजिक तत्व

**जागरण, रीवा।** मऊगंज जिले के नईगढ़ी तहसील अंतर्गत खटखरी गांव में पिछले दो वर्षों से स्कूल टोला में हनुमानजी मंदिर के अभाव में पन्नी की छाया के नीचे रहने को मजबूर हैं। दरअसल दो वर्ष पहले इस स्थान पर बना प्राचीन मंदिर जर्जर होकर क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों में मिलकर मंदिर का मलबा हटाकर बांस गाड़कर हनुमानजी की सुरक्षा के लिए पन्नी तान दिया। तब से हनुमानजी इसी पन्नी के नीचे रह रहे हैं। गांव के लोग वहां पर



मंदिर का पुनर्निर्माण करना चाहते हैं लेकिन गांव के ही कुछ असामाजिक तत्व मंदिर का पुनर्निर्माण नहीं करने दे रहे हैं। खटखरी निवासी विजय कुमार दुबे ने बताया कि गांव के लोगों द्वारा जब भी मंदिर निर्माण का प्रयास किया जाता है असामाजिक तत्व विवाद करने लगते हैं। असामाजिक तत्वों के विरोध और विवाद के कारण हनुमान मंदिर का निर्माण नहीं हो पा रहा है। उन्होंने बताया कि मंदिर निर्माण में बाधा बन रहे असामाजिक तत्वों की शिकायत तहसीलदार एवं कलेक्टर से भी की गई और इसका निराकरण करने के लिए सीएम हेल्प लाइन में भी शिकायत की गई, लेकिन समस्या का समाधान नहीं निकला। श्री दुबे ने क्षेत्रीय विधायक से मांग की है कि वे इस मामले में दखल देकर मंदिर के पुनर्निर्माण में सहयोग दें।

# अंतर्राज्यीय फाग प्रतियोगिता में बरसे रंग

## फाग प्रतियोगिता में 25 टीमों ने लिया हिस्सा अंजली तिवारी की महिला टीम को मिला प्रथम स्थान




**गुढ़ ( नि.प्र )।** जिले के ऐतिहासिक कष्टहरनाथ नगरी गुढ़ में अंतर्राज्यीय होली मिलन फगुआ उत्सव, फाग प्रतियोगिता का आयोजन गुढ़ बाईपास स्थित अभिषेक मैरिज गार्डन भैरवबाबा मंदिर मोड़ में गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक नागेंद्र सिंह के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त कमिश्नर शिवेंद्र सिंह ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर विधायक प्रतिनिधि बाबूलाल यादव, नगर परिषद अध्यक्ष डॉ अर्चना सिंह, भारतीय जनता पार्टी मंडल गुढ़ के अध्यक्ष एड अनंत कुमार गुप्ता, रायपुर कर्चुलियान के अध्यक्ष अभिषेक सिंह, गोविंदगढ़ के अध्यक्ष प्रदीप कुमार त्रिपाठी रहे। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व जिला पंचायत प्रत्याशी अभिषेक सिंह शुभम द्वारा किया गया और सहयोगी के तौर पर सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायपुर कर्चुलियान के प्राचार्य सुनील सिंह और श्याम लाल कुशवाहा रहें । स्थान की व्यवस्था डॉ सुमंत सिंह के द्वारा की गई।

### फ़ाग प्रतियोगिता में इन मंडलियों ने हिस्सा लिया

इस फ़ाग प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश की कुल पच्चीस फाग मंडली ने हिस्सा लिया।कार्यक्रम में प्रतिभागी टीम के प्रदर्शन में स्थान चयन हेतु संगीत से संबंधित जानकारों की एक निर्णय देने हेतु कमेटी बनाई गई। जिसमें सदस्य के रूप में सुरेंद्र पाण्डेय, पुष्पराज सिंह, सुरेश चौरसिया, वरिष्ठ समाजसेवी राजकुमार मिश्रा, सेवा निवृत्त प्राचार्य उमाशंकर तिवारी एवं नगर परिषद गुढ़ की अध्यक्ष डॉ अर्चना सिंह शामिल रही। जिनके द्वारा प्रथम स्थान पर महिला फाग मंडली अंजली तिवारी की टीम को मिला, द्वितीय स्थान पर गुढ़ नगर की श्री कष्टहरनाथ फाग मंडली रही। वही तृतीय स्थान सुपेला सीधी की टीम को मिला।

### विजेताओं को मिला पुरस्कार

सभी सफल प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि विधायक द्वारा प्रथम स्थान पाने वाली टीम को 11000/- द्वितीय स्थान पाने वाली टीम को 7000/-एवं तृतीय स्थान पाने वाली टीम को 5000/- का नगद पुरस्कार एवं ट्रॉफी के साथ सम्मानित किया गया। साथ ही अन्य 22 सभी प्रतिभागियों को 2100/- प्रति प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार भी मुख्य अतिथि द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में पांच हजार की संख्या में स्थानीय लोग और दर्शकगण फाग प्रेमी, सनातन भाई शामिल हुए। कार्यक्रम में पूरे दर्शकों को स्वरूचिभोज,मिष्ठान की व्यवस्था आयोजक द्वारा की गई थी। जहां पर लोग फागोत्सव का आनंद लेने के साथ साथ प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए।

# अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज ने आज गंगेव बंद का किया आवाहन



**गंगेव, नि.प्र.।** मऊगंज हिंसा की घटना को लेकर जिस तरीके से ब्राह्मण परिवार के साथ बंधक बनाकर उसकी हत्या कर दी गई, हिंसा के विरोध आरोपियों के ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग पर अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज ने आज 18 मार्च को गंगेव बंद का आवाहन किया है। अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज ने सभी व्यापारी, सभी किसान भाइयों, से आग्रह है किया है कि वह इस जन आंदोलन में अपना सहयोग प्रदान करें और गंगेव बंद को सफल बनाएं जिससे भविष्य में ऐसे अपराध की पूर्णवृत्ति न हो और प्रशासन को कड़ी कार्रवाई करने के लिए मजबूर होना पड़े।

# पोड़ी गांव में सड़क निर्माण को मिली स्वीकृति, ग्रामीणों में हर्ष

**दुआरी, नि.प्र.।** विधानसभा क्षेत्र गुढ़ जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान तहसील गुढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत जल्दर पोड़ी गांव पहुंच मार्ग रामाश्रय कुशवाहा से केमला केवट के घर तक सड़क निर्माण कार्य कराए जाने हेतु करोड़ों रुपए राशि प्रदान कि गई है। इस विशेष सहयोग के लिए विधानसभा क्षेत्र गुढ़ के विधायक नागेन्द्र सिंह पोड़ी ग्रामवासियों द्वारा बड़े हर्ष के साथ तहेदिल से शुक्रिया अदा किया गया है, शुक्रिया अदा करने वालों में राजीव शर्मा, प्रमोद पांडे कृषि एवं अन्नदाता किसान सेवक, रामाश्रय कुशवाहा, राममणि पांडे, संजय गौतम, सतीश गौतम, गुड्डू रमाकांत द्विवेदी, रमाकांत गौतम, अमृतलाल गौतम, मुद्रिका गौतम, मोतीलाल कुशवाहा, राजेश कुशवाहा, संतोष विश्वकर्मा, कौशलेश कुशवाहा, भैयालाल गौतम आदि समस्त क्षेत्रीय जन शामिल हैं।

# यमुना प्रसाद शास्त्री महाविद्यालय के स्वयं सेवक अवन तिवारी हुए सम्मानित



**सेमरिया, नि.प्र.।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के राष्ट्रीय शिक्षा योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश राज्य स्तर नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में यमुना प्रसाद शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र अवन कुमार तिवारी को मेरा युवा भारत एवं डिजिटल साक्षरता के लिए युवा थीम पर पुरस्कृत किया गया। राज्य स्तर नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर का आयोजन अमरकंटक जिला अनूपपुर में 2 से 8 मार्च 2025 के मध्य हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय की तरफ से स्वयंसेवक अवन तिवारी ( बी. ए. तृतीय वर्ष ) को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मुख्यतः डॉ राकेश गौतम ने स्वयंसेवक अवन तिवारी को सम्मानित करते हुए प्रेरणा पुंज बताया। तथा अनुशासन, शिक्षा और नैतिकता पर विचार रखते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ शैलेन्द्र पाठक ने गौरव के साथ अवन तिवारी का आशीर्वचन के साथ स्वागत किया, उन्होंने अवन तिवारी द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में डॉ आर के पाण्डेय, डॉ डी के पाण्डेय ने प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में सभी प्राध्यापक, विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# मऊगंज एएसपी विक्रम सिंह परिहार ने संभाला पदभार



**मऊगंज ब्यूरो।** मऊगंज जिले के नए एएसपी विक्रम सिंह परिहार छतरपुर से रिलीव अपनी आमद सोमवार को दिए। आपको बता दें कि 5 मार्च को मऊगंज एएसपी अनुराग पांडेय का तबादला ग्वालियर बटालियन किया गया था जबकि उनकी जगह छतरपुर एएसपी विक्रम सिंह परिहार को मऊगंज भेजा गया था। बताया गया है कि मऊगंज के गड़रा में हए दोहरे हत्याकांड के बाद विक्रम सिंह को छतरपुर से रिलीव कर दिया गया वो इमरजेंसी में रविवार को ही मऊगंज आ गए लेकिन सुबह से प्रभारी मंत्री और डीजीपी के दौरे की वजह से जॉइनिंग नहीं दे पाए सोमवार को उनकी जॉइनिंग हुई है।

# विहिप ने श्री राम महोत्सव भव्य बनाने की समीक्षा बैठक



**नईगढी, नि.प्र.।** संघ कार्यालय मऊगंज मे विहिप की जिला बैठक 4 सत्रों में आयोजित हुई। श्रीराम दरबार छाया चित्र पर दीप धूप जलाकर प्रारम्भ हुई, पहले पूर्व कार्यो की समीक्षा के साथ आगामी कार्यों की योजना बनाने के साथ जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार हुआ। साथ ही आगामी 30 मार्च से 12 अप्रैल तक होने वाले श्री राम महोत्सव की तैयारी हेतु समीक्षा बैठक संपन्न हुई। साथ संगठन विस्तार की दृष्टि से अनिरुद्ध प्रताप सिंह को जिला उपाध्यक्ष, जयानारायण शुक्ला एवं रवि यादव को जिला संयोजक बजरंगदल,आशीष साकेत सह मंत्री, शिवम सिंह संयोजक, सुभाष पटेल सह संयोजक, ध्यानेंद्र तिवारी सत्संग प्रमुख, राकेश सिंह प्रखंड गौरक्षा प्रमुख विछरहटा, रावेन्द्र विश्वकर्मा को प्रखंड विद्यार्थी प्रमुख नईगढ़ी के साथ जिले के लगभग आधा सैकड़ा पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

# हनुमना के मुख्य बाजार से शराब की दुकान हटाए जाने की मांग

**हनुमना, नि.प्र.।** हनुमना नगर में कई वर्षों से शराब की दुकान मुख्य बाजार में संचालित होने के कारण नगर वासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, जिसके चलते महिलाओं को घर से बाहर निकलने में कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है । शराब की दुकान में आए दिन गाली गलौज एवं मारपीट होना एक आम बात सी हो गई है, वजह यह है कि शराब के दुकान के आसपास शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है, उसकी वजह यह है कि दुकान के आसपास कई दुकानें संचालित हैं जो उस दुकान में शराबियों को बैठाकर शराब पिलाना होता है, मध्य प्रदेश सरकार द्वारा कहा गया है कि मार्केट से हटकर शराब की दुकान होनी चाहिए, लेकिन ऐसा न होकर बीच बाजार में शराब की दुकान संचालित है। जो शासन के आदेशों की धज्जियां उड़ाकर हनुमना के बीच बाजार में शराब की दुकान खोली गई है । मजे की बात तो यह है इस शराब की दुकान के सामने एवं बगल में स्टेट बैंक एवं यूनियन बैंक स्थित है और पास में आचार्य जी का मंदिर होने के बावजूद भी शराब की दुकान संचालित है, जो हनुमना क्षेत्र के ग्रामीण से आए जनता बैंकों में आना-जाना लगा रहता है। बेचारे लोगों में डर भाय हमेशा लगा रहता है की चोरी जैसे वारदाते न हो जाए। लोगों द्वारा कहा जाता है अंग्रेजी शराब की दुकान बंद करने के लिए कई बार प्रेस के माध्यम से शासन को अवगत कराया गया लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। हनुमना नगर की जनता जनार्दन ने कलेक्टर मऊगंज से मांग की है हनुमना के मेंन बाजार से शराब की दुकान हटाई जाए नहीं तो हनुमना की जनता जन आंदोलन करने में बाध्य होगी, जिसकी पूरी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

# दबंगों को संरक्षण, दहशत में मुड़हा परिवार

**मनगवां, नि.प्र.।** मनगवां थाना क्षेत्र के ग्राम मनिकवार नं 2 में विगत 27 फरवरी को मुड़हा परिवार के घर हुई हत्या की जघन्य घटना से पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने उनका हाल जानने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद अखिलेश यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनोज यादव के निर्देशानुसार पार्टी का प्रतिनिधिमंडल सपा राष्ट्रीय सचिव शिव सिंह के नेतृत्व में सपा प्रदेश सचिव संतकुमार पटेल जिला अध्यक्ष अमरेश पटेल राष्ट्रीय सचिव सपा अधिवक्ता सभा एड अशोक यादव सपा राष्ट्रीय सचिव युवजन सभा राकेश कुमार यादव एवं सपा नेता राजेश यादव के साथ उनके घर पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल से पीड़ित परिवार ने बताया कि वर्ष 2023 में गांव के दबंगों ने परिवार की महिला सदस्य सहसकली की चाकुओं से गोदकर जघन्य तरीके से हत्या की थी। उस दौरान परिवार के जो सदस्य बचाव करने पहुंचे उनके साथ भी गंभीर मारपीट की गई। उनके घाव आज भी घटना की गंभीरता बता रहे हैं। पीडीए परिजनों ने यह भी बताया कि सहसकली की हत्या के पुलिस मामले में उसके ससुर हीरामणि वर्मा फरियादी के साथ-साथ मुख्य गवाह थे। न्यायालय में उनकी गवाही चल रही थी। दबंग मुकदमा वापस लेने व गवाही न देने की धमकी दे रहे थे। हीरामणि किसी भी सूरत पर राजीनामा के लिए तैयार नहीं थे। इस दौरान मिली धमकी के संबंध में पुलिस को सूचना भी दे चुके थे। पुलिस गंभीर नहीं हुई, अंततः परिणाम यह हुआ कि 27 फरवरी को जब वह खेत पानी लगाने पहुंचे तभी उन्हीं दबंगों ने धारदार हथियारों से जघन्य घटना को अंजाम दिया जिससे हीरामणि की मौत हो गई। सपा प्रतिनिधिमंडल से पीड़ित दहशतजदा परिवार ने बिलखते हुए न्याय की गुहार लगाते कहा कि दबंगों को बीजेपी का संरक्षण है। स्थानीय से लेकर जिले भर के प्रमुख भाजपा सरकार के जनप्रतिनिधि बचाव कर रहे हैं। हमारे घर कोई पीड़ा सुनने नहीं आया।

# शासकीय उचित मूल्य की दुकान चौखंडी में खाद्यान्न कालाबाजारी का आरोप



## विभागीय सह पर खाद्यान्न कालाबाजारी को मिल रहा बढ़ावा

**जवा ब्यूरो।** जवा तहसील अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्यादित चौखंडी की शासकीय उचित मूल्य की दुकान चौखंडी में पदस्थ विक्रेता सत्यदेव कुशवाहा पर ग्राम पंचायत चौखंडी वासियों ने कम तौल के साथ साथ व्यापक पैमाने पर की जा रही खाद्यान्न कालाबाजारी का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है । ज्ञात हो कि शासकीय उचित मूल्य की दुकान चौखंडी में ग्राम पंचायत चौखंडी तोमरन पुर्वा हरिजन बस्ती सहित कुल 1070 बीपीएल एपीएल कार्डधारी हितग्राहियों के साथ विद्यालयों एवं आंगनवाडी केन्द्रों माध्यान्ह भोजन योजना के तहत खाद्यान्न प्रदाय किया जाता है, उसके बावजूद विक्रेता खाद्य निरीक्षक सहित जिम्मेदार विभागीय अमले की मिली भगत के चलते कम तौल एवं व्यापक पैमाने पर खाद्यान्न कालाबाजारी को बढ़ावा मिल रहा है, जिसका खामियाजा निराश्रित गरीब बुजुर्ग महिलाओं एवं पुरुषों को भुगतना पड़ता है व हर महीने शासन की मंशानुरूप खाद्यान्न नही मिल पा रहा है। हितग्राहियों का आरोप है कि विक्रेता सत्यदेव कुशवाहा द्वारा खाद्यान्न कालाबाजारी एवं कम तौल 20 किलो में 18 किलो ही मिलता है जिसकी शिकायत 181 सहित खाद्य निरीक्षक जवा विनीत मिश्रा से की जा चुकी है उसके बावजूद हम लोगों नियमित हर माह खाद्यान्न नही मिल पा रहा है न ही किसी तरह की जांच ही हो रही है। ग्रामीणों ने खाद्य निरीक्षक पर मिली भगत का आरोप लगाते हुए कहा कि जांच के नाम पर घर बैठे फर्जी पंचनामा बनाकर जांच की कार्रवाई पूरी कर लिया जाता है जो गंभीर जांच का विषय है। निराश्रित गरीब वृद्ध विकलांग राशनकार्ड धारकों ने जिला कलेक्टर रीवा से शासकीय उचित मूल्य की दुकान चौखंडी में की जा रही खाद्यान्न कालाबाजारी की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच कराकर खाद्यान्न दिलाये जाने की गुहार लगाई है।

## केकेआर बनाम आरसीबी के बीच मैच से आईपीएल की होगी शुरुआत, दोनों टीमों ने बदले अपने कप्तान

# 2025 में खिताब का बचाव करने उतरेगी कोलकाता नाइटराइडर्स

आईपीएल के 18वें सीजन की शुरुआत 22 मार्च को डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच मुकाबले से होगी। यह मुकाबला कोलकाता के ईडन गार्डन में खेला जाएगा। पिछले सीजन में खिताब जीतकर आई केकेआर की टीम भी इस सीजन में नए कप्तान अजिंक्य रहाणे की अगुआई में टाइटल का बचाव करने के इरादे से उतरेगी। केकेआर पिछले सीजन में नौ जीत, तीन हार और बारिश से रद्द हुए मैचों से मिले दो अंकों के साथ ग्रुप चरण में शीर्ष पर रही थी। पहले क्वालिफायर में उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद को हराते हुए फाइनल में जगह बनाई थी। फाइनल में भी उन्होंने इसी टीम को हराया था और चैंपियन बने थे।

**विदेशी बेंच मजबूत :** रहाणे नए कप्तान के रूप में श्रेयस अय्यर और नितीश राणा के जाने के बाद खाली हुए जगहों में से एक में फिट होंगे, जबकि नए खरीदे गए क्विंटन डिकॉक, फिल साल्ट का शानदार विकल्प हैं। विदेशी बेंच मजबूत दिख रही है, जिसमें रहमानुल्लाह गुरबाज बैकअप ओपनर के रूप में हैं। मोइन अली और रोवमैन पॉवेल टीम को ताकत देंगे। स्टार्क की जगह लेने के लिए ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के स्विंग गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन, जिन्होंने पिछले सीजन में गुजरात टाइटंस के साथ आईपीएल में पदार्पण किया था, उन्हें साइन किया गया है। एनरिक नॉर्टजे विदेशी तेज गेंदबाज की जगह के लिए एक अच्छे अनुभवी उम्मीदवार हैं। रिंकू सिंह, रमनदीप सिंह और आंद्रे रसल के साथ निचले मध्यक्रम में, केकेआर डेथ ओवर्स की सबसे खतरनाक टीमों में से एक बनी हुई है और वे उम्मीद करेंगे कि वरुण चक्रवर्ती और हर्षित राणा अपनी हालिया अंतरराष्ट्रीय फॉर्म के साथ गेंदबाजी में और सुधार करें।

### इन खिलाड़ियों पर रहेंगी नजर

■ क्या रहाणे दिसंबर के अपने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी की फॉर्म को आगे बढ़ा सकते हैं। इस टूर्नामेंट में उनका शीर्ष स्कोरर के रूप में प्रदर्शन प्रभावित करने वाला था और उनका स्ट्राइक-रेट 164.56 भी खास था। आईपीएल 2023 में उन्होंने सीएसके के लिए ओपनर्स और मिडिल ऑर्डर के बीच शानदार पुल का काम किया, और केकेआर इस सीजन में उसी संस्करण के प्रदर्शन को चाहेंगे।

■ कर्नाटक के विकेटकीपर बल्लेबाज लवनीथ सिसोदिया शीर्ष क्रम में एक अप्रत्याशित विकल्प हो सकते हैं। इससे मोइन या पॉवेल के लिए जगह बन सकती है।



■ केकेआर के पास आईपीएल-2024 में बेहतरीन स्पिन आक्रमण था, और उन्होंने इसे 2025 के लिए रिटेन किया है। पिछले सीजन में उनके 38 विकेट थे, जो दूसरे स्थान पर रही टीम से आठ अधिक थे, और उनकी औसत (23.18) भी सबसे बेहतर थी। उनका इकॉनमी रेट (7.68) सीएसके के स्पिनरों से पीछे था।

■ डिकॉक ने तीन आईपीएल सीजन में 500 से अधिक रन बनाए हैं, और उनकी टीम हर बार प्लेऑफ में पहुंची है, जिसमें मुंबई ने 2019 और 2020 में दो बार खिताब भी जीते। लेकिन 2024 उनका सबसे खराब सीजन था। उन्होंने लखनऊ के लिए 250 रन बनाए।

**कोलकाता नाइट राइडर्स:** रिंकू सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नरेन, आंद्रे रसेल, हर्षित राणा, रमनदीप सिंह, वेंकटेश अय्यर, क्विंटन डीकॉक, रहमानुल्लाह गुरबाज, एनरिक नॉर्टजे, अंगकृष रघुवंशी, वैभव अरोड़ा, मयंक मार्कंडेय, रोवमैन पॉवेल, मनीष पांडे, स्पेंसर जॉनसन, लवनिथ सिसौदिया, अजिंक्य रहाणे (कप्तान), अनुकूल रॉय, मोइन अली, उमरान मलिक।

### नारायण-रसल फार्म में नहीं

नारायण और रसल इस टूर्नामेंट में अच्छी फॉर्म के साथ नहीं आ रहे हैं। जनवरी-फरवरी में आईएलटी-20 में बल्ले से उनका प्रदर्शन औसत था। नरेन ने अपने पिछले दस टी-20 मैचों में से छह में विकेट नहीं ले पाए हैं। हालांकि उन्होंने केवल चार बार ही 24 से अधिक रन दिए हैं। केकेआर ने इन दोनों हाई-इम्पैक्ट 36 वर्षीय खिलाड़ियों को रिटेन किया है और इस जोड़ी पर विश्वास जताया है कि वे बड़े मौकों पर प्रदर्शन करेंगे। लेकिन क्या वे हर सीजन में ऐसा करते रह सकते हैं। आंद्रे रसल पिछले सीजन में गेंद के साथ स्टार थे, उन्होंने केवल 29.2 ओवर में 19 विकेट लिए।

### केकेआर मैच शेड्यूल

| तारीख | विरुद्ध | स्थान |
|---|---|---|
| 22 मार्च | बेंगलुरु | कोलकाता |
| 26 मार्च | राजस्थान | गुवाहाटी |
| 31 मार्च | मुंबई | मुंबई |
| 03 अप्रैल | हैदराबाद | कोलकाता |
| 06 अप्रैल | लखनऊ | कोलकाता |
| 11 अप्रैल | सीएसके | चेन्नई |
| 15 अप्रैल | पंजाब | चंडीगढ़ |
| 21 अप्रैल | गुजरात | कोलकाता |
| 26 अप्रैल | पंजाब | कोलकाता |
| 29 अप्रैल | दिल्ली | दिल्ली |
| 04 मई | राजस्थान | कोलकाता |
| 07 मई | सीएसके | कोलकाता |
| 10 मई | हैदराबाद | हैदराबाद |
| 17 मई | आरसीबी | बेंगलुरु |

# विराट कोहली की टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को पहले टाइटल की तलाश

विराट कोहली की टीम आरसीबी अभी तक आईपीएल खिताब नहीं जीत पाई है। उसे अपने नए कप्तान रजत पाटीदार से नई कहानी की उम्मीद है। आरसीबी ने पिछले सीजन में पहले आठ में से सात मैच हारने के बाद लगातार छह मैच जीतकर प्लेऑफ में जगह बनाई थी। उन्होंने सीएसके को अंतिम मैच में हराते हुए नेट रन रेट के मामले में पछाड़ दिया था। हालांकि एलिमिनेटर में आरसीबी को राजस्थान रॉयल्स के हाथों हार झेलनी पड़ी।





### इन खिलाड़ियों पर रहेंगी नजर

■ जेकब बेथेल ने अपने खेल से काफी प्रभावित किया है। बेथेल की बड़े शॉट खेलने की क्षमता और बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी विकल्प होने के साथ ही उनका एक चुस्त फील्डर होना उन्हें इस टीम में ग्लेन मैक्सवेल का पूर्ण विकल्प बनाता है। 2022 में अंडर-19 वर्ल्ड कप के दौरान उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 42 गेंदों पर 88 रनों की पारी खेली थी। 2023 में टी-20 ब्लास्ट के फाइनल में उनका हैरतअंगेज कैच काफी वाइरल हुआ था, 2024 में उन्हें बर्मिंघम बियर्स के इतिहास में सबसे तेज अर्धशतक लगाते हुए 16 गेंदों पर नाबाद 56 रनों की पारी खेली। ऐसे में देखना है कि 2025 बेथेल के लिए क्या लेकर आता है।

■ रसिख डार के सामने क्रिकेट से काफी दूर चले जाने का खतरा पनप गया था, जब उन्हें उम्र में धोखाधड़ी के लिए दो साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया था। हालांकि जब उन्होंने वापसी की तो उन्हें पीठ में चोट लग गई। जम्मू-कश्मीर की अपनी राज्य की टीम में भी वह जगह नहीं बना पा रहे थे।

### 2025 में नया क्या है

अब तक की यात्रा में आरसीबी को अंतराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किसी खिलाड़ी को ही कप्तानी सौंपते देखा गया है, लेकिन इस बार उन्होंने रजत पाटीदार पर दांव खेला है। वह फाफ डुप्लेसी की जगह लेंगे, जिन्हें फ्रेंचादजी ने रिटेन नहीं किया था। दिनेश कार्तिक भी बल्लेबाजी मेंटॉर के रूप में उनके साथ जुड़े हैं, जो पिछले तीन सीजन उनके लिए खेले थे, लेकिन वह अब संन्यास ले चुके हैं। ओमकार साल्वी को गेंदबाजी कोच के तौर पर कोचिंग दल से जोड़ा गया है। कार्तिक जब केकेआर के कप्तान थे, तब साल्वी भी उस फ्रेंचाइजी का हिस्सा थे।

### अहम आंकड़े

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024-25 में कुल 11 बल्लेबाजों ने 300 से अधिक रन बनाए, लेकिन इनमें सबसे तेज रन रजत पाटीदार (186.08) ने बनाए जो कि 61.14 की औसत से सीजन में सर्वाधिक 428 रन बनाने वाले बल्लेबाज भी थे। उन्होंने सीजन में सर्वाधिक 27 छक्के भी लगाए थे। सैयद मुश्ताक अली में कम से कम 10 विकेट लेने वाले गेंदबाजों में भुवनेश्वर कुमार की 6.03 की इकॉनमी सबसे कम थी।

**कौन बाहर** जॉश हेजलवुड चोट के चलते बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के अंतिम दो टेस्ट नहीं खेल पाए थे और वह चैंपियंस ट्रॉफी से भी बाहर थे। हालांकि वह खेलने के लिए तैयार हैं, आरसीबी के लिए उन्होंने अंतिम बार 2023 में खेला था। बेथेल को भी भारत में वनडे सीरीज के दौरान उंगली में चोट लग गई थी। हालांकि वह चोट से अच्छी तरह से उबर रहे हैं।

### आरसीबी मैच शेड्यूल

| तारीख | विरुद्ध | स्थान |
|---|---|---|
| 22 मार्च | केकेआर | कोलकाता |
| 28 मार्च | सीएसके | चेन्नई |
| 02 अप्रैल | गुजरात | बेंगलुरु |
| 07 अप्रैल | मुंबई | मुंबई |
| 10 अप्रैल | दिल्ली | बेंगलुरु |
| 13 अप्रैल | राजस्थान | जयपुर |
| 18 अप्रैल | पंजाब | बेंगलुरु |
| 20 अप्रैल | पंजाब | चंडीगढ़ |
| 24 अप्रैल | राजस्थान | बेंगलुरु |
| 27 अप्रैल | दिल्ली | दिल्ली |
| 03 मई | सीएसके | बेंगलुरु |
| 09 मई | लखनऊ | लखनऊ |
| 13 मई | हैदराबाद | बेंगलुरु |
| 17 मई | केकेआर | बेंगलुरु |

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** विराट कोहली, रजत पाटीदार (कप्तान), यश दयाल, लियाम लिविंगस्टोन, फिल साल्ट, जितेश शर्मा, जोश हेजलवुड, रसिख डार सलाम, सुयश शर्मा, कृणाल पंड्या, भुवनेश्वर कुमार, स्वप्निल सिंह, टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, नुवान तुषारा, मनोज भंडागे, जैकब बेथेल, देवदत्त पडिक्कल, स्वास्तिक चिकारा, लुंगी एनगिडी, अभिनंदन सिंह, मोहित राठी।

## आईपीएल डायरी

# हरभजन सिंह के थप्पड़ से शाहरुख के झगड़े तक, लीग में भी हुए बड़े विवाद

आईपीएल 2025 की शुरुआत होने में अब सिर्फ पांच दिन शेष बचे हैं। यह 18वां सीजन है। इंडियन प्रीमियर लीग में क्रिकेट के साथ-साथ विवादों का भी दौर चलता रहा है। आईपीएल के नए सीजन के आगाज से पहले लीग में शीर्ष विवादों के बारे में जानते हैं। यह विवाद आईपीएल के अलग-अलग सीजन में देखने को मिले हैं।



### स्लैपगेट कांड

यह घटना आईपीएल के पहले सीजन में देखने को मिली थी। मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स इलेवन के बीच मैच के बाद श्रीसंत जोर-जोर से रोते नजर आए। बताया गया कि हरभजन सिंह ने उन्हें थप्पड़ मारा है। इसके बाद हरभजन को उस साल पूरे सीजन के लिए सस्पेंड कर दिया गया। यह आईपीएल की सबसे विवादास्पद घटनाओं में से एक है।

### ललित मोदी का निलंबन



माना जाता है कि आईपीएल के पीछे ललित मोदी का ही दिमाग था। हालांकि बाद में उनके ऊपर बीसीसीआई ने वित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगाया। इसके बाद ललित मोदी के ऊपर आजीवन प्रतिबंध लग गया। फिलहाल ललित मोदी भारत से फरार हैं।

### स्पॉट फिक्सिंग का तूफान (2013)

साल 2013 में आईपीएल का तूफान आया था। स्पॉट फिक्सिंग के इस मामले में श्रीसंत, अजीत चंडीला और अंकित चव्हाण पर आरोप लगे थे। इसमें सट्टेबाजी की बातें भी सामने आई थीं। इसके बाद आरोपी खिलाड़ियों पर आजीवन प्रतिबंध लगे थे। इसके अलावा लीग को लेकर भी नियम-कानून सख्त कर दिए गए।

### सीएसके और राजस्थान का निलंबन

आईपीएल के इतिहास में यह एक काला धब्बा रहा है। चेन्नई सुपरकिंग्स और राजस्थान रॉयल्स को दो साल के लिए आईपीएल से निलंबित कर दिया गया था। यह निलंबन सट्टेबाजी के आरोपों की जांच के बाद किया गया था। फैन्स और फ्रेंचाइजी दोनों को इससे बड़ा झटका लगा था।

### शाहरुख खान का झगड़ा (2012)



कोलकाता नाइटराइडर्स के सहमालिक शाहरुख खान को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में प्रवेश से प्रतिबंधित कर दिया गया था। सुरक्षाकर्मियों से शाहरुख के झगड़े के बाद यह प्रतिबंध पांच साल के लिए लगाया गया था। शाहरुख का कहना था कि वह अपने बच्चों को गलत व्यवहार से बचा रहे थे। वहीं, मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन प्रतिबंध को लेकर अड़ा रहा।

### गौतम गंभीर बनाम विराट कोहली



गौतम गंभीर और विराट कोहली के बीच झगड़े के बिना आईपीएल विवादों की लिस्ट अधूरी ही रहेगी। दोनों के बीच पहली बार भिड़ंत 2013 में केकेआर और आरसीबी के मैच के दौरान हुई थी। बाद में 2024 में भी फिर ऐसी ही घटना हुई। तब गंभीर लखनऊ के कोच थे और कोहली आरसीबी के लिए खेल रहे थे।

# वर्ल्ड नंबर 1 सबालेंका को हराकर 17 साल की एंड्रीवा ने जीता इंडियन वेल्स का खिताब

जेएनएन, इंडियन वेल्स (अमेरिका)

रूस की युवा मीरा एंड्रीवा और ब्रिटेन के जैक ड्रैपर ने अपने टेनिस करियर में पहली बार इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट में महिला और पुरुष एकल खिताब जीत लिया है। 17 साल की एंड्रीवा ने विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को 2-6, 6-4, 6-3 से हराकर बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब जीता। एंड्रीवा ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी की और 1999 में सेरेना विलियम्स के बाद टूर्नामेंट की सबसे कम उम्र की चैंपियन बन गई। टूर्नामेंट के फाइनल में यह सबालेंका की दूसरी हार है। इससे पहले उन्हें 2023 में फाइनल में एलिना रायबाकिना ने पराजित किया था।



### टॉप-10 में एंड्रीवा और ड्रेपर

ड्रेपर 23 वर्ष के हैं और इस जीत से वह विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल हो गए हैं। उन्होंने सेमीफाइनल में दो बार के गत चैंपियन कार्लोस अलकराज को हराया था। एंड्रीवा भी इस जीत से महिला रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंच गई है। यह उनका वर्तमान सत्र में दूसरा मास्टर्स 1000 खिताब है।



### ड्रेपर ने जीती पहली मास्टर्स 1000 चैंपियनशिप

13वीं वरीयता प्राप्त जैक ड्रेपर ने डेनमार्क के 12वीं वरीयता प्राप्त होल्गर रून को हराकर अपनी पहली मास्टर्स 1000 चैंपियनशिप जीती। एक घंटे नौ मिनट तक चले मुकाबले में 23 वर्षीय ड्रेपर ने शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा और दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी रून को 6-2, 6-2 से हराया।

# स्विस ओपनः सिंधू और लक्ष्य सेन नई शुरुआत करने उतरेंगे

**बासेल, जेएनएन।** स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन मंगलवार से शुरू हो रहे 2,50,000 डॉलर इनामी राशि के स्विस ओपन टूर्नामेंट में खोया फॉर्म हासिल करने की कोशिश करेंगे। सातवीं वरीयता प्राप्त दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू का सामना भारत की दूसरे नंबर की खिलाड़ी मालविका बंसोड़ से होगा। वहीं लक्ष्य भी भारत के ही एचएस प्रणय से खेलेंगे, जो यहां 2016 में खिताब जीत चुके हैं। तीन साल पहले यहां खिताब जीत चुकी सिंधू ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में पिछले सप्ताह पहले ही दौर में हार गई थी। मालविका ने हालांकि सिंगापुर की यिओ जिया मिन को हराया था। लक्ष्य ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे, जबकि प्रणय पहले दौर में बाहर हो गए थे। स्विस ओपन में भारतीयों का रिकॉर्ड अच्छा रहा है और सिंधू, के श्रीकांत, प्रणय, समीर वर्मा, साइना नेहवाल, पुरुष युगल में सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी यहां खिताब जीत चुके हैं। लक्ष्य और प्रणय का यह पेरिस ओलंपिक के बाद एक दूसरे से पहला मुकाबला होगा। पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहे लक्ष्य ने पिछले सप्ताह इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी को हराया था, जबकि चिकनगुनिया से उबरकर वापसी करने के बाद प्रणय शुरुआती दौर से ही बाहर हुए हैं।

## एटलेटिको मैड्रिड को हराकर बार्सिलोना शीर्ष पर

**मैड्रिड, जेएनएन।** बार्सिलोना ने दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके एटलेटिको मैड्रिड को 4-2 से हराकर स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा में फिर से पहला स्थान हासिल कर लिया। एटलेटिको 72 मिनट तक दो गोल से आगे था, लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाया। बार्सिलोना ने इसके बाद चार गोल किए। इनमें से दो गोल उसने इंजरी टाइम में किए। इस जीत से बार्सिलोना के 27 मैच में 60 अंक हो गए हैं। रियाल मैड्रिड के 28 मैच में 60 अंक है।

## लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 में मुक्केबाजी को मिली मंजूरी

**कास्टो नावारिनो (यूनान), जेएनएन।** लॉस एंजिलिस खेलों में मुक्केबाजी को शामिल करने का रास्ता साफ हो गया है। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के कार्यकारी बोर्ड ने मंगलवार से शुरू हो रहे 144वें सत्र से पहले इसे मंजूरी दे दी है। आईओसी ने पिछले महीने विश्व मुक्केबाजी को अस्थायी मान्यता दे दी थी, जिससे अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) को दरकिनार करके नई नियामक इकाई को अधिकार सौंपे गए थे। आईओसी के 18 से 21 मार्च तक चलने वाले सत्र में थॉमस बाख की जगह नए अध्यक्ष का भी चुनाव किया जाएगा। इसके साथ ही लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 में मुक्केबाजी को शामिल करने के कार्यकारी बोर्ड के फैसले को मंजूरी भी मिलेगी। बाख ने कार्यकारी बोर्ड की बैठक के बाद कहा, फरवरी में विश्व मुक्केबाजी को अस्थायी मान्यता मिलने के बाद हम यह फैसला लेने की स्थिति में थे।

## न्यूकासल ने जीता इंग्लिश लीग कप, 70 साल का इंतजार खत्म

**लंदन, जेएनएन।** न्यूकासल ने लिवरपूल को 2-1 से हराकर इंग्लिश लीग कप जीता। इस जीत के साथ टीम ने किसी घरेलू टूर्नामेंट को जीतने का 70 साल से चला आ रहा इंतजार खत्म किया। डैन बर्न और एलेक्जेंडर इसाक ने रविवार को वेम्बली में खेले गए फाइनल में न्यूकासल की तरफ से गोल करके उसकी जीत पक्की की। लिवरपूल के स्थानापन्न फेडेरिको चियासा ने इंजरी टाइम में गोल किया, लेकिन इससे वह हार का अंतर ही कम कर पाए। न्यूकासल के कप्तान ब्रूनो गुइमारेस ने कहा कि 70 साल बाद अब हम कह सकते हैं कि हम फिर से चैंपियन हैं। यह मेरे जीवन के सबसे अच्छे दिनों में से एक है। इससे पहले न्यूकासल की आखिरी प्रमुख घरेलू ट्रॉफी 1955 में एफए कप थी। उसने 1969 में इंटर-सिटीज फेयर्स कप जीता था। यह टूर्नामेंट अब बंद हो चुका है।




## रोहित की जगह मुंबई के कप्तान बनाए जाने पर पंड्या को नाराजगी का सामना करना पड़ा

# पिछले कुछ महीनों में समय का पहिया 360 डिग्री घूमा लेकिन मुश्किल परिस्थितियों में हार नहीं मानी : हार्दिक

जेएनएन, नई दिल्ली

भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में उनके लिए समय का पहिया पूरी तरह से 360 डिग्री घूम गया, लेकिन वह मुश्किल परिस्थितियों में हार नहीं मानने के अपने जज्बे के कारण मैदान पर डटे रहे। पिछले साल आईपीएल में रोहित शर्मा की जगह मुंबई इंडियंस का कप्तान नियुक्त किए जाने के बाद हार्दिक को दर्शकों की नाराजगी का सामना करना पड़ा। लेकिन इसके बाद उन्होंने भारत की टी-20 विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और आईपीएल के अगले सत्र की तैयारी में जुड़े इस ऑलराउंडर को उम्मीद है कि इस बार उन्हें मुंबई इंडियंस के प्रशंसकों का प्यार मिलेगा। हार्दिक ने 22 मार्च से



शुरू होने वाले आईपीएल के अगले सत्र से पहले कहा, मैं कभी हार नहीं मानता। मेरे करियर में कुछ ऐसे दौर भी आए जब मेरा ध्यान जीतने के बजाय खेल में बने रहने पर लगा था। उन्होंने कहा कि मुझे एहसास हुआ कि मेरे साथ जो कुछ भी हो रहा है क्रिकेट हमेशा मेरा सच्चा दोस्त बना रहेगा। मैंने खुद का समर्थन किया और जब मेरी कड़ी मेहनत रंग लाई तो यह उससे भी ज्यादा था जितना मैंने सोचा था। हार्दिक ने कहा कि इस छह महीने के समय में हमने विश्व कप जीता और स्वदेश लौटने पर जो प्यार और समर्थन मुझे मिला उससे मैं अभीभूत था। मेरे लिए समय का पहिया पूरी तरह से 360 डिग्री घूम गया था। इस 31 वर्षीय खिलाड़ी को पूरा विश्वास था कि अगर वह पूरे लगन से अपना काम करते रहे तो मजबूत होकर वापसी करेंगे। हार्दिक ने कहा कि मुझे बिल्कुल नहीं पता था कि ऐसा कब होगा, लेकिन जैसा कि कहा जाता है, नियति की अपनी योजना थी और मेरे मामले में, ढाई महीने के भीतर सब कुछ बदल गया।

## मई में वनडे और टी-20 मैचों की सीरीज के लिए पाक दौरा करेगा बांग्लादेश

**कराची, जेएनएन।** बांग्लादेश क्रिकेट टीम मई में सफेद गेंद की सीरीज के लिए पाकिस्तान का दौरा करेगी, जिसमें तीन वनडे और तीन टी-20 मैच खेले जाएंगे। सीरीज 11 अप्रैल से 18 मई तक होने वाले पाकिस्तान सुपर लीग के दसवें सत्र के बाद खेली जाएगी। यह सीरीज फ्यूचर टूर कार्यक्रम का हिस्सा नहीं थी, लेकिन दोनों टीमों की व्यस्तताओं के कारण इसे स्थगित किया गया। चैम्पियंस ट्रॉफी के दौरान बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष फारूक अहमद के पाकिस्तान दौरे के समय दोनों बोर्ड मई में सीरीज कराने पर राजी हुए। बांग्लादेश ने पिछले साल पाकिस्तान दौरे पर दो टेस्ट मैचों की सीरीज 2-0 से जीती थी।

## रिजवान नहीं खेलेंगे राष्ट्रीय टी-20 चैंपियनशिप



**कराची, जेएनएन।** बाबर आजम और नसीम शाह के बाद अब पाकिस्तान के वनडे कप्तान मोहम्मद रिजवान ने भी फैसलाबाद में चल रही राष्ट्रीय टी-20 चैम्पियनशिप नहीं खेलने का फैसला लिया है। रिजवान को रविवार को पेशावर में एक क्लब क्रिकेट मैच खेलते देखा गया, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैं। हाल ही में मक्का से उमरा करके लौटे रिजवान तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए न्यूजीलैंड जाने से पहले आराम करना चाहते हैं।

### खनिज प्रतिष्ठान न्यासमद से स्वीकृत कार्यों की समीक्षा बैठक आज

**रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यासमद से स्वीकृत कार्यों की समीक्षा बैठक 18 मार्च को प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभाकक्ष में आयोजित की गयी है। संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थिति के निर्देश दिये गये हैं।

### जिला नजूल निर्वर्तन समिति की बैठक आज

**रीवा।** कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जिला नजूल निर्वर्तन समिति की बैठक 18 मार्च को अपरान्ह एक बजे से आयोजित की गई है। मऊगंज कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में शासकीय नजूल भूमि आवंटन के प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। बैठक में संबंधित अधिकारियों को उपस्थिति के निर्देश दिये गये हैं।

# सुपर स्पेशलिटी के सेंट्रल पैथालॉजी की मशीनें कंपनी कर देती है बंद

## एचएसीएल के अधिकारियों की मनमानी से शाम 5 बजे के बाद नहीं हो पाती जांच



**जागरण, रीवा**

सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में स्थापित सेंट्रल पैथालॉजी में एचएसीएल कंपनी की मनमानी चल रही है। शाम 5 बजे के बाद जांच मशीनें बंद कर दी जाती हैं। मरीजों की जांच नहीं लग पाती। सोमवार को हल्ला मचा तो आनन फानन में दोबारा मशीनें चालू की गईं।

ज्ञात हो कि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल और संजय गांधी अस्पताल, जीएमएच में भर्ती मरीजों की जांच एचएसीएल कंपनी कर रही है। एचएसीएल को ही जांच की जिम्मेदारी मिली है। सेंट्रल पैथालॉजी स्थापित की गई है। जांच के बदले कंपनी को सरकार भुगतान करती है। यह राशि करोड़ों में होती है। अब जांच में कंपनी मनमानी और हेराफेरी कर रही है। मरीजों को मिलने वाली जांच की सुविधाओं में कमी की जा रही है। सोमवार को कंपनी की मनमानी पर हल्ला मच गया। सेंट्रल पैथालॉजी में ही संजय गांधी अस्पताल के पैथालॉजी विभाग के कर्मचारियों की भी जांच में ड्यूटी लगाई गई है। कंपनी हर दिन शाम 5 बजे सीबीसी, एलएफटी, आरएफटी सहित अन्य जांच की मशीनें बंद कर देती थी। सोमवार को भी कंपनी के अधिकारियों ने ऐसा ही किया। इसके बाद सारी जांच रुक गईं। अस्पताल के कर्मचारियों ने इसकी जानकारी एचओडी सहित विभाग के ग्रुप में साझा कर दी। इसके बाद हल्ला मच गया। कंपनी की करतूत उजागर हो गई। एचएसीएल की मनमानी जब सबके सामने आई तो हड़कंप मच गया। कुछ ही देर बाद दोबारा जांच मशीनों को चालू किया गया। इसके बाद मरीजों के सेम्पल जांच में लग पाए।

आपको बता दें कि एचएसीएल की मनमानी यहीं पर नहीं रुकती। अस्पताल में जगह जगह कलेक्शन सेंटर भी बनाए गए हैं। इन कलेक्शन सेंटरों को भी बंद कर दिया जाता है। 24 घंटे सेवाएं नहीं दी जा रही हैं। रात में कलेक्शन सेंटर से कर्मचारी गायब हो जाते हैं। मरीजों को जांच के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। कंपनी पर किसी तरह का लगाम अधिकारी नहीं लगा पा रहे हैं।

# बंधक बनाकर किशोरी से दुष्कर्म

## नईगढ़ी थाना क्षेत्र का मामला, फरियाद लेकर भटक रहा पीड़ित परिवार



**जागरण, रीवा।** मऊगंज के नईगढ़ी थाना अन्तर्गत एक किशोरी को बंधक बनाकर दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता और किशोरी का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ है जिसमें पीड़िता द्वारा अपने साथ हुये दुराचार के संबंध में बयान दिया गया है। आरोप यह भी है कि घटना दिनांक से करीब 4 दिन बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। अभी तक पीड़िता एवं उसके परिजन कार्यवाही की मांग को लेकर थाने की चौखट में नाक रगड़ रहे थे। बयान में पीड़िता ने बताया कि घटना दौरान तीन आरोपियों ने उसे जकड़ रखा था जबकि उन्हीं के एक साथी ने दुष्कर्म किया है। मिली जानकारी के मुताबिक नईगढ़ी क्षेत्र में रहने वाली किशोरी बीते 14 मार्च की शाम करीब 8 बजे अपने घर के बाहर बाड़ा में बकरी बांधने पहुंची थी। उसी दौरान पहले से ही घात लगाकर बैठे चार बदमाशों ने उसे दबोच लिया और बाड़ा के अंदर बंधक बना लिए। इस दौरान तीन बदमाशों ने युवती का हाथ पैर और मुंह दबा लिया जबकि एक अन्य बदमाश के द्वारा किशोरी को अपनी हवस का शिकार बनाया गया। घटना के दौरान जब किशोरी की चीख सुनी तो परिजन दौड़े-दौड़े आये। तभी बदमाशों ने परिजनों पर भी हमला बोल दिया। मारपीट के दौरान परिजन बदमाशों के सामने नही टिक पाये। इस बीच सभी बदमाश वहां से भाग निकले। वारदात को अंजाम देने वाले बदमाशों को किशोरी के परिजन पहचानते हैं, पीड़ित परिवार ने आरोपियों के नाम पुलिस को बताए हैं। जिसके बाद अब पुलिस मामला दर्ज कर कार्रवाई में जुटी हुई है।

# आज रीवा-मऊगंज में बंद का ऐलान



**जागरण, रीवा।** प्रदेश में बढ़ रहे ब्राह्मण समाज पर हमले के विरोध स्वरूप अखिल भारतीय ब्रह्मण समाज संगठन ने आंदोलन की चेतावनी देते हुए समाज अध्यक्ष पुष्पेन्द्र मिश्रा, जिलाध्यक्ष आशीष तिवारी ने बताया कि मंगलवार को मऊगंज में दो ब्राह्मणों की हत्या के विरोध व सीधी में युवक के साथ हुई मारपीट की घटना के विरोधस्वरूप रीवा शहर व मऊगंज बंद का आह्वान किया गया है। ब्राह्मण समाज प्रदेश अध्यक्ष पुष्पेन्द्र मिश्रा, संयोजक अंशुल मिश्रा, जिलाध्यक्ष मैहर अभिषेक पाण्डेय ने चेताया है कि उक्त कृत्य कारित करने वालों के घरों में जल्द ही बुल्डोजर नहीं चला तो वे लोग आत्मदाह करेंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी मप्र के शासन, प्रशासन की होगी।

### इन संगठनों ने दिया समर्थन

रीवा-मऊगंज बंद को लेकर ब्राह्मण समाज सहित सर्व संगठनों की प्रशासन के समक्ष बैठक हुई, जिसमें ब्राह्मण समाज के इस विरोध का समर्थन करते हुए विभिन्न संगठन में इस आंदोलन में सहभागी होंगे। अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के साथ ही जय हिन्द टीम, सपाक्स पार्टी इंजी संजय सिंह,आम आदमी पार्टी की ओर से राजीव सिंह शेरा, परशुराम जनकल्याण सेवा समिति, बजरंग दल, शिव सेना के अलावा व्यापारिक, सामाजिक संगठनों ने भी इस बंद महाअभियान में सहभागिता करने की पहल करते हुए मऊगंज में हुए हत्याकांड की घोर निंदा की है।

# इंस्टाग्राम में बनाया अपनी खुदकुशी का लाइव वीडियो

## पत्नी व सास पर प्रताड़ना लगाया आरोप, पांच दिन पूर्व की घटना

**जागरण, रीवा।** सिरमौर थाना क्षेत्र के मेहरा गांव में 13 मार्च के दिन एक युवक फांसी के फंदे पर झूलकर अपनी जान दे दिया था। घटना के बाद पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही थी वहीं अब पूरी घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर वायरल हुआ है। युवक ने अपने मौत का लाइव वीडियो बनाया था। आत्महत्या से पहले इंस्टाग्राम पर लाइव आकर युवक ने पत्नी पर मानसिक प्रताड़ना के आरोप लगाए, और बोला की उसकी आत्महत्या करने की वजह उसकी पत्नी व सास है। जिसके बाद युवक ने फांसी के फंदे में झूलकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना के बाद सामने आए इस लाइव वीडियो को अब सिरमौर पुलिस ने जांच में लिया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक सिरमौर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मेहरा निवासी शिव प्रसाद त्रिपाठी पुत्र सत्यप्रकाश त्रिपाठी 30 वर्ष ने घर के अंदर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया था। जिसके बाद मामले की जांच की जा रही थी। अब मृतक युवक के आत्महत्या करने के पहले इंस्टाग्राम में लाइव वीडियो सामने आया है, जिसमे वह पत्नी और पत्नी की मॉं पर गंभीर आरोप लगाता दिख रहा है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच नए सिरे से करते हुए वीडियो की सत्यता की जांच कर रही है।

# बाइकों में आमने सामने से टक्कर, 4 घायल

**रीवा।** मनगवां थाना क्षेत्र के मनिकवार चौकी अंतर्गत दो बाइकों के बीच हुई आमने सामने टक्कर में चार युवक घायल हो गए। हादसे में दो युवकों की हालत गंभीर है। घायलों को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक घटना लढ़ गांव के पास हुई। बताया गया कि बाइक क्रमांक एमपी 17 एमएन हीरो स्प्लेंडर व एमपी 17 एमवाई के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। अचानक हुए हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने सूचना पुलिस को दी जिसके बाद मौके पर मनिकवार पुलिस के साथ गुढ़ पुलिस भी पहुंच गई और तत्काल घायलों को एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। घायलों में ओंमकार द्विवेदी व छोटू गौतम निवासी सुमेदा की हालत गंभीर बताई जा रही है।

चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
कामता मेडिकल ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.) 9399312433 9981287311

BAL BHARATI SCHOOL
Sirmour Chowk, Rewa (M.P.)
Admissions - Academic Session 2025-26
Few vacant seats are available in classes Nursery & UKG, parents interested in admitting their ward to these classes are requested to contact the school office from 11 AM to 1 PM.
New academic session will commence from 02nd April 2025.
For more details, the office can be contacted on 07662251111 or 7225981895 (only on working days)

डॉ. निशा डायलिसिस सेंटर
पता- अग्रवाल नर्सिंग होम, खुटेही, रीवा
24/7 Our Services Dialysis (डायलिसिस)
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें 9174566996 7771009417 9302496943
नवीनतम मशीन द्वारा हीमो डायलेसिस
Hepatitis C (HCV) मरीजों के लिए अलग से समर्पित मशीन
अन्य सुविधाएं: 24x7 मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. ईशान गायेल • 24x7 स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रेनू यादव • वेंटिलेटर एवं Bipap • 24x7 मेडिकल स्टोर

किराये से देना है
शासकीय/प्राइवेट कार्यालय रेसीडेण्ट हेतु मकान
ग्राउण्ड फ्लोर में 1800 वर्ग फिट • प्रथम तल 1900 वर्ग फिट • पार्किंग 2400 वर्ग फिट • सामने 25 फिट की रोड
पता: नीम चौराहा से करहिया मण्डी रोड, गुलमोहर, पंचम पैलेस के सामने, रीवा
संपर्क करें 7400778579 डॉ. परिहार

कॉस्मेटिक स्किन एंड प्लास्टिक सर्जरी क्लीनिक
डॉ. सौरभ सक्सेना
एम.बी.बी.एस., एम.एस. (सर्जरी), MCH (प्लास्टिक सर्जरी)
07662.352194, 9827268788, 9825935433 (एमरजेन्सी नंबर)
समयः 4:00 PM से 7:30PM सोमवार से शनिवार, रविवार 12 PM- 02:00PM
पता-साक्षी मेडिकोज के बगल में, LIC क्र.-1 के नीचे, सिरमौर चौराहा, रीवा (म.प्र.)

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपतियों के लिए)
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा स्त्री एवं प्रसुति रोग
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

कैंसर OPD प्रतिदिन रीवा में
डॉ विनीत कुमार तिवारी (कैंसर सर्जन)
MBBS, MS (सर्जरी)
DrNB सुपरस्पेशलिटी (ऑन्को सर्जरी), FALS (रोबोटिक और मिनिमल एसेस सर्जरी)
पूर्व सर्जन, मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर (MICC) दिल्ली NCR एवं AIIMS भोपाल
कामता मेडिकल ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.) मो.: 9399312433, 9981287311

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
विशेषः- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गढ्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.-7247097637
परामर्श शुल्क 300/- सौन्दर्य क्लीनिक शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्पलेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

मिनर्वा द मेडिसिटी
मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रीवा
जन्मजात बाल्य हृदय रोग एवं बाईपास सर्जरी
आयुष्मान कार्ड के तहत निःशुल्क इलाज
दिनांक: 22,23,24 मार्च 2025
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैंड, रीवा (म.प्र.) 9893516364, 8770288324 टोल-फ्री नंबर:- 18008892250

द हार्ट क्लीनिक
डॉ. शिरीष मिश्रा
M.D. मेडिसिन, .D.N.B. कार्डियोलॉजी, कंसल्टेंट इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट
हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व कंसलटेन्ट - मैक्स हॉस्पिटल & B.L.कपूर हॉस्पिटल, नई दिल्ली
स्थान- आराध्या मेडिकल स्टोर फोन न.- 07662 454917 मोबाइल न.: 9752244218
व्यवस्थापक :- राहुल तिवारी निरंजन मेडिकल

Royal Kindle Global School
Association Montessori International (Netherland)
ADMISSION OPEN 2025-26
Call for more information + 91 9589736708
Office Timings: 8:00 am to 2:30 pm (Sunday Closed)
Royal Kindle Global School, Dainik Jagran Campus, Urrhat, Rewa (M.P.)
royalkindleschool@gmail.com
www.royalkindleglobalschool.com

विश्व स्तरीय ट्रैक्टर कंपनी से जुड़ने का सुनहरा मौका, वो भी किफायती कीमत में
दमदार 37 HP इंजन के साथ 3032
न्यू हालैण्ड ट्रैक्टर
आवश्यकता है
कम्प्यूटर ऑपरेटर- 1 पद | प्यून- 1 पद | मैकेनिक- 2 पद
साक्षी इंटरप्राइजेज
संपर्क करें: वाणसागर रोड,न्यू बस स्टैण्ड, रीवा | 7470844558, 7000969702

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com